CMYK

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 04°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 12 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 68 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 22 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



किस एसआईआर को सही माना जाए: अखिलेश

पेज 2



साइड स्ट्रेन के कारण पंत हुए एकदिवसीय सीरीज से बाहर

खेल टाइम्स



क्या ईरान के लिए अब परमाणु परीक्षण जरूरी है

सम्पादकीय



ट्रम्प को बताया गया ईरान पर हमले का प्लान

पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वतखोरी मामले में डब्ल्यूसीएल के अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को कहा कि उसने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के नीलजाई उप क्षेत्र स्थित नाइगांव ओपन कास्ट खदान के प्रभारी फोरमैन को 40,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दीपक जायसवाल के रूप में हुई है। सीबीआई ने कहा कि उसने आरोपियों के खिलाफ मिली शिकायत के आधार पर नौ जनवरी को मामला दर्ज किया था। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार यह मामला इस आरोप पर दर्ज किया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ता (जो स्वयं भी डब्ल्यूसीएल कर्मचारी है) के माध्यम से दो डब्ल्यूसीएल कर्मचारियों के आपसी तबादले में सुविधा प्रदान करने के लिए 50,000 रुपये (प्रत्येक 25,000 रुपये) की रिश्वत की मांग की थी। उन कर्मचारियों में से एक शिकायतकर्ता का रिश्तेदार था।

### सोनिया गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी, सेहत में सुधार

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन प्रमुख सोनिया गांधी को रविवार शाम सर गंगाराम अस्पताल से सेहत में सुधार होने के बाद छुट्टी मिल गई। ठंड और दिल्ली प्रदूषण के कारण अस्थमा से जुड़े लक्षण बढ़ने पर श्रीमती गांधी को पांच जनवरी को सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डाक्टरों के अनुसार उनकी सेहत में तेज़ी से हो रहे सुधार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दी गई है। श्रीमती गांधी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा उठाया था। पिछले कुछ महीनों में दिल्ली प्रदूषण की वजह से कई लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### उर्वरकों पर जीएसटी पांच प्रतिशत हो :आईएमएमए

**नई दिल्ली।** इंडियन माइक्रो- फर्टिलाइजर्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईएमएमए) ने केंद्र से आग्रह किया है कि 'फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर' के तहत अधिसूचित सभी उर्वरकों पर वस्तु एवं सेवा कर की दर को समान रूप से घटाकर पांच प्रतिशत किया जाए। एसोसिएशन ने केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अपनी बजट पूर्व सिफारिशों में उर्वरक क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी बनाने और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने के लिए बड़े नीतिगत सुधारों की मांग की है।

### हिंदी में संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बनने की क्षमता

**नई दिल्ली।** भारत-जापान सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने वाले पद्मश्री सम्मानित प्रोफेसर तोमियो मिजोकामी ने कहा है कि हिंदी भाषा में वह क्षमता है कि एक दिन यह संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा बन सकती है। प्रो. मिजोकामी ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा शनिवार को आयोजित विश्व हिंदी दिवस कार्यक्रम में एक बार फिर यह संदेश दिया कि हिंदी अब केवल भारत की भाषा नहीं रही, बल्कि वैश्विक भाषा बनती जा रही है।

# पीएसएलवी-सी 62/ईओएस-एन1 मिशन की उल्टी गिनती शुरू

**चेन्नई, वार्ता**



- मिशन सोमवार सुबह 10:17 पर आंध्र प्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा से उड़ान भरेगा
- नए साल में इसरो का यह पहला लॉन्च

**आंध्र प्रदेश स्थित** श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र में पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन 1 'पृथ्वी अवलोकन उपग्रह' अभियान और 15 अन्य उपग्रहों के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती रविवार सुबह शुरू हो गई है।

यह मिशन सोमवार सुबह (आज) 10:17 पर यह श्रीहरिकोटा से उड़ान भरेगा। नए साल में इसरो का यह पहला लॉन्च होगा। ईओएस-एन1, जिसे अन्वेषा भी कहा जाता है, एक भारतीय हाइपरस्पेक्ट्रल अर्थ इमेजिंग सैटेलाइट है, जिसे डीआरडीओ ने रणनीतिक रक्षा उद्देश्यों के साथ-साथ कृषि, शहरी मानचित्रण और पर्यावरण मूल्यांकन में नागरिक निगरानी के लिए बनाया है। इसरो ने कहा कि प्रक्षेपण प्राधिकरण बोर्ड (एलएबी) की मंजूरी मिलने और मिशन तैयारी समीक्षा (एमआरआर) से प्रक्षेपण की अनुमति मिलने के बाद, रविवार दोपहर 12:17 बजे 22 घंटे की उल्टी गिनती शुरू हो गई। इस अवधि के दौरान चार चरणों वाले इस रॉकेट में प्रणोदक (ईंधन) भरा जाएगा। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि मिलिए पीएसएलवी-सी62 से - यह पीएसएलवी की 64वीं उड़ान और पीएसएलवी-डीएल संस्करण का 5वां मिशन है। इसरो ने कहा कि वाहन और उपग्रहों के एकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है और प्रक्षेपण-पूर्व जांच और अंतिम जांच की प्रक्रिया निरंतर जारी रही हैं। पीएसएलवी-सी62 मिशन सोमवार सुबह 10:17 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा। पीएसएलवी 44.4 मीटर ऊंचा और 260 टन उड़ान द्रव्यमान वाला चार चरणों वाला रॉकेट है, जो ठोस और तरल प्रणोदकों (ईंधन) से संचालित होता है। यह इसरो का बहुमुखी, सबसे भरोसेमंद और सबसे अधिक काम आने वाला प्रक्षेपण यान है। ईओएस-एन1 और 14 अन्य उपग्रहों को 505 किमी की ऊंचाई पर 97.5 डिग्री के झुकाव के साथ सूर्य तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित किया जाएगा, जबकि केआईडी कैप्सूल को पुन: प्रवेश पथ पर भेजा जाएगा।

## कपसाड़ हत्या-अपहरण कांड

# ACJM की कोर्ट में हुए रूबी के बयान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- मेडिकल चेकअप भी कराया, पुलिस ने चुपचाप पेश किया, किसी को नहीं लगी भनक

**मेरठ।** सरधना थाना क्षेत्र के कपसाड़ गांव में हुई दलित महिला सुनीता की हत्या और उनकी बेटी रूबी के अपहरण के मामले में रविवार शाम कोर्ट में पेशी हुई।

रूबी को पुलिस ने चुपचाप एसीजेएम कोर्ट में पेश किया। करीब 50 मिनट तक रूबी के बयान दर्ज किए गए, जो कि सीलबंद लिफाफे में केस के विवेचक को सौंपे जाएंगे। यूपी के मेरठ जिले के सरधना के कपसाड़ गांव में पारस सोम ने अपने साथियों के साथ मिलकर सुनीता की हत्या कर दी थी और उनकी बेटी रूबी का अपहरण कर लिया -शेष पृष्ठ दो पर

# देश में मंदिर पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकतें आज भी मौजूद: पीएम मोदी

## सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर प्रधानमंत्री का तीखा प्रहार

**सोमनाथ/राजकोट। वार्ता**



- कहा : हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं

"आज उस इतिहास के बारे में कल्पना कीजिए, एक हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था, उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया, लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया...- **नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**गुजरात** के सोमनाथ मंदिर पर 1000 साल पहले हुए हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उस वक्त आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही ध्वजा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था। पीएम ने नेहरू का नाम लिए बिना कहा कि जब सरदार पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई।

दरअसल, 1951 में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के शामिल होने को लेकर जवाहरलाल नेहरू ने आपत्ति जताई थी। पीएम मोदी ने मंदिर से करीब 3 किमी दूर सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज भी ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटने की कोशिश में लगी हुई हैं। पीएम ने सुबह मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की। शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। मोदी शनिवार शाम सोमनाथ पहुंचे थे। यहां सोमनाथ मंदिर पर साल 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया गया। मोदी ने कहा आज उस इतिहास के बारे में कल्पना कीजिए, एक हजार साल पहले 1026 में गजनवी ने मंदिर को तोड़ा था। उसे लगा उसने सोमनाथ का वजूद मिटा दिया, लेकिन इसके बाद ही मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हो गया। इसके बाद खिलजी ने मंदिर तोड़ा, लेकिन जूनागढ़ के राजाओं ने फिर से मंदिर का पुनर्निर्माण करा दिया। ये भी संयोग है कि आज सोमनाथ आक्रमण के एक हजार साल पूरे हो रहे हैं और अब इसके पुनर्निर्माण के 75 साल भी पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ को नष्ट करने के एक नहीं, अनेकों प्रयास हुए। विदेशी आंक्राताओं द्वारा कई सदियों तक भारत को खत्म करने की कोशिशें होती रहीं, लेकिन न ही सोमनाथ नष्ट हुआ, न ही भारत। जब आक्रांता सोमनाथ पर हमला कर रहे थे, उन्हें लग रहा था कि उनकी तलवार सनातन सोमनाथ को जीत रही है, लेकिन वे मजहबी कट्टरपंथी यह नहीं समझ पाए कि जिस सोमनाथ को वे नष्ट करना चाहते थे।

### भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर: मोदी

**राजकोट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी ने कहा कि 2026 के आरंभ के बाद ये मेरा गुजरात का पहला दौरा है और सुखद इसलिए भी है, क्योंकि 2026 की मेरी यात्रा सोमनाथ दादा के चरणों में सिर झुकाकर शुरू हुई है और अब मैं राजकोट में इस शानदार कार्यक्रम में हिस्सा ले रहा हूं यानी विकास भी विरासत भी, ये मंत्र हर तरफ गूंज रहा है। 21वीं सदी का एक चौथाई हिस्सा बीत चुका है। बीते वर्षों में भारत ने बहुत तेज प्रगति भी की है और इसमें गुजरात की, आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है और जो आंकड़ें आ रहे हैं, उससे ये साफ है कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# उत्तराखंड में माइनस 22 डिग्री सेल्सियस तापमान, पांच जिलों में नदी-झरने जमे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- राजस्थान के फतेहपुर में -3.4 डिग्री सेल्सियस पारा, गाड़ियों पर बर्फ जमी
- दिल्ली में दो दिन भीषण शीतलहर
- यूपी में सर्द हवाएं लोगों को कंपा रहीं

**नई दिल्ली।** पहाड़ों से आ रही सर्द हवाएं मैदानी राज्यों में लोगों को कंपा रही हैं। राजस्थान और दिल्ली में इस सीजन सबसे ज्यादा सर्दी रिकॉर्ड हुई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ स्थित आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में शनिवार को तापमान माइनस 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में नदी और झरने जम चुके हैं।

दूसरी तरफ, राजस्थान के सीकर स्थित फतेहपुर में माइनस 3.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। इसके कारण कई हिस्सों में गाड़ियों पर बर्फ जम गई। यूपी में सर्द हवाएं लोगों को कंपा रही हैं। गोरखपुर, जौनपुर, बस्ती समेत 20 जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। सड़कों पर 10 मीटर दूर भी दिखाई नहीं पड़ रहा है। शनिवार को आजमगढ़ सबसे ठंडा रहा। यहां का पारा 3.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कोहरे के कारण गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 25 से ज्यादा ट्रेनें 5 से 10 घंटे लेट रहीं। गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी एयरपोर्ट पर 10 से ज्यादा फ्लाइटें लेट पहुंचीं। कश्मीर के शोपियां में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.2 डिग्री दर्ज किया गया। श्रीनगर में -5.7 डिग्री पारा रहा। यहां डल लेक सहित कई झीलों में पानी जम गया है। पहलगाम में न्यूनतम तापमान -7.8 डिग्री और गुलमर्ग में -6.8 डिग्री रहा।

### पालम क्षेत्र में रविवार सुबह सबसे ठंडी रही

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के पालम क्षेत्र में रविवार सुबह को हाल के वर्षों में जनवरी की सबसे ठंडी सुबहों में से एक दर्ज किया गया, जहां न्यूनतम तापमान 3.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2010 के बाद यह पालम में दर्ज किया गया दूसरा सबसे कम न्यूनतम तापमान है। इस अवधि में इससे अधिक ठंडा दिन सात जनवरी 2013 को रहा था, जब तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया था। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पालम में अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 11 जनवरी 1967 को दर्ज किया गया था, जब पारा शून्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया था। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में शीतलहर की स्थिति दर्ज की गई। आईएमडी अधिकारियों ने बताया कि कई मौसम केंद्रों पर न्यूनतम तापमान काफी नीचे दर्ज किया गया। आईएमडी के मुताबिक, पालम, रिज और आयानगर मौसम केंद्रों पर न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जो शहर में शीतलहर की स्थिति के मानकों को पूरा करता है। मौसम विभाग ने कहा कि ठंड का यह दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रहने की संभावना है।

# ग्रोक पर अब एआई से अश्लील तस्वीरें नहीं बनेंगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




- सूत्रों का दावा: एक्स ने गलती मानी
- 3,500 कंटेंट ब्लॉक किए, 600 से ज्यादा अकाउंट डिलीट

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कंटेंट मॉडरेशन में अपनी गलतियां स्वीकार की हैं। कंपनी ने कहा है कि अश्लील इमेज जनरेशन पर पूरी तरह से रोक लगाएगी और भारत के कानूनों का पालन करेगी। सरकार के सूत्रों के मुताबिक यह फैसला अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद लिया गया। प्लेटफॉर्म ने बताया कि उन्होंने 3,500 से ज्यादा कंटेंट ब्लॉक कर दिए हैं। साथ ही 600 से अधिक अकाउंट्स भी डिलीट कर दिए गए हैं।

दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबोट ग्रोक के गलत इस्तेमाल को लेकर आईटी मिनिस्टर को लेटर लिखा था। इसके बाद केंद्र सरकार ने उसी दिन एक्स से कहा था कि वह एआई एप ग्रोक से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एक्स ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि भारत हमारे लिए बड़ा बाजार है। कंपनी ने कहा कि वह यहां के नियमों का सम्मान करेगी। यह कदम कंटेंट मॉडरेशन को मजबूत बनाएगा। राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर इस मामले में फिर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने ग्रोक के माध्यम से आपत्तिजनक और यौन रूप से उत्तेजक इमेज जनरेशन को पूरी तरह से रोकने की बजाय केवल पेड यूजर्स तक सीमित कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम प्रभावी रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्वीरों के अनधिकृत दुरुपयोग की अनुमति देता है, जिससे उन्हें जोखिम में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म निंदनीय व्यवहार को मॉनिटाइज कर रहा है, यह शर्मनाक है। इससे पहले एक्स के मालिक एलन मस्क ने 3 जनवरी को कहा था कि कुछ लोग कह रहे हैं कि ग्रोक आपत्तिजनक तस्वीरें बना रहा है, लेकिन यह ऐसे है जैसे किसी बुरी बात को लिखने के लिए पेन को दोष देना। कलम यह तय नहीं करती कि क्या लिखा जाएगा। यह काम उसे पकड़ने वाला करता है। मस्क ने कहा कि ग्रोक भी उसी तरह काम करता है। आपको क्या मिलेगा, यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आप उसमें क्या इनपुट देते हैं। क्योंकि जिम्मेदारी टूल की नहीं, उसे इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति की होती है। शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबोट ग्रोक के गलत इस्तेमाल पर आईटी मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव को लेटर लिखा था। सोशल मीडिया खासकर एक्स पर, एआई के ग्रोक फीचर का गलत इस्तेमाल हो रहा है। कुछ पुरुष फर्जी अकाउंट बनाकर महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं और एआई से कपड़े छोटे दिखाने या तस्वीरों को गलत तरीके से पेश करने को कह रहे हैं। यह सिर्फ फेक अकाउंट तक सीमित नहीं है, बल्कि उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है, जो खुद अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं। यह बहुत गलत है और एआई का गंभीर दुरुपयोग है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि ग्रोक इस तरह की गलत डिमांड को मान रहा है। इससे महिलाओं की प्राइवेसी का उल्लंघन हो रहा है और उनकी तस्वीरों का बिना अनुमति इस्तेमाल किया जा रहा है।

# बुजुर्ग NRI कपल को 17 दिन डिजिटल अरेस्ट रख 15 करोड़ लूटे

**नई दिल्ली, वार्ता**

- ईडी अधिकारी बनकर वारदात को दिया अंजाम

**दिल्ली में एक** बुजुर्ग नॉन रेजिडेंट इंडियन (एनआरआई) कपल को 17 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 15 करोड़ रुपये की ठगी की गई है।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, ठगों ने खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताकर कहा था कि आपके खाते में ब्लैक मनी है। अब उनके पैसे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के जरिये वापस किए जाएंगे और पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई है। बुजुर्ग कपल ने शनिवार को दिल्ली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई। पीड़ित कपल डा. ओम तनेजा और उनकी पत्नी डा. इंदिरा तनेजा करीब 48 साल तक अमेरिका में रहे और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से जुड़े रहे। रिटायरमेंट के बाद 2015 में वे भारत लौटे थे और तब से ग्रेटर कैलाश-2 में रह रहे हैं। 77 साल की डा. इंदिरा तनेजा ने पुलिस को बताया कि उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने दावा किया कि उनके मोबाइल नंबर से आपत्तिजनक कॉल की गई हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि उनके बैंक खातों में काला धन पाया गया है और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा बचाओ मार्च के दौरान एनएसयूआई व पुलिस में झड़प

**वाराणसी।** कांग्रेस के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) द्वारा रविवार को 'मनरेगा बचाओ मार्च' निकाला जाना था। यह मार्च एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर से शुरू होकर प्रधानमंत्री के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय तक जाना प्रस्तावित था। पुलिस ने कई थानों की फोर्स और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिसर के अंदर ही सभी को रोक दिया। कई छात्रों को हिरासत में भी ले लिया गया है। पुलिस के अनुसार इस कार्यक्रम के लिए किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। छात्रों को रोकने पर वे पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। काफी समझाने-बुझाने के बावजूद वे रुकने को तैयार नहीं हुए। इस कारण कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। कुछ देर पहले पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने स्वयं फोर्स के साथ परिसर में मार्च किया। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है।

### लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी 60वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी और उनके नेतृत्व, सादगी और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में उनके योगदान को याद किया। शाह ने एक संदेश में कहा कि राष्ट्रीय संकट के समय दिया गया श्री शास्त्री का मशहूर नारा 'जय जवान, जय किसान', भारत की सेना की ताकत और देश की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने में किसानों की मुख्य भूमिका के बीच एक गहरा संतुलन दिखाता है।

# किस एसआईआर को सही माना जाए: अखिलेश

## केंद्रीय निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन के आंकड़े उलझाने वाले

शाह टाइम्स ब्यूरो



चुनाव आयोग पर उठाए सपा सुप्रीमो ने गंभीर सवाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर केंद्रीय चुनाव आयोग ने कराया, जबकि पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर राज्य चुनाव आयोग द्वारा कराया गया।

उन्होंने पूछा है कि जब दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते, तो फिर कौन सा एसआईआर सही है। रविवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि दोनों ही एसआईआर प्रक्रिया में हर जगह एक ही बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) लगाए गए, इसके बावजूद दोनों के आंकड़ों में बड़ा विरोधाभास सामने आया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा एसआईआर के बाद पूरे प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 2.89 करोड़ कम होकर 12.56 करोड़ रह गई, जबकि पंचायत एसआईआर के बाद ग्रामीण मतदाताओं की संख्या 40 लाख बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई। उन्होंने कहा कि ये दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते। अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से सीधा सवाल पूछा कि दोनों में कौन सा एसआईआर सही है और अगर एक ही प्रदेश में एक ही बीएलओ के जरिये किए गए एसआईआर में इतने विरोधाभासी आंकड़े सामने आ रहे हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के दबाव में काम कर रहा है और वोटर लिस्ट के नाम पर मताधिकार से वंचित करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि ष्भाजपा के दबाव में आप वोट लूट का एक्वेशन इक्वल करना भूल गए और आपकी पोल पूरी तरह से खुल गई। उन्होंने मांग की कि एसआईआर की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए और चुनाव आयोग तुरंत इस विरोधाभास पर स्थिति स्पष्ट करे, ताकि लोकतंत्र की निष्पक्षता और जनता के वोट के अधिकार की रक्षा हो सके।

# एनसीएपी को कानूनी रूप से और सशक्त बनाकर निधि बढ़ाने की जरूरत: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि वायु प्रदूषण राष्ट्रीय समस्या बन गई है इसलिए इसकी निगरानी के लिए बने राष्ट्रीय स्वच्छ हवा कार्यक्रम (एनसीएपी) का कानूनी आधार और मज़बूत कर अधिक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही इसका तत्काल पुनर्गठन किया जाना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां एक बयान में एनसीएपी की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि सैटेलाइट डेटा आधारित इस अध्ययन के अनुसार देश के 4,041 नगरों में से 1,787 शहर बीते पांच वर्षों में लगातार राष्ट्रीय मानकों से अधिक प्रदूषित रहे है। इसके बावजूद एनसीएपी के तहत केवल 130 शहरों को शामिल किया गया है, जो गंभीर रूप से प्रदूषित शहरों का महज चार प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि एनसीएपी को 'नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम' के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, जबकि वास्तविकता में यह एक 'नोशनल क्लीन एयर प्रोग्राम' बनकर रह गया है।



इससे जुड़े 130 शहरों में से 28 शहरों में आज तक वायु गुणवत्ता मापन के निगरानी स्टेशन नहीं हैं और जहां हैं, वहां भी प्रदूषण का स्तर बेहद चिताजनक है। कांग्रेस नेता ने एनसीएपी कानूनी दर्जा देने की मांग की और कहा कि इसके प्रभावी क्रियान्वयन की सख्त व्यवस्था के साथ ही एनसीएपी की मौजूदा फंडिग व्यवस्था को बढ़ाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि वर्तमान में इसके लिए लगभग 10,500 करोड़ रुपये के बजट को 131 शहरों में बांटा जा रहा है, जबकि वास्तविक ज़रूरत इससे 10 से 20 गुना अधिक की है। उन्होंने यह भी कहा कि एनसीएपी को कम से कम 25,000 करोड़ रुपये देकर देश के 1,000 सबसे अधिक प्रदूषित शहरों और कस्बों वह इसके दायरे में लाया जाना चाहिए। रमेश ने कहा कि एनसीएपी का प्रदर्शन मापने का पैमाना पीएम2-5 स्तर होना चाहिए।

# केरल की सत्ता के लिए मैच फिक्सिंग करते हैं वामपंथी-कांग्रेस: शाह

तिरुवनंतपुरम, वार्ता



केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) पर तीखा हमला करते हुए उन पर 'मैच फिक्सिंग', परस्पर समझौते और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि केरल में निश्चित तौर पर भाजपा की सरकार बनेगी।

शाह ने यहां स्थानीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ दशकों से राजनीतिक नाटक कर रहे हैं और जब भी चुनावी गणित की जरूरत पड़ी, दोनों एक-दूसरे के बचाव में खड़े हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच दशकों से यह चलन बना हुआ है कि जब कांग्रेस बहुमत हासिल नहीं कर पाती, तो वामपंथी उसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह जब त्रिपुरा में वामपंथियों को राजनीतिक समर्थन की जरूरत पड़ी, तो कांग्रेस ने उन्हें समर्थन दिया। शाह ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल और केरल में एक साथ चुनाव होने के कारण ही कांग्रेस और कम्युनिस्ट वहां औपचारिक गठबंधन में नहीं आए, अन्यथा दोनों वहां भी साथ चुनाव लड़ते। शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों शून्य सीटों की ओर बढ़ रहे हैं और वहां भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में है। केरल में भाजपा के संगठनात्मक विस्तार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने अब तक 30 ग्राम पंचायतें और दो नगरपालिकाएं जीती हैं।

## एफआईआर दर्ज कराने से लेकर 27 तरह की पुलिस सेवाएं घर बैठे मिल रही

# यूपीकॉप एप से बदली यूपी पुलिस की कार्यशैली

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ यूपीकॉप एप और सिटीजन पोर्टल अब आमजन के लिए थाने का डिजिटल विकल्प बनकर उभर रहा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के कार्यकाल में पुलिसिंग का तरीका तेजी से बदला है। तकनीक को आधार बनाकर शुरू की गई स्मार्ट पुलिसिंग के तहत यूपी पुलिस का यूपीकॉप एप और सिटीजन पोर्टल अब आमजन के लिए थाने का डिजिटल विकल्प बनकर उभर रहा है। एप के जरिए नागरिक घर बैठे एफआईआर दर्ज कराने से लेकर 27 तरह की पुलिस सेवाएं बिना थाने जाए प्राप्त कर रहे हैं, जिससे लोगों को बार-बार थाने के चक्कर लगाने से बड़ी राहत मिली है।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिसिंग को जनकेंद्रित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए टेक्नोलॉजी को प्रभावी तरीके से जोड़ा गया। इसका ही नतीजा है कि यूपीकॉप एप आज डिजिटल पुलिस स्टेशन के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एप के आने से न केवल सेवाएं आसान हुई, बल्कि निस्तारण में लगने वाला समय भी काफी घटा है। डीजीपी के अनुसार यूपीकॉप एप पर ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करना, एफआईआर कॉपी डाउनलोड करना, खोए सामान की रिपोर्ट लिखाना, चरित्र सत्यापन, किराएदार सत्यापन, घरेलू सहायक सत्यापन और कर्मचारी सत्यापन जैसी अहम सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब तक 50 लाख से अधिक लोगों ने इस एप को डाउनलोड किया है। वहीं एप के जरिए 2.1 करोड़ से ज्यादा एफआईआर की कॉपी डाउनलोड की जा चुकी है और 7.3 लाख से अधिक लोग खोए सामान की ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करा चुके हैं। यूपीकॉप एप को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए इसमें रीयल टाइम नोटिफिकेशन जोड़ा गया है, जिससे आवेदन की स्थिति तुरंत पता चल जाती है। यह एप हिदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। आपात स्थिति में मदद के लिए एसओएस बटन और लोकेशन ट्रैकिंग को अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा मैप पर नजदीकी थाना देखने की सुविधा भी दी गई है, जो संकट के समय मददगार साबित हो रही है। डीजीपी ने बताया कि सत्यापन प्रक्रियाओं में समय की बड़ी बचत हुई है। चरित्र सत्यापन अब करीब 6 दिन में, किराएदार सत्यापन लगभग 8 दिन में और कर्मचारी सत्यापन करीब 5 दिन में पूरा हो रहा है, जबकि पहले इन्हीं सेवाओं में कई गुना अधिक समय लगता था। राजीव कृष्ण ने कहा कि टेक्नोलॉजी आधारित सेवाओं से पुलिसिंग अधिक जवाबदेह हो रही है और नागरिकों को त्वरित न्याय व राहत देना ही स्मार्ट पुलिसिंग का उद्देश्य है।

### भविष्य की पुलिसिंग स्मार्ट, संवेदनशील होगी: राजीव कृष्णा

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के छठें स्थापना दिवस पर रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन परिसर, महानगर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्तर प्रदेश राजीव कृष्णा ने कहा कि लखनऊ पुलिस ने 2020 के बाद साइबर अपराधों को तकनीकी प्राथमिकता के रूप में विकसित किया है। इसके तहत समर्पित साइबर क्राइम थाना, साइबर सेल और हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। अपने सम्बोधन में डीजीपी राजीव ने उप निरीक्षकों को साइबर ठगी एवं आईटी एक्ट से जुड़ी विवेचनाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य की पुलिसिंग स्मार्ट, संवेदनशील और जन-विश्वास आधारित होगी। तकनीक साधन है, लेकिन सफलता की असली कसौटी आम नागरिक को शीघ्र न्याय और राहत देना है।



सेंसेक्स 85683.30
निफ्टी 26140.75

सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# कंपनियों के नतीजों, वैश्विक कारकों से तय होगी बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह 2.5 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर घरेलू स्तर पर कंपनियों के तिमाही परिणामों और वैश्विक कारकों पर होगी।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसम्बर) के आंकड़े आने शुरू हो गए हैं। सोमवार 12 जनवरी को प्रौद्योगिकी कंपनियों एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा समूह की टीसीएस के वित्तीय नतीजे जारी किए जाने हैं। इसके बाद 15 जनवरी को इसी क्षेत्र की इंफोसिस और 16 जनवरी को टेक महिंद्रा के नतीजे आएंगे। 17 जनवरी को एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के नतीजे आएंगे। कुछ और प्रमुख बैंकों के परिणाम भी सप्ताह के दौरान जारी किए जाने हैं। इसके अलावा निवेशक वैश्विक स्तर पर जारी व्यापार और भू-राजनीतिक उथल- पुथल पर भी नजर बनाए हुए हैं।

इस सभी कारकों का असर बाजार पर देखा जाएगा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,185.77 अंक (2.55 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 83,576.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी- 50 सूचकांक भी 645.25 अंक यानी 2.45 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में 25,683.30 अंक पर आ गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 2.34 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 3.08 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट रही। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर लाल निशान में और अन्य 11 के हरे निशान में रहे। ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 9.82 प्रतिशत टूट गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी 7.36 प्रतिशत लुढ़क गया। एचडीएफसी बैंक में 6.24 फीसदी, इंडिगो में 5.13, पावरग्रिड में 4.61, एनटीपीसी में 4.53, भारती एयरटेल में 3.77, आईटीसी में 3.73 और अडानी पोर्ट्स में 3.59 फीसदी की गिरावट रही।

# शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,63,412 करोड़ रुपये घटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का सम्मिलित बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,63,412 करोड़ रुपये घट गया, जबकि अन्य तीन का एमकैप 41,599 करोड़ रुपये बढ़ा।

बाजार पूंजीकरण के मामले में लंबे समय से शीर्ष पर रहने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज को सप्ताह के दौरान 1,58,533 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और सप्ताहांत पर उसका एमकैप घटकर 19,96,446 करोड़ रुपये रह गया। सप्ताह के दौरान उसका शेयर 7.36 प्रतिशत गिरा था। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का एमकैप 96,154 करोड़ रुपये गिरकर 14,44,150 करोड़ रुपये रहा। वह अब भी रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद दूसरे नंबर पर बरकरार है। बाजार पूंजीकरण के मामले में भारती एयरटेल बीते सप्ताह 45,275 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ तीसरे स्थान से फिसलकर चौथे स्थान पर आ गई। अब 11,60,682 करोड़ रुपये के साथ टीसीएस ने शीर्ष तीन में जगह बना ली है। हालांकि उसे भी 15,232.14 करोड़ रुपये का साप्ताहिक नुकसान उठाना पड़ा। बजाज फाइनेंस का एमकैप 18,730 करोड़ रुपये और एलएंडटी का 18,729 करोड़ रुपये घट गया। इंफोसिस को 10,761 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। फायदे में रहने वाली कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 34,902 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 6,097 करोड़ रुपये बढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक के एमकैप में 600 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी, खाद्य तेल में साप्ताहिक तेजी, दालों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी और खाद्य तेलों की कीमतों में बढ़ोतरी देखी गई जबकि दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 52 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,756 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं आठ रुपये कमजोर हुआ और सप्ताहांत पर 2,854 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा चार रुपये महंगा हुआ और 3,319 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल की औसत कीमत 225 रुपये और पाम ऑयल की 101 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 81 रुपये और वनस्पति 76 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल के भाव में 72 रुपये और सोया तेल में 43 रुपये प्रति क्विटंल की बढ़ोतरी दर्ज की गई सप्ताह के दौरान चना दाल औसतन 22 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं उड़द दाल की कीमत 887 रुपये और तुअर (अरहर) दाल की 58 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ी। मूंग दाल 14 रुपये और मसूर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7715.18 रुपये, मसूर काली 8095.66 रुपये, मूंग दाल 10052.51 रुपये, उड़द दाल 10402.37 रुपये, तुअर (अरहर) दाल 10532.05 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2854.09 रुपये और चावल 3756.25 रुपये प्रति क्विटंल। आटा (गेहूं) 3319.02 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी- गुड़: चीनी एस 4324.94 रुपये और गुड़ 4983.02 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17718.89 रुपये, मूंगफली तेल 17873.83 रुपये, सूरजमुखी तेल 15902.29 रुपये, सोया तेल 137795.51 रुपये, पाम ऑयल 12514.77 रुपये और वनस्पति 14517.06 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

# सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का होगा ऑनलाइन संचालन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। योजना के डिजिटलीकरण की समय सीमा फरवरी 2026 तय की गई है। मुख्य सचिव की बैठक में राजस्व परिषद के अधिकारियों ने बताया कि प्रक्रिया के पूरी होने के बाद योजना के संचालन को पूरी तरह से ऑनलाइन किया जाएगा। जिससे किसान परिवारों को दुर्घटना की स्थिति में आसानी से घर बैठे मुआवजा मिल सके। साथ ही डिजिटलीकरण से योजना का संचालन और अधिक समयबद्ध, प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सकेगा। बैठक में राजस्व परिषद के अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत दिसंबर 2025 तक लगभग 29,394 किसानों के आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के मुताबिक राजस्व परिषद योजना का पूरी तरह डिजिटलीकरण कर रहा है। इसके लिए एनआईसी की मदद से एक आधुनिक वेब पोर्टल और सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से आवेदन, दस्तावेज अपलोड, सत्यापन, स्वीकृति और लाभ वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। पहले भी योजना के लिए आवेदन एनआईसी के वेब पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता था, लेकिन अन्य प्रक्रियाएं भौतिक सत्यापन के द्वारा पूरी होती थीं, जिससे किसान परिवारों को समस्या का सामना करना पड़ता था।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कपसाड़ हत्या और...**

था। तीन दिनों से जारी तनाव के बीच शनिवार देर शाम पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी पारस सोम को गिरफ्तार कर लिया था। मेरठ और सहारनपुर पुलिस के संयुक्त अभियान में अपहृत युवती रूबी को हरिद्वार से सुरक्षित बरामद कर लिया था। एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि रिमांड पर लेकर पारस सोम से पूछताछ की जाएगी। रूबी का रविवार को जिला अस्पताल में मेडिकल चेकअप कराया गया। वहीं पारस का मेडिकल टेस्ट होना बाकी है। बताया जा रहा है कि इस केस में रूबी की गवाही अहम होगी, क्योंकि उसके सामने ही मां की हत्या होने का आरोप पारस सोम पर लगाया गया था। पहले कहा जा रहा था कि दोनों की पेशी सीजेएम कोर्ट में होगी। इसकी सूचना फैलते ही मीडिया का जमावड़ा सीजेएम कोर्ट के बाहर लगा रहा। मगर पुलिस ने चुपचाप रूबी को एसीजेएम द्वितीय की कोर्ट में पेश कर दिया। गवाही के बाद पुलिस रूबी को अपने साथ ले गई। रूबी के बयान सीलबंद हो गए हैं, जो कि केस के विवेचक को ही सौंपे जाएंगे।

# निजी कॉलेजों में पारदर्शी एडमिशन पर ही मिलेगी छात्रवृत्ति-शुल्क प्रतिपूर्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ अब उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा, जिनका प्रवेश निजी शिक्षण संस्थानों में पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुआ होगा। योगी सरकार ने पात्र विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और दुरुपयोग को रोकने के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की नियमावली-2023 में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। यह बदलाव अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के साथ-साथ सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों पर भी समान रूप से लागू होगा। योजना का संचालन समाज कल्याण विभाग कर रहा है। समाज कल्याण उपनिदेशक आनंद कुमार सिंह के मुताबिक संशोधन का मुख्य उद्देश्य निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक पारदर्शी, स्पष्ट और जवाबदेह बनाना है। इससे यह सुनिश्चित होगा कि योजना का लाभ केवल वास्तविक पात्र छात्र-छात्राओं तक पहुंचे और मैनेजमेंट कोटा, स्पॉट एडमिशन जैसी व्यवस्थाओं के जरिए फर्जी या गैर-मानक प्रवेश कर योजना का गलत फायदा न उठाया जा सके।

# केरल पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में विधायक को किया गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम, वार्ता



■ झूठे वादों के साथ करीबी से रिश्ता बनाया

केरल पुलिस ने रविवार को पलक्कड़ के विधायक राहुल ममकूटथिल को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ईमेल के ज़रिए मिली शिकायत के बाद उन्हें गिरफ्तार किया है। ममकूटथिल के खिलाफ दुष्कर्म का यह तीसरा मामला है। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पठानमथिट्टा पुलिस की टीम ने विधायक को पलक्कड़ के केपीएम होटल गिरफ्तार किया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों और महिला कर्मियों सहित टीम रात करीब 12.30 बजे होटल पहुंची। विधायक ने शुरू में दरवाज़ा खोलने में देरी की, लेकिन बाद में पुलिस के साथ सहयोग किया। उन्हें हिरासत में लिया गया और आगे की पूछताछ तथा कानूनी प्रक्रियाओं के लिए पठानमथिट्टा ले जाया गया, जहां शुरुआती पूछताछ के बाद उनकी औपचारिक गिरफ्तारी हुई। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि श्री ममकूटथिल ने झूठे वादों के तहत शिकायतकर्ता के साथ करीबी रिश्ता बनाया, कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया और उसे वित्तीय, भावनात्मक शोषण, जबरदस्ती और धोखे का शिकार बनाया। रिपोर्ट के अनुसार, शिकायत में जबरन गर्भपात के आरोप भी शामिल हैं। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिसमें दुष्कर्म और धोखाधड़ी से संबंधित धाराएं भी शामिल हैं। गौरतलब है कि श्री ममकूटथिल को पहले लगे इसी तरह के आरोपों के बाद कांग्रेस से निकाल दिया गया था। वह पिछले कुछ महीनों से कई गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। कम से कम दो पिछले मामलों में उन पर दुष्कर्म और जबरन गर्भपात के आरोप शामिल हैं। उन्होंने केरल उच्च न्यायालय से गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा और अग्रिम जमानत हासिल की थी। गिरफ्तार विधायक को तय समय के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए जाने की उम्मीद है। पुलिस ने कहा कि जांच शुरुआती चरण में है और पूछताछ तथा सबूत इकठा करने के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले ने पूरे राज्य में व्यापक राजनीतिक ध्यान खींचा है।

# खेलेगा भारत, खिलेगा भारत ही समरस मैराथन का मूलमंत्र: जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं में फिटनेस, अनुशासन और सामाजिक समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से रविवार को अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वावधान में लखनऊ में 'समरस मैराथन' का सफल आयोजन किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कुड़ियाघाट (ग्रीन कॉरिडोर रोड), घंटाघर, लखनऊ में 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ष्खेलेगा भारत, खिलेगा भारतष ही समरस मैराथन का मूल मंत्र है और ऐसे आयोजन युवाओं को स्वस्थ, सकारात्मक और एकजुट समाज की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में स्नातक क्षेत्र से एमएलसी अवनीश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके साथ ही



आईटीबीपी के जवानों की मौजूदगी ने आयोजन को और प्रेरणादायी बना दिया। स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित इस मैराथन में देश के विभिन्न राज्यों से आए पुरुष व महिला धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना व अनुशासन का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। बालक वर्ग में रवि कुमार पाल ने 15 मिनट 32 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस्लाम अली 16 मिनट 02 सेकंड के साथ दूसरे और राजेश सिंह 16 मिनट 09 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में शशिलता ने 18 मिनट 40 सेकंड में दूरी पूरी कर प्रथम पुरस्कार जीता। वर्षा सिंह 20 मिनट 10 सेकंड के साथ दूसरे तथा सृष्टि सिंह 20 मिनट 30 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को क्रमशः 10 हजार, 5 हजार और 3 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया गया। साथ ही 7 धावकों को 500-500 रुपये के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। महिला वर्ग में भी इसी प्रकार कुल 10 पुरस्कार दिए गए। आयोजन को सफल बनाने में माधवेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, अनिल वर्मा, डॉ- वीरेन्द्र कुमार और दिनेश सिंह राणा सहित अनेक गणमान्य लोगों का योगदान रहा।

## उप्र में मतदाताओं के लिए 'बुक ए कॉल विथ बीएलओ' सेवा शुरू

**कानपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में मतदाताओं की सुविधा के लिए ष्बुक-ए-कॉल विथ बीएलओष सेवा प्रारंभ की गई है। इस सेवा का उद्देश्य मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में मतदाताओं को सीधे और समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराना है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद बन सके। अनुरोध प्राप्त होने के बाद संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर सामान्यत 48 घंटे के भीतर मतदाता से फोन पर संपर्क करेगा। इस सेवा के माध्यम से मतदाता नाम जोड़ने, नाम हटाने, संशोधन, पता परिवर्तन सहित मतदाता सूची से जुड़ी अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सीधे बीएलओ से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। विशेष प्रगाष्ठ पुनरीक्षण अभियान के दौरान यह सुविधा मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रही है।

# समाज कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग कर्मियों का वेरिफिकेशन कराने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्तियां मिलने की शिकायतें सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने सख्त कदम उठाया है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने वर्तमान में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के दस्तावेजों की भी समीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं।

विभाग को आदेश दिया गया है कि अगले तीन महीनों के भीतर सभी मौजूदा आउटसोर्सिंग कर्मियों के डॉक्यूमेंट्स की जांच पूरी कर ली जाए, जिससे किसी भी तरह की गड़बड़ी सामने आने पर समय रहते कार्रवाई की जा सके। साथ ही समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने विभाग में आउटसोर्सिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों को पारदर्शी और नियमबद्ध बनाने के लिए स्पष्ट शासनादेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। रविवार को राज्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए आउटसोर्सिंग नियुक्तियों की प्रक्रिया को पूरी तरह मानकों के अनुसार तय किया जाएगा। शासनादेश के जरिए यह सुनिश्चित होगा कि विभाग में आउटसोर्सिंग से होने वाली हर नियुक्ति निर्धारित नियमों, प्रक्रिया और पात्रता के अनुरूप ही की जाए। असीम अरुण ने निर्देश दिया है कि शासनादेश में यह स्पष्ट कर दिया जाए कि आउटसोर्सिंग से नियुक्त किए जाने वाले सभी कार्मिकों के शैक्षिक प्रमाणपत्र और अन्य जरूरी दस्तावेजों की पूर्ण जांच अनिवार्य होगी। साथ ही प्रत्येक कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया जाएगा, ताकि किसी फर्जीवाड़े की गुंजा. इश न रहे। राज्यमंत्री ने साफ कहा कि समाज कल्याण विभाग में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां भी अनियमितता मिलेगी वहां दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि समाज कल्याण विभाग में नियुक्तियों की व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी हो और पात्र लोगों को ही अवसर मिले।

# यूपी में 'स्किल्स ओलंपिक' की शुरुआत आज से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगारपरक और आधुनिक कौशल से जोड़ने के अभियान को और तेज करने जा रही है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी से शुरू किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 75 जनपदों से चयनित 1651 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे और 20 अलग-अलग स्किल्स में अपनी दक्षता का प्रदर्शन करेंगे। रविवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम, नवाचारी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार करना है।

यह आयोजन इंडिया स्किल्स कंपटीशन-2026 की चयन प्रक्रिया का अहम चरण है, जिसके जरिए यूपी की श्रेष्ठ प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। कौशल विकास मिशन के अनुसार प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित होगी, जो 23 जनवरी तक चलेगी। इसके बाद 24 जनवरी को आयोजित समारोह में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला चरण 12 और 13 जनवरी को होगा। इसमें प्रदेशभर से करीब 570 प्रतिभागी शामिल होंगे।

इस चरण में एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, वेलल्डग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन टेक्नोलॉजी, सीएनसी मिलिंग और सीएनसी टर्निंग सहित कुल 6 स्किल्स में प्रतियोगिता होगी। पहले दिन प्रतिभागियों को विशेषज्ञों द्वारा स्किल संबंधित ओरिएंटेशन, वर्ल्ड स्किल्स के प्रारूप की जानकारी और उन्नत मशीनों पर अभ्यास कराया जाएगा।

# संविधान पर प्रहार व नफरत की राजनीति कर रही भाजपा: शिवपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**औरैया।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव और जसवंतनगर विधायक शिवपाल सिंह यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकतांत्रिक मूल्यों को दरकिनार कर नफरत की राजनीति के सहारे देश को बांटने का काम कर रही है।

सपा नेता यादव औरैया जिले के ऐरवाकटरा ब्लाक के गांव चन्हैया बैवाह में स्थित एस-बी-एस- प्राइवेट आई-टी -आई- कॉलेज एवं इंटर कॉलेज परिसर में संस्थान के संस्थापक और समाजसेवी स्वर्गीय सोहन सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे थे। उन्होंने स्वर्गीय सोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया



और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। प्रतिमा अनावरण के पश्चात आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने मुख्य रूप से तीन लबदुओं पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार संविधान और कानून की मर्यादाओं को नहीं मान रही है। लोकतंत्र पर लगातार प्रहार हो रहे हैं और जनता को केवल झूठे प्रचार से भ्रमित किया जा रहा है।

सपा नेता ने कहा कि आज देश का युवा सड़कों पर है, महंगाई आसमान छू रही है और देश कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था को ध्वस्त बताते हुए कहा कि समाज को धर्म और जाति के नाम पर बांटने की साजिश रची जा रही है। कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है। देश को एकजुट करने के बजाय लोगों को आपस में लड़ाया जा रहा है। समाजवादी कार्यकर्ताओं को अब गांव-गांव जाकर भाजपा के इस भ्रम को तोड़ना होगा।

आगामी चुनौतियों को देखते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का एकमात्र रास्ता 'संघर्ष' है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग आज की सरकार से परेशान है और बदलाव की राह देख रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजकीय इंटर कॉलेज कुदरकोट के प्रधानाचार्य व सपा शिक्षक सभा के प्रदेश महासचिव रवि प्रकाश यादव, पूर्व राज्यमंत्री मु- इरशाद, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुमन दिवाकर, राम नरेश यादव, ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश यादव, श्री प्रकाश यादव और क्षेत्र पंचायत सदस्य मु- इमरान सहित भारी संख्या में समर्थक और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसआईआर की मसौदा सूची पर डीएम ने लिया मतदाताओं से फीडबैक

**शाह टाइम्स ब्यरो**

**कानपुर।** कानपुर के जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने रविवार सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जीजीआईसी चुन्नीगंज तथा आर्यनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित कैलाशनाथ इंटर कॉलेज एवं डीएवी इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों पर उपस्थित बूथ लेवल ऑफिसरों से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों की जानक. ारी ली तथा मौके पर मौजूद नागरिकों से संवाद कर निर्वाचक नामावली से संबंधित स्थिति जानी। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) की प्रक्रिया संचा. लित है, जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश में निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन छह जनवरी को किया जा चुका है।



उन्होंने बताया कि 11 जनवरी से जिले के समस्त बूथों पर बीएलओ ड्राफ्ट मतदाता सूची के साथ उपस्थित हैं, जहां आम नागरिक अपने नाम की जांच कर सकते हैं। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल नहीं है, तो वह फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर सकता है। फॉर्म-6 ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भरा जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन के लिए वोटर डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप का उपयोग किया जा सकता है। आवेदन के उपरांत बीएलओ द्वारा नियमानुसार सत्यापन किया जाएगा। उन्होने बताया कि जिन नागरिकों ने पहले से अपना मोबाइल नम्बर मतदाता सूची से लिंक कर रखा है, वे वोटर हेल्पलाइन ऐप पर मोबाइल नम्बर दर्ज कर परिवार के सभी सदस्यों के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में एक साथ देख सकते हैं। जिनका मोबाइल नम्बर लिंक नहीं है, वे भी वोटर डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर जाकर अपना नाम खोज सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सत्यापन के बाद भी नाम सूची में नहीं मिलता है, तो फॉर्म-6 भरना अनिवार्य होगा। फॉर्म भरते समय आवेदक को अपना विवरण प्रस्तुत करना होगा। यदि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं अथवा माता-पिता या दादा-दादी में से किसी का नाम दर्ज रहा हो, तो उसका विवरण देने से सत्यापन प्रक्रिया सरल हो जाती है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं की फोटो खराब है अथवा जो 'नो मैपिंग' की श्रेणी में आते हैं, वे अपने संबंधित बूथ पर उपस्थित बीएलओ से संपर्क कर आवश्यक सुधार करा सकते हैं। जन्म-तिथि के आधार पर दस्तावेजों की आवश्यकता स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे नागरिकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 वैध पहचान पत्रों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। 1 जुलाई 1987 के बाद एवं दिसम्बर 2004 से पहले जन्मे नागरिकों को स्वयं के साथ माता या पिता में से किसी एक का दस्तावेज देना होगा, जबकि 2004 के बाद जन्मे नागरिकों को स्वयं तथा माता-पिता दोनों के दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। श्री सिंह ने कहा कि सभी बीएलओ को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है, एसडीएम स्तर के अधिकारी भी उपलब्ध हैं और पूरी प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित की जा रही है। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए नागरिक वोटर हेल्पलाइन ऐप अथवा निर्वाचन आयोग के पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नई सुविधा के अंतर्गत नागरिक बीएलओ को कॉल रिक्वेस्ट भी भेज सकते हैं, जिस पर संबंधित बीएलओ स्वयं संपर्क करेंगे।

## काशी साहित्य-कला उत्सव में 250 से अधिक लेखक, कवि होंगे शामिल

वाराणसी। वाराणसी में 30 जनवरी से शुरु होने वाले बनारस लिट फेस्ट-काशी साहित्य-कला उत्सव (चतुर्थ संस्करण) की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ-दीपक मधोक ने रविवार को बताया कि यह उत्सव केवल एक साहित्यिक आयोजन नहीं, बल्कि भाषा, समाज, कला, संगीत, लोक-परंपरा, शास्त्रीय चेतना, विचार, शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और समकालीन विमर्श का एक समग्र उत्सव है। एक फरवरी तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय उत्सव में देश-विदेश से 250 से अधिक मेहमान भाग लेंगे, जिनमें लेखक, कवि, कलाकार, विचारक, पत्रकार, शिक्षाविद् एवं सांस्कृतिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस वर्ष के आयोजन में हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं का व्यापक प्रतिनिधित्व होगा। कविता, कथा, आलोचना, नाटक, सिनेमा, पत्रका. रिता और सांस्कृतिक विमर्श के साथ-साथ लोक एवं शास्त्रीय संगीत, नृत्य, नाट्य एवं दृश्य-कला की प्रस्तुतियां दर्शकों का मन मोह लेंगी। उत्सव की औपचारिक शुरुआत 29 जनवरी को अस्सी घाट पर गंगा आरती एवं सद्गुरु रितेश्वर महाराज के प्रवचन के साथ होगी। मुख्य कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत 30 जनवरी को होटल ताज गंगा में होगी।

## वारसी कप क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बाजार शुकुल, अमेठी।** वारसी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में क्षेत्र के पूरे रानी बरसंडा क्रिकेट ग्राउंड पर 12 जनवरी दिन सोमवार यानी आज से वारसी कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल सोलह टीमें प्रतिभाग करेंगी। क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला एवं उदघाटन लीग मैच पूरे गनेशी क्रिकेट टीम व पूरे भरथा क्रिकेट टीम के बीच खेला जाएगा।क्रिकेट प्रतियोगिता का बतौर मुख्य अतिथि डॉ अजय पासी व ग्राम प्रधान मोहम्मद जकी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर उदघाटन कर शुभारम्भ किया जाएगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में 'आप' सड़क पर

**शाह टाइम्य ब्यूरो**

**लखनऊ।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर लगातार बढ़ते हमलों, मंदिरों को निशाना बनाए जाने, महिलाओं और बच्चों के साथ हो रही अमानवीय बर्बरता तथा भय के माहौल में कराए जा रहे जबरन पलायन के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ विरोध प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया। लखनऊ स्वास्थ्य भवन कैसरबाग में प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने बंगला देश सरकार का पुतला फूंका और केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ तीखे नारे लगाए और कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है, लेकिन भारत सरकार न तो कूटनीतिक दबाव बना रही है और न ही अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कोई ठोस पहल कर रही है। पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की यह चुप्पी अत्याचारियों के हौसले बढ़ा रही है और इससे बांग्लादेश में हालात और भयावह होते जा रहे हैं। इस मौके पर अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंख मूंदकर बैठे हैं।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ विदेश नीति की विफलता नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ अपराध है। जब एक ओर हिंदू मंदिर जलाए जा रहे हैं और निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं, तब दूसरी ओर भारत सरकार का मौन रहना नैतिक पतन का प्रतीक है। यदि अब भी केंद्र सरकार ने कठोर और निर्णायक कदम नहीं उठाए, तो आम आदमी पार्टी इस आंदोलन को और व्यापक और उग्र रूप देगी।

# भारतीय स्थापत्य शैली में केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**इटावा।** महाभारत कालीन सभ्यता से जुड़े उत्तर प्रदेश के इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर महादेव मंदिर आस्था, संस्कृति और राजनी. ति के संगम में रुप में चर्चा में है।

उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर की कृति माने जा रहे केदारेश्वर मंदिर का निर्माण समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पहल पर कराया जा रहा है। श्री यादव समय समय पर मंदिर निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी देते रहते हैं। केदारेश्वर महादेव मंदिर को उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर की दूसरी कृति माना जा रहा है लेकिन केदारेश्वर महादेव मंदिर के



पुजारी उमाशंकर इससे साफ इंकार करते हैं। उनका कहना है बेशक केदारेश्वर मंदिर केदारनाथ जैसा लगता हो लेकिन केदारनाथ मंदिर और केदारेश्वर मंदिर में जमीन आसमान का अंतर है। फिलहाल इटावा में बन रहा केदारेश्वर महादेव मंदिर देश भर में लगातार चर्चा में बना हुआ है। मंदिर का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है लेकिन इसकी बनावट धार्मिक महत्व और इससे जुड़े राजनीतिक संकेत के कारण यह मंदिर सुर्खियों में है। अखिलेश यादव ने केदारेश्वर महादेव मंदिर का एक वीडियो जारी किया है। केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण इटावा लाइन सफारी के सामने पूरी तरह से पारंपरिक भारतीय स्थापत्य शैली में किया जा रहा है। मंदिर की रूपरेखा उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर से प्रेरित मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि श्रद्धालुओं को केदारनाथ मंदिर की तरह ही आध्यात्मिक अनुभव मिल सके इसलिए मंदिर का निर्माण शिव शक्ति अक्ष रेखा पर स्थित है जिसे धार्मिक दृष्टि से बेहद खास माना जा रहा है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मनरेगा को लेकर विपक्ष जनता को कर रहा है गुमराह: दिनेश प्रताप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदले जाने को लेकर विपक्षी दल जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय दिल्ली से ग्रामीण विकास के लिए भेजा गया एक रुपया भ्रष्टाचार के कारण 85 पैसे बीच में ही भेंट चढ़ जाता था और केवल 15 पैसे गांव तक पहुंचते थे लेकिन अब केंद्र से भेजे जाने वाला एक रुपया पूरा का पूरा विकास के लिए गांव में पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि संसद द्वारा विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण यानी बीवी जी रामजी अधिनियम पारित किया गया है।

इस रोजगार गारंटी योजना से 100 दोनों से बढ़कर 125 दिन की रोजगार की गारंटी की गई है। वीबी जी रामजी योजना के तहत काम न मिलने पर पंजीकृत श्रमिक को बेरोजगारी भत्ता स्वत: मिलेगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि देश की जनता को गुम. राह करने वाले लोग महात्मा गांधी के नाम पर अपनी रोजी-रोटी चलाते थे। भाजपा सभी महापुरुषों का आदर सम्मान करना जानते हैं। एसआईआर की मसौदी सूची पर सवाल उठाने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अब फर्जी वोट के सहारे सत्ता हासिल करने वाले का समय निकल चुका है। निर्वाचन आयोग पूरी पारदर्शी तरीके से मतदाता सूची का संशोधन कराया है। बूथ लेवल तक मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है।

# विवाहिता व दो मासूम पुत्रियों की संदिग्ध हालात में मृत्यु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक महिला और उसकी दो मासूम बेटियों की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने दहेज उत्पीड़न और हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए महिला के पति, ससुर और सास के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खैरीघाट क्षेत्र के शिवपुर टापू बोझी गांव निवासी रामचन्द्र गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री आशा उर्फ मीना (35) का विवाह करीब 12 वर्ष पूर्व पयागपुर थाना क्षेत्र के विशेश्व. रगंज निवासी विष्णु उर्फ बजरंगी पुत्र बजरंगी से किया था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा लगातार दहेज की मांग की जाती रही और मांग पूरी न होने पर आशा को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पति विष्णु, ससुर बजरंगी और सास पिंकी देवी अक्सर आशा के साथ मारपीट करते थे और उसे मायके से दहेज लाने का दबाव बनाते थे।

पीड़िता अपने मायके वालों को प्रताड़ना की बात कई बार बताती रही, लेकिन ससुराल पक्ष के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। घटना 10 जनवरी की रात की बताई जा रही है, जब पीड़िता आशा उर्फ मीना और उसकी दो बेटियों के बारे में सूचना मिली कि उनकी मौत हो गई है। पीड़ित पिता का आरोप है कि आशा और उसकी बड़ी बेटी का शव तालाब के पास मिला, जबकि छोटी बेटी का शव नहीं मिला। परिजनों का दावा है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि ससुराल पक्ष द्वारा की गई हत्या है। पीड़ित पक्ष ने आशंका जताई है कि आशा और उसकी दोनों बेटियों को दहेज के लिए प्रताड़ित कर मार डाला गया और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शवों को तालाब के पास फेंका गया।

**लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स**

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।
नोट: इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।
मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

# दीन की हिफाजत के लिए नबी के तरीके पर गुज़ारें ज़िंदगी

## निकाह को आसान बनाकर फितनों से बचने व औलाद की सही परवरिश करने की नसीहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अल्लाह के नबी के तरीके पर चलकर ही अपने दीन की हिफाजत कर सकते हो। अपने बच्चों को राहेदीन पर चलाकर उनकी परवरिश करे। अपने बच्चों की अच्छी तरबियत करे। अच्छे हालात बनाने के लिए अपने बच्चों को दीनी तालीम जरूर दिलवाये।

तबलीगी इस्तेमा के दूसरे दिन मौलाना सलमान स्योहारा ने फरमाया अल्लाह ने इंसान को मिट्टी से बनाया है सबको पैदा करने वाला अल्लाह है। कायनात के नक्शे को अल्लाह ने बनाया है। इंसान नापाकी का पोटला है। इंसान तकब्बुर करने लायक नहीं है। घमंड तकब्बुर ना करे यह सब अल्लाह को पसंद नहीं है। अल्लाह बीमारी को मुस्ललत कर देगा तो फिर क्या करोगे। अल्लाह ने नाफरमानी करने वाली कोमो पर अजाब भेजा है। सब कुछ करने वाली जात सिर्फ और सिर्फ अल्लाह की है। इंसान कुछ नहीं है सिर्फ गंदगी का मरकज है। तकब्बुर घमंड मत करो शानदार लिबास और लजीज खाने खाक बन जाते है। जिन्नात और शैतान को अल्लाह ने आग से बनाया है और फरिश्तों को नूर से बनाया है। शिफात हासिल करने के बाद इंसान बहुत अफजल बन जाता है। जो हालत पर जमे रहेंगे अल्लाह उनके लिए फरिश्तों को उतारेंगे। जमीन और आसमान



अल्लाह के हुकुम के मोहताज है। जब अल्लाह सोच लेता है सारे इंतजाम धरे के धरे रह जाते है। कयामत के मैदान में अल्लाह का कलाम सच्चा है। अल्लाह कुरान में फरमाता है आंखे अंधी नहीं होती दिल अंधे हो जाते है। हुजूर ने फरमाया था जब दीन वाली जिंदगी गुजारेंगे तो कोई टच करने वाला नहीं होगा। कही भी टक्कर मार कुछ नहीं मिलेगा सिर्फ अल्लाह के नबी के दर ही मिलेगा। मोमीन की दुआ से दरिया नील बहने लगता है। जमीन पर जब जुल्म होगा अल्लाह अजाब भेजेगा तुम्हारे दिल फट जायेंगे। हुजूर की तालीमात तमाम इंसानों के लिए रहमत है। जो हराम कमाएंगे उनकी कोठियों पर अल्लाह की लानत बरसेगी।किसी को बुरा मत कहो तुम्हारे अमाल ही हाकिम है। मौलाना ने फरमाया तुम तौबा कर लो तुम्हारे ऊपर से मुसीबतें हट जायेगी। अपनी औरतो को

**■ कौम व मुल्क की तरक्की की दुआ के साथ तीन रोजा इज्तमा सम्पन्न**

इस्लाम से हटकर बाजारों में ले जाओगे तो बिगाड़ पैदा होगा। तक्वा इख्तियार कर लोगे अल्लाह से डरने लगोगे सारी दुनिया तुम्हारे पीछे होगी। नशे से दूर रहने पर खिताब करते हुए मौलाना ने फरमाया इससे बिगाड़ पैदा हो रहा है। तबलीगी जमात पूरी दुनिया में अमन मोहब्बत का पैगाम देती है। जानवरों इंसानों पर जुल्म मत करो। अजान का एहतराम मुसलमान नही कर रहे है। माल कमाने व खर्च करने का हिसाब कयामत के दिन होगा। गरीब की बेटी गुरबत में घर बैठी है मालदार लोग इसको नहीं देख रहे है। अपने निकाहो को आसान बनाओ। गुनाहों से तौबा कर लो। 20 निकाह इस्तेमा में कराये गये। इस दौरान कोम व मुल्क के लिए दुआ कराई गई।इस मौके पर मुफ्ती शोएब अहमद, हाफिज नसीम, हाफिज अकरम, कारी इरफान, कारी राशिद, मुफ्ती जैनुल आबेदीन, मौलाना हुसैन, मुफ्ती जुल्फिकार, मौलाना हुसैन, मुफ्ती मुजम्मिल, नफीस चिश्ती, कारी नदीम आदि मौजूद थे।

# जल जीवन मिशन की पोल खोलती पानी की टंकी



## दूषित जल से बीमारियों का बढ़ा खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। क्षेत्र के गांव धनौरी खुर्द में जल जीवन मिशन के दावों की हकीकत सामने आ गई है। ब्लॉक मुख्यालय से महज एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित इस गांव में लाखों रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी आज तक ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा सकी। बनकर तैयार यह टंकी केवल "शोपीस" बनकर रह गई है, जबकि ग्रामीण दूषित हैंडपंप का पानी पीने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का भूगर्भीय जल पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। गंदे पानी के सेवन से हेपेटाइटिस-सी जैसी गंभीर बीमारी गांव में फैल रही है, जिससे कई परिवार प्रभावित हैं। इसी आक्रोश के चलते रविवार को ग्रामीणों ने जल निगम और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन के दौरान युवराज सिंह, रोहित दहिया और नेमपाल सैनी ने बताया कि पानी की टंकी से शुद्ध पेयजल आपूर्ति का सपना अब तक अधूरा है। विभागीय लापरवाही के चलते पाइपलाइन और सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पानी नहीं पहुंचाया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग तत्काल गांव में कैंप लगाकर जांच कराए और जल निगम टंकी व पाइपलाइन की टेस्टिंग कर साफ पानी की सप्लाई सुनिश्चित करे। जल जीवन मिशन की यह लापरवाही अब ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ती नजर आ रही है।



■ गजरौला। नगर कीर्तन में शामिल पंच प्यारों की झांकी।

# प्रकाश पर्व पर निकली शोभायात्रा ने मनमोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर में रविवार को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाले गए नगर कीर्तन में आस्था, उत्साह और शौर्य का संगम दिखा। गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। बैंड बाजे की धुन पर लोग थिरकते रहे। मार्ग में गुरु ग्रंथ साहिब पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर लोगों ने प्रसाद वितरित किया। सतनाम सतनाम वाहे गुरु के स्वर से आकाश गूंज उठा।

सिखों के 10वें गुरु के प्रकाश पर्व पर रविवार को धूमधाम से नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें चौपला पर गतका पार्टी ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया। मार्ग में भी गतका

**■ कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत**

पार्टी के कलाकार करतब दिखाते चल रहे थे। उनके आगे ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार सिख समुदाय के लोग सतनाम सतनाम वाहे गुरु का उद्घोष करते चल रहे थे। फूलों से सजाए गए भव्य वाहन में गुरु ग्रंथ साहिब को रखा गया। आगे जल का छिड़काव, रास्ता साफ करते और फूल बरसाते लोग चल रहे थे। शोभायात्रा में हाथ में तलवार लिए पंच प्यारे अलग छटा बिखेर रहे थे। चौपला से ओवरब्रिज को पार कर इंदिरा चौक होते हुए बस्ती मोहल्ला और रेलवे स्टेशन मार्ग से वापस इंदिरा चौक से होकर गुरुद्वारा संगत पर जाकर संपन्न हुई। रास्ते में लोगों ने गुरु ग्रंथ साहिब पर पुष्प वर्षा की। इस मौके पर ज्ञानी अनूप सिंह, विधायक राजीव तरारा, हरजीत सिंह, दर्शन सिंह, हरभजन, गुरु चरण सिंह अजमानी, जुगनू बेदी, परमजीत कौर, परविंदर सिंह, जतिंदर कौर, परविंदर कौर, शशि, रानी कौर रंजन कौर, जसविंदर कौर, प्रभा कौर, अमरजीत सिंह, प्रदीप मित्तल, मौजूद रहे। नगर कीर्तन में लोगों ने बढ़ चढ़कर सेवा भी की। राजीव शर्मा, विक्रांत चौहान, दिनेश शर्मा, संजीव शर्मा, रोहित वर्मा, डॉक्टर योगेश निगम, डॉक्टर उर्वी गुप्ता, गौरव सैनी, देवकरण, आदिल, जैद आदि ने प्रसाद वितरित किया। यहां के अलावा भी कई स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

# किसान की पशुशाला से तीन मवेशी चोरी

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चोरों ने किसान की पशुशाला में बंध रहे तीन मवेशी चोरी कर लिए तथा उन्हें वाहन में लाद कर ले गए। घटना की जानकारी तडके में उस समय हुई जब किसान मवेशियों को चारा डालने उठा। किसान ने बताया कि मवेशियो की कीमत लगभग दो लाख रुपये है। प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है।

चोरी की यह घटना देहात थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा अल्यारपुर की है। यहां पर किसान महिलाल सिंह का परिवार रहता है। घर के बाहर उनकी पशुशाला है। जिसमें मवेशी बंधे थे। शनिवार रात चोर उनकी पशुशाला से तीन मवेशी चोरी कर ले गए। तड़के में जब वह मवेशियों को चारा डालने पशुशाला पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। उन्होंने फौरन शोर मचा दिया। स्वजन व गांव के लोग भी जाग गए तथा जंगल में मवेशियों को तलाश किया। कहीं कोई सुराग नहीं मिला। दिन निकलने पर देखा तो उनके घर के बाहर किसी वाहन के टायरों के निशान बने थे। वहीं गांव के लोगों का कहना है कि रात में एक टेम्पो गांव से बाहर जाता देखा गया था। माना जा रहा है कि चोर उसी वाहन में मवेशियों को लाद कर ले गए हैं। महिलाल ने चोरी हुए मवेशियों की कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई है। प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है।

# बाइकों की भिड़ंत में दम्पति समेत तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल्ला कॉलोनी के पास रविवार सुबह दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

रविवार को अब्दुल्ला कॉलोनी निवासी नवाब पुत्र अजीज रविवार सुबह करीब 11 बजे अपनी पत्नी रूबी के साथ बाइक पर सवार होकर नगर से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक कॉलोनी के समीप पहुंची तभी संभल की दिशा से आ रहे बाइक सवार अनिल पुत्र शेरसिंह निवासी सिसौना की बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिरकर लहुलुहान हो गये। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन में तीनों घायलों को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस को अभी इस मामले में औपचारिक तहरीर का इंतजार है।

# भाकियू बीआरएसएस की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस की सभा का आयोजन शहबाजपुर डोर में प्रदेशाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने कहा कि भाकियू किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं के लिए सतत प्रयासरत है। इस मौके पर संगठन का विस्तार भी किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का संज्ञान लेकर शासन प्रशासन त्वरित कार्रवाई करे। इस मौके पर ओमपाल सिंह को प्रदेश सचिव, कपिल सैनी को अध्यक्ष, सुरेश को सचिव, शीशपाल सिंह को कोषाध्यक्ष, संजय सिंह व निजाम. ुददीन को सदस्य मनोनीत किया गया। इस मौके पर मनोज कुमार, नीरज यादव आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनेगा मायावती का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक एक बैंकट हॉल में आयोजित की गई।

रविवार को बसपा के मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल डा. ओमकार सिंह ने कहा 15 जनवरी को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती का जन्म दिवस का कार्यक्रम मंडल स्तर पर मुरादाबाद में सिविल लाइन के पास डॉ अंबेडकर पार्क में बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। पार्टी के सभी पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओं से भारी संख्या में पहुंचने की अपील की गई। बसपा के जिला अध्यक्ष पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री सोमपाल सिंह एडवोकेट ने कहा कि बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन का कार्यक्रम हर वर्ष जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। आज प्रदेश की जनता कुमारी मायावती के शासनकाल को याद कर रही है। सर्व समाज के लोग बहुजन समाज पार्टी में सदस्यता ग्रहण




कर रहे है। नवाब सैफी निवासी ने अपने समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मीटिंग का समापन करते हुए अजब सिंह एडवोकेट मंडल प्रभारी व विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गौतम ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। और मीटिंग सफल बनाने पर सभी को धन्यवाद दिया। इस मौके पर टेक चंद सैनी व बबलू गौतम जिला संयोजक भाईचारा, धर्मपाल सिंह खड़कवंशी जिला पंचायत सदस्य, अभय सिंह गौतम, दिनेश कुमार, मदन सिंह गौतम, नरेंद्र प्रधान, प्रदीप कुमार, जहीर अहमद, जगदीश खड़कवंशी, अजय पाल, जसवंत सिंह, कारी जुनैद, डॉक्टर मुखिया गुर्जर, सुरेश चंद, भगवान दास, भारतपाल, सुनील सागर, मास्टर विनेश, नौशाद सलमानी, बाबू फारुकी, अमित हाली, विकास कुमार, महेश गौतम, नवाब सैफी, देवेंद्र सिंह, महिपाल सिंह, रणवीर सिंह, डा. सूरज सिंह बौद्ध, सुल्तान सिंह, लोकेश, मदनपाल आदि मौजूद रहे। संचालन सुरेंद्र कुमार एडवोकेट ने गौतम ने किया।

# समाज सेवा में सदैव अग्रणी रहता है रोटरी क्लब

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन अग्रवाल ने कहा रोटरी का उद्देश्य समाज की सेवा करना है। क्लब इसके लिए सतत प्रयासरत भी है। उन्होंने रोटरी क्लब भरतियाग्राम के प्रोजेक्ट दीदी की दुकान की भी काफी प्रशंसा की। साथ ही औद्योगिक नगरी में रोटरी न्यू ईयर

**■ क्लब द्वारा न्यू ईयर मेला आयोजित**

2026 मेला के भव्य आयोजन के लिए टीम को बधाई भी दी। शनिवार की देर शाम गजरौला में हाईवे किनारे स्थित एक होटल में क्लब द्वारा



आयोजित न्यू ईयर 2026 मेला का शुभारंभ मुख्य अघतिथि मंडी धनौरा की सीओ अंजलि कटारिया, रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, जुबिलेंट एग्री एंड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के यूनिट हेड एवं क्लब के प्रेसीडेंट देवेंद्र बंसल, जुबिलेंट इंग्रेविया के यूनिट हेड विनोद झा, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित आदि ने दीप प्रज्जवलित करके की। इसके बाद शुरू मौजमस्ती और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला हुआ। हापुड़ से आए कलाकारों ने मयूर नृत्य से समां बांध दिया। गायक सुहैल ने फिल्मी गीत प्रस्तुत किए। मेले का मुख्य आकर्षण लकी ड्रा रहा। मेला स्थल पर घूम रहे मिकीमाउस के वेशधारी कलाकार बच्चों के बीच आकर्षण का केंद्र रहे। लोगों ने उने साथ सेल्फी भी ली। कार्यक्रम का संचालन एंकर निकिता पूनिया ने किया। महिलाओं एवं अतिथियों के लिए कई सरप्राइज गेम भी रखे गए थे। इसके उपरांत उन्हें उपहार भी दिए गए। क्लब के अध्यक्ष देवेंद्र बंसल ने गत छह माह की उपलब्धियों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि क्लब शीघ्र ही निर्धन बच्चों को वस्त्र भी प्रदान करेगा। इस मौके पर सोनाली फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष एवं जिला उपभोक्ता फोरम में जज अंजू दीक्षित, रंजना झा, संजुल बंसल, सुशीला बंसल, नमन जैन, ईशा जैन, ममता पुनीत गुप्ता, अनुपम सिंह, क्लब के सेक्रेटरी विशाल गौरव, कोषाध्यक्ष डा.सैय्यद बिलाल, अर्पण गुप्ता, सुनील सिंह, पुनीत माहेश्वरी, डा. सुजिंदर फोगाट, डॉ.नितिन रॉय, अंशय कालरा, चंदन सिंह, आशु, बूंदी सिंह, नवनीत सिंह, राहुल आदि भी मौजूद रहे।

# शीत लहर का प्रकोप, सब्जियों पर संकट, फसल बचाने की जुगत में किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी साफ दिखाई देने लगा है। शीत लहर के चलते तापमान में गिरावट आई है और सुबह-शाम कड़ाके की ठंड से लोग कंपकंपाते नजर आ रहे हैं। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं, वहीं बाजारों में गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। शीतलहर के साथ पाला गिरने से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। किसान रमेश सैनी व कृष्ण अवतार सैनी के अनुसार पाले से आलू, मटर और टमाटर जैसी सब्जियों की फसल को नुकसान होने की आशंका है, जिससे पैदावार प्रभावित हो सकती है। ठंड का यह दौर आमजन के साथ-साथ किसानों के लिए भी चुनौती बन गया है।

# नागरिकों के सहयोग से लगाए 10 कैमरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। थाना क्षेत्र में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत 10 नए सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस-प्रशासन और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से पूरी की गई।

एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन, एएसपी अखिलेश भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण तथा सीओ अंजली कटारिया और थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह तोमर के नेतृत्व में अभियान को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया गया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना है, जिससे अपराध होने से पहले ही उस पर नियंत्रण किया जा सके। थाना बछरायूं पुलिस की अपील पर केयरवेल हॉस्पिटल के संचालक डॉ. आमिर चौधरी सहित अन्य सहयोगी नागरिकों के सहयोग से मोहल्ला पीरजादगान में कुल 10 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। ये कैमरे कस्बा बछरायूं में आने-जाने वाले प्रमुख मार्गों पर स्थापित किए गए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र की निगरानी सुनिश्चित हो सके।

**परिवार व क्रिकेट प्रशंसकों में खुशी, 15 जनवरी से मध्य प्रदेश के इंदौर करेंगे प्रतिभाग**

# शहरान, हर्ष व मोहित का प्रदेशीय अंडर-14 टीम में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। जिले के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। ग्राम मिलक गोसपुर निवासी मोहम्मद शहरान व ग्राम शेखूपुरा निवासी हर्ष सिंह मसंद का चयन उत्तर प्रदेश अंडर-14 क्रिकेट टीम में हुआ है।

उत्तर प्रदेश अंडर-14 टीम राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी के तहत अपना पहला मुक. ाबला 15 जनवरी को मध्य प्रदेश के इंदौर में उत्तराखंड के खिलाफ खेलेगी। इस उपलब्धि पर डीएसए मुरादाबाद के सचिव विजय गुप्ता ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके संघर्ष, अनुशासन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने मंडल और जिले का नाम गौरवान्वित किया है।







मोहम्मद शहरान और हर्ष सिंह रुक्मणी क्रिकेट अकादमी में कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी और कोच मोहम्मद हसीन के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रहे हैं। इस अवसर पर डीएसए के अध्यक्ष नितिन गुप्ता, बदरुद्दीन सिद्दीकी, अमन लिट, नजाकत अली ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उधर दा आर्यन क्रिकेट अकादमी के होनहार खिलाड़ी मानित चौधरी का उत्तर प्रदेश अंडर-14 क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। इस उपलब्धि से अकादमी और जिले में खुशी का माहौल है। कोच चमन सिंह ने बताया कि मानित एक मेहनती और प्रतिभाशाली ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं। वे जिले के पहले चाइनामैन गेंदबाज हैं, जिनका यूपी टीम में चयन हुआ है। मानित अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए भी जाने जाते हैं और पिछले एक वर्ष में कई टूर्नामेंटों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। कोच चमन सिंह ने बताया कि मानित ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पांच बार मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब हासिल किया है और एक मैच में 40 ओवर में 200 रन बनाने का कारनामा भी किया है।

# ईओ से उलझने में नपे टीपी नगर चौकी प्रभारी

## एसपी ने तीन चौकी प्रभारियों को बदला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद ने तीन पुलिस चौकियों के प्रभारी बदल दिए हैं। शहर की टीपी नगर पुलिस चौकी की कमान में भी बदलाव किया है। यहां बतौर प्रभारी तैनात दरोगा संदीप मलिक को अब नौगावां सादात का कस्बा प्रभारी बनाया है जबकि कस्बा प्रभारी सुभाष बालियान को टीपी नगर चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया है। गौरतलब है कि टीपी नगर चौकी प्रभारी संदीप मलिक काफी समय से सुर्खियों में थे। कुछ दिन पहले स्थानीय एक भाजपा नेता की सिफारिश को दरकिनार करते हुए उन्होंने यातायात नियमों की अनदेखी पर उनके समर्थक की बाइक का चालान काट दिया था वहीं बीते दिनों बिजनौर रोड पर चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान भी उनकी पालिका अधिकारियों से तीखीं झड़प हुई थी। जिद्दी रवैये को लेकर नाराज ईओ ने एसपी को पत्र भी लिखा था। इसके बाद से दरोगा संदीप मलिक के चौकी से हटने की चर्चाएं चल पड़ी थीं। वहीं, एसपी ने अमरोहा देहात थाने की पैनेसिया पुलिस चौकी पर भी बदलाव किया है। महिला थाना में तैनात दरोगा राजेश कुमार को चौकी प्रभारी नियुक्त किया है।

# मनरेगा को लेकर सांसद ने भाजपा पर बोला जोरदार हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रविवार को अमेठी के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मनरेगा को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा और भावनात्मक हमला बोला। उन्होंने कहा कि मनरेगा कोई साधारण सरकारी योजना नहीं, बल्कि करोड़ों ग्रामीण गरीबों के सम्मान, अधिकार और जीविका की संवैधानिक गारंटी है,

जिसे यूपीए सरकार ने देश के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने के उद्देश्य से लागू किया था। सांसद ने कहा कि यूपीए शासनकाल में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व, यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी की दूरदर्शी सोच और संकल्प, तथा राहुल गांधी जी के जमीनी संघर्ष के परिणामस्वरूप मनरेगा को ह्काम का अधिकारह का रूप मिला। डॉ. मनमोहन सिंह जी ने इसे नीतिगत मजबूती दी, सोनिया गांधी जी ने सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ इसे आगे बढ़ाया और राहुल गांधी जी ने गांव-गांव जाकर मजदूरों की पीड़ा को समझते हुए महिलाओं, मजदूरों,किसानों के लिए संघर्ष कर योजना की पारदलशता और गरीबों की आजीविका का सशक्त आधार बनाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के लागू होने से गांवों से पलायन रुका, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और गरीब परिवारों को आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिला। यह योजना केवल रोजगार नहीं, बल्कि सामा. जिक सुरक्षा की मजबूत दीवार बनकर उभरी। माननीय किशोरी लाल शर्मा ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही मनरेगा की आत्मा पर सीधा प्रहार किया। काम की उपलब्धता घटा दी गई, मजदूरी भुगतान में देरी को सामान्य बना दिया गया और ग्राम पंचायतों के अधिकार कमजोर कर दिए गए। जहां पहले 100 दिन के काम की गारंटी थी, आज मजदूर काम मांगने पर भी निराश लौट रहा है। न्यूनतम मजदूरी का अधिकार कागजों तक सीमित हो गया है और केंद्र सरकार राज्यों पर आलथक बोझ डालकर अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है।

उन्होंने कहा कि ह्मोदी ने क्या बदला?ह्व्तो जवाब साफ है: अधिकारों की जगह अनिश्चितता, गारंटी की जगह मजबूरी और जवाबदेही की जगह प्रचार। कांग्रेस पार्टी मनरेगा को कमजोर नहीं, बल्कि और मजबूत देखना चाहती है। हमारी मांग है कि काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी और जवाबदेही की गारंटी बहाल की जाए, लंबित भुगतानों का तत्काल भुगतान हो और न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन निर्धारित की जाए। सांसद ने यह भी कहा कि मनरेगा के नाम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को मिटाने या उनकी सोच को कमजोर करने की कोशिश उनके विचारों और बलिदान का अपमान है। गांधी जी का सपना अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान का था और मनरेगा उसी गांधीवादी दर्शन की जीवंत अभिव्यक्ति है। इसे कमजोर करना गरीब भारत की आत्मा को चोट पहुंचाने जैसा है। अंत में उन्होंने दोहराया कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने और मजबूत करने की लड़ाई सड़क से संसद तक पूरी ताकत से लड़ेगी, क्योंकि यह लड़ाई गरीब, मजदूर, गांव और देश के भविष्य की लड़ाई है।

# जिलाधिकारी ने किया हरगांव नगर पंचायत का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा राजागणपति आर ने आदर्श नगर पंचायत हरगांव का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। प्रतिदिन के जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन करते हुये पाइप लाइन के संबंध में की शिकायत की शिकायतकर्ता से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की।



कार्यों के लम्बित होने पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत हरगांव को फटकार लगाते हुये समय से कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। विद्युत से संबंधित की गयी शिकायत के शिकायतकर्ता से वार्ता की। जिलाधकारी ने आईजीआरएस के फीडबैक की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि वार्ड के अनुसार सफाई कर्मी की सूची नगर पंचायत के बाहर चस्पा की जाये। लिपिक कक्ष में पहुंचकर निर्माण पत्रावलियों का अवलोकन करते हुये दस्तावेज कम पाये जाने पर अधिशासी अधिकारी का स्पष्टीकरण एवं लिपिक पर अनुशासनिक कार्यवाही करने निर्देश दिये एवं निर्माण पत्रावली में जेई की निरीक्षण आख्या में कमियां पाये जाने पर जेई पर अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बंधन योजना की पत्रावलियों का अवलोकन किया एवं पेयजल योजना की जानकारी ली। जन्म प्रमाण-पत्र/मृत्यु प्रमाण-पत्र पटल को देखते हुये अधिक समय तक लम्बित न रखने के निर्देश जिला. धिकारी ने दिये। दाखिल खारिज रजिस्टर का अवलोकन करते हुये धीमी प्रगति पर अधिशासी अधिक. ारी को फटकार लगाते हुये कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिए कि एक महीने के भीतर दाखिल खारिज का निस्तारण सुनिश्चित करें।

# लापता युवक का सिरविहीन शव मिला

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के नारखी क्षेत्र में लापता युवक का रक्तरंजित शव रविवार को नलकूप की कोठरी से बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के गांव जाखई में आज सुबह ग्रामीणों ने एक ट्यूबवेल के पास दुर्गंध आने पर देखा तो कोठरी में एक शव पड़ा हुआ था।सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।

युवक का सिर कटा हुआ नग्न शव में पड़ा हुआ था। युवक के कपड़े अलग नदी के पास बरामद किए गए। जिसके आधार पर उसकी पहचान फिरोजाबाद के थाना उत्तर क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी सौरभ सिंह (26) के रुप उसके भाई ने की। मृतक तीन दिनों से घर से लापता था। युवक टैक्सी चलाने का काम करता था। युवक की ससुराल गांव जाखई में है। मृतक युवक के भाई ने पुलिस को उसके एक दोस्त और साले पर हत्या में शामिल होने की आशंका जतायी है। पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि शव की पहचान कर ली गई है। इस मामले में पुलिस की फॉरेंसिक टीम और पुलिस टीम में संबंधित मामले की गहनता से परीक्षण और जांच कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि युवक की हत्या अन्यत्र कहीं कर शव को यहां लाकर फेंका गया है । भाई की रिपोर्ट के आधार पर दो संदिग्ध लोगों को पुलिस में हिरासत में ले लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा पुलिस टीम के मृतक के सिर को तलाश करने के प्रयास में लगी हुई है।

# सीएम डैशबोर्ड ग्रेडिंग में अपेक्षित प्रगति न होने पर मुख्य विकास अधिकारी की सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज अमेठी।** माह दिसम्बर 2025 की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित विकास कार्यक्रमों की प्रगति पुस्तिका में जनपद अमेठी के विभिन्न विभागों द्वारा अपेक्षित प्रदर्शन न किए जाने को मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह द्वारा अत्यंत गंभीरता से लिया गया है।



उक्त प्रगति रिपोर्ट के अनुसार समाज कल्याण विभाग में बी एवं डी ग्रेड, पंचायती राज विभाग में सी ग्रेड, उद्योग विभाग में बी एवं डी ग्रेड, नियोजन विभाग में बी ग्रेड, महिला एवं बाल विकास विभाग में बी ग्रेड तथा मत्स्य विभाग में डी ग्रेड प्राप्त हुआ है, जो शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नहीं पाया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है तथा इसमें जनपद की रैंकिंग सीधे तौर पर विभागीय कार्यों की गुणवत्ता, लक्ष्य उपलब्धि एवं सतत अनुश्रवण को परिलक्षित करती है। उक्त ग्रेडिंग से यह परिलक्षित होता है कि संबंधित कार्यक्रमों में कहीं न कहीं लक्ष्य प्राप्ति में शिथिलता, अनुश्रवण में कमी एवं विभागीय समन्वय का अभाव रहा है, जिसे किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों का माह जनवरी 2026 का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोके जाने का निर्देश निर्गत किया गया है। यह निर्णय इस स्पष्ट निर्देश के साथ लिया गया है कि जब तक संबंधित विभागों की ग्रेडिंग मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर ए ग्रेड में नहीं आ जाती, तब तक उक्त अधिकारियों का वेतन बाधित रहेगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यह भी उल्लेख किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता संघ ने उ० प्र० उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से अधिवक्ता महापंचायत के लिए मांगा समर्थन

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** मुसाफिरखाना तहसील बार एसोसिएशन द्वारा तहसील मुसाफिरखाना में आगामी 15 जनवरी को प्रस्तावित अधिवक्ताओं की महापंचायत को लेकर संगठनों के बीच संपर्क तेज कर दिया गया है।मुसाफिरखाना बार एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल को पत्र भेजकर जहां औपचारिक समर्थन मांगा है वहीं आगामी 15 जनवरी को आयोजित अधिवक्ता महापंचायत में आने का आवाहन किया है। मुसाफिरखाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ल ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, जनपद अमेठी के जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल को पत्र लिखकर 15 जनवरी को होने वाली अधिवक्ता महापंचायत का आमंत्रण पत्र भेजा है। साथ ही अधिवक्ताओं की मांगों के समर्थन की अपील भी की है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल के जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल ने बताया कि अधिवक्ता संघ मुसाफिरखाना द्वारा समर्थन मांगा गया है।आम जनमानस की समस्याओं को देखते हुए अधिवक्ता संघ मुसाफिरखाना का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अमेठी समर्थन करता है।

### अबू धाबी में डॉक्टर ललित का सम्मान

सीतापुर। अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सृजन मंच द्वारा अबू धाबी में आयोजित काव्यांजलि-4 कार्यक्रम में बिसवां की मूल निवासी शिक्षाविद डॉ. ललिता मिश्रा का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ। कार्यक्रम में अवधेश राणा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अल्पत जैन, डॉ. वफा अल मजरूकी, इंजीनियर इस्माइल अल मजरूकी एवं डॉ. ललिता मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर 150 वर्ष पूर्ण होने पर उपस्थित जनों ने खड़े होकर वंदे मातरम व राष्ट्रगीत का सम्मान किया। भारतीय दूतावास के अधिकारियों प्रिंस करण, लव कुश और विवेक शर्मा की कविताओं ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। डॉ. वफा अल मजरूकी, इंजीनियर इस्माइल अल मजरूकी तथा भारत से पधारे सुरेश चौधरी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इंडियन लेडीज एसोसिएशन आबू धाबी, उड़ीसा समाज आबू धाबी, बिहार समाज आबू धाबी, सीनियर सिटीजन ग्रुप आबू धाबी सहित बड़ी संख्या में हिंदी प्रेमी उपस्थित रहे। कवियों, साहित्यकारों और नाटक कलाकारों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा।

### बालिका की सड़क दुर्घटना में मौत

**सीतापुर।** थानगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जुम्मन पुरवा निवासी निसार की पुत्री नूरमा उम्र 2 वर्ष अपनी मां के साथ रेउसा जा रही थी। रास्ते मे थाना गेट के पास एक ऑटो चालक रिक्शा को बैक कर रहा था। इसी दौरान ऑटो का एक पहिया सड़क से नीचे उतरने से पलट गया, जिससे नूरमा को गंभीर चोटें आईं। घायल बच्ची को तुरंत थानगांव के एक निजी क्लीनिक ले जाया गया। वहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा रेफर कर दिया गया। ब्ब्रेउसा पहुंचने पर डॉक्टरों ने नूरमा को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार सुख में डूबा हुआ है।

### शुगर मिल में मजदूर गिरकर मौत

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुरादनगर निवासी ब्विजीत भारती उम्र 21 वर्ष ठेके पर मजदूरी करने के लिए चीनी मिल आए थे। वह डिस्टलरी यूनिट में टीनशेड को सही करने का कार्य कर रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गए। बैगास कैरियर पर गिरने की आवाज सुनते ही अन्य मजदूरों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने ब्विजीत को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों की भारी कमी देखी। सुरक्षा मानकों को अनदेखा करने की वजह से हादसा हुआ है, जिसमें मजदूर की जान चली गई।। इधर मिल प्रशासन के साथ मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। अन्य मजदूरों में यह चर्चा है कि काम के दौरान सुरक्षा मानकों का कोई पालन नहीं किया जा रहा था। करीब 120 फिट की ऊंचाई पर मजदूर काम कर रहा था। अगर सुरक्षा उपकरण देकर काम कराया जाता तो मजदूर की जान बच सकती थी। प्रभारी थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों ने सिर्फ पोस्टमार्टम कराने की तहरीर दी है। परिजनों ने किसी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी है।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी-सहेली ने पौधारोपण कर मनाया 18वा स्थापना दिवस

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी-सहेली द्वारा ग्रुप का 18वाँ स्थापना दिवस जगजीवनराम पार्क चन्दौसी में पौधारोपण करके मनाया। सर्वप्रथम यूनिट डायरेक्टर अंजू राजपूत, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सीमा वर्मा, फेडरेशन ऑफिसर रीता बुदियाल तथा ग्रुप अध्यक्ष डा0 मधु तोमर ने दीप प्रज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्रुप संस्थापक कंचनवाला को फेडरेशन ऑफिसर रीता बुदियाल द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात ग्रुप द्वारा जगजीवनराम पार्क में बरगद, नीम, गुड़हल, आंवला, एलोवेरा, कटहल, बेल, इमली आदि के पौधे लगाये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 मधु तोमर व संचालन राजेश्वरी श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में नीरू गोयल, चंचल गोयल, रेनू वार्ष्णेय, उषा अग्रवाल, अनुराधा, सरोज वार्ष्णेय, सीमा वर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

### लड़की की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ उसका वीडियो बनाकर वायरल करने व धमकाने के आरोप में एफआईआर दर्ज

**कांठ।** लड़की की शिकायत पर पुलिस ने चार युवक मदन वीरपाल महेंद्र पुत्रगण घनश्याम निवासी अमहेडा धामपुर बिजनौर एवं अमित पुत्र नामालूम निवासी बसेड़ा धामपुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। इनके खिलाफ कांठ थाना क्षेत्र की लड़की ने शिकायत की थी बताया गया कि उक्त लोग उसे 2018 से परेशान करते चले आ रहे हैं। उसके प्राइवेट वीडियो बनाकर वायरल करते हैं इस मामले में 2024 में उनके खिलाफ पीड़िता ने मुक. दमा दर्ज कराया था लेकिन इसके बावजूद भी वह अपनी आदत से बाज नहीं आए अब उन्होंने फिर एक वीडियो बनाकर वायरल कर दी जिसकी वजह से

# सामाजिक चेतना व सांस्कृतिक एकता को लेकर हिन्दू सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** रविवार को आदर्श नगर सेक्टर-1 नैपालापुर के एक गेस्ट हाउस में हिंदू सम्मेलन का किया । आयोजकों का कहना है कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज में सांस्ख्रतिक चेतना, संगठन, सामा. जिक समरसता एवं राष्ट्रबोध को सुख्रढ़ करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों, युवाओं एवं मातृशक्ति की सहभागिता की।




कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण दास, महंत पहला आश्रम, विष्णु दीक्षित मुख्य वक्ता, प्रान्त पर्यावरण प्रमुख, कार्यक्रमध्यक्ष राधेलाल, अध्यक्षता विनय कुमारी सिंह ने की। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भावविभोर कर दिया। काव्य पाठ में शिव प्रताप सिंह, दीपक सागर एवं अरुण बेधड़क ने ओजस्वी और राष्ट्रप्रेरक कविताओं का पाठ कर श्रोताओं में ऊर्जा का संचार किया। वहीं भजन प्रस्तुति में अंशु ने भक्ति और संस्कार से जुड़े भावों को सजीव किया। सम्मेलन के कार्यक्रम संयोजक अजीत शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि हहिंदू समाज की शक्ति संगठन, संस्कार और सेवा में निहित है। जब समाज जागरूक होता है, तभी राष्ट्र सशक्त होता है। सम्मेलन को विशिष्ट अतिथि महंगे लाल गुप्ता, राकेश वर्मा (अधिवक्ता) ने भी सम्बोधित किया।अतिथियों ने अपने वक्तव्यों में सामाजिक एकता, संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता तथा सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा पर बल दिया। राकेश वर्मा अधिवक्ता ने कहा कि हसंविधान हमें अधिकार देता है, लेकिन समाज को अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना होगा। महंगे लाल गुप्ता ने सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए कहा कि हिंदू समाज की सबसे बड़ी ताकत आपसी भाईचारा और संस्कार हैं, इन्हें बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# मजिस्ट्रेट ने किया पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार 6 जनवरी को समस्त बूथों पर आलेख्य प्रकाशन कराया गया था।

उसी के क्रम में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को विशेष कार्यक्रम के दौरान सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा मतदाताओं के समक्ष निर्वाचक नामावली पढ़ी गयी। जिसमे बीएलओ, सुपरवाइजर्स, पदाभिहीत उपस्थित रहे। इसी के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट सीतापुर द्वारा प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर, सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कालेज, राजा रघुबर दयाल इंटर कालेज, जफर गर्ल्स मेमोरियल इन्टर कालेज, मिशन गर्ल्स जूनियर हाईस्कूल, आर्यकन्या इंटर कालेज के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया। बीएलओ द्वारा निर्वाचक नामावली पढ़कर सुनाई गयी। जिसमें नगर मजिस्ट्रेट सीतापुर द्वारा फार्म 6 को लेकर बीएलओ को निर्देशित किया गया कि फार्म-6 की संख्या नए मतदाताओं का चिन्हीकरण कर फार्म में रिश्तेदार का इपिक नम्बर, मो0नं0 व पिनकोड का उल्लेख अवश्य किया जाए।

# घर से लाखों की चोरी

**सीतापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी शुभेंद्र मिश्रा - जनरल मर्चेंट की दुकान का संचालन करते हैं। उनके मकान में रात के वक्त चोरों ने मेन गेट का सरिया से ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने बड़ी ही सफाई से मकान में प्रवेश कर घर में रखी नकदी और कीमती सामान समेट लिया। पीड़ित के अनुसार चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये है।

चोरी की पूरी घटना मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में एक चोर की गति. विधियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं, जिसमें वह घर के अंदर घूमते और सामान समेटते नजर आ रहा है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद मोहल्ले में डर का माहौल और अधिक गहरा गया है। लोगों ने रात्रि पुलिस गश्त की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठाए हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर चोर की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। साथ ही इलाके में अतिरिक्त गश्त भी बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# जमीनी विवाद में घायल पक्ष ने पुलिस पर एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (अमेठी)।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर तिवारी गांव में 7 जनवरी को हुए जमीनी विवाद के मामले में घायल पक्ष की तहरीर पर अब तक एफआईआर दर्ज न होने से विवाद और गहरा गया है।



पीड़िता माधुरी और उसके परिजनों ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि जमीनी विवाद के दौरान शिव प्रकाश, राम अभिलाख, पवन और बुधई ने लाठी-डंडे व रॉड से हमला किया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति और दोनों बेटे सूरज व सनी को भी पीटकर घायल कर दिया गया। पीड़िता ने घटना के संबंध में तत्काल जगदीशपुर थाने में तहरीर दी थी, लेकिन चार दिन बीत जाने के बावजूद उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि विपक्षी पवन द्वारा पहले थाने पहुंचकर कथित तौर पर फर्जी मुकदमा दर्ज करा लिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल पक्ष की सुनवाई नहीं हो रही है। मामले को लेकर क्षेत्राधिक. ारी अतुल सिंह ने बताया कि प्रकरण में एनसीआर दर्ज की गई है अन्य जानकारी थानाध्यक्ष को मामले की जांच के निर्देश दिये जायेगे और जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# न्यायालय के आदेश पर बंजर भूमि में स्थित अवैध मजार ध्वस्त

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया के गोरखपुर रोड पर बंजर भूमि में बनी अवैध मजार को रविवार को प्रशासन ने न्यायालय के आदेश के बाद ध्वस्त करा दिया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मेहरड़ा पुरवा में स्थित जमीन के बारे में शिकायत मिली थी कि बंजर पड़ी भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर तथाकथित मजार का निर्माण करा लिया है।

जिसका मुकदमा उप जिलाधिकारी सदर देवरिया की अदालत में विचाराधीन था और मामले की सुनवाई नौ जनवरी को हुई थी। न्यायालय ने उभय पक्षों की बहस और दलील सुनने के बाद आदेश किया कि उक्त मजार अवैध है और मजार कमेटी को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। आदेश के क्रम में आज प्रशासन ने तीन बुलडोजर लगा कर हटवाने का कार्य शुरू कर दिया तथा अवैध मजार को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा सहित कई प्रशासनिक व पुलिस के अफसर तैनात थे। इस दौरान मजार कमेटी के अध्यक्ष मो- राशिद खां ने प्रशासन को लिखित रूप से आश्वस्त किया था कि वे अतिक्रमण को हटाने में पूरा सहयोग करेंगे। इसके बाद मजार कमेटी की तरफ से खुद भी परिसर में रखा सामान हटाया जाने लगा। सूत्रों के अनुसार आज शाम करीब साढ़े तीन बजे प्रशासन का बुलडोजर मौके पर पहुंचा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी। इस मामले को देवरिया के सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने भी शासन और प्रशासन के समक्ष उठाया था।

# वाराणसी में एनडीआरएफ ने गंगा में डूब रही महिला श्रद्धालु की जान बचाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी के राजेन्द्र घाट पर रविवार को गंगा में स्नान कर रही युवती को एनडीआरएफ के जवानो ने डूबने से बचा लिया। दरअसल, प्रयागराज में माघ मेला शुरू होने के बाद से ही धार्मिक नगरी काशी में इन दिनों श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।

गंगा घाटों पर स्नान करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इसी क्रम में रविवार को राजेंद्र घाट पर गंगा के पवित्र जल में स्नान कर रही सिगरा निवासी 25 वर्षीय महिला श्रद्धालु अचानक असंतु. लित होकर गंगा के गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। उसी समय राजेंद्र घाट पर पिकेट ड्यूटी पर तैनात एनडीआरएफ (11वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) के जवानों ने महिला को संकट में फंसा देखा और बिना एक पल गंवाए त्वरित कार्रवाई करते हुए गहरे जल में छलांग लगा दी। इसके बाद उन्होंने महिला को सुरक्षित बाहर निकालकर घाट पर पहुंचाया। एनडीआरएफ द्वारा किए गए इस त्वरित, साहसिक और दक्षतापूर्ण बचाव कार्य को राजेंद्र घाट सहित आसपास के अन्य घाटों पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रत्यक्ष रूप से देखा और बचाव दल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एनडीआरएफ वाराणसी के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा-निर्देशन में गंगा घाटों पर दिन-रात सतर्कता के साथ तैनात है तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देकर संकटग्रस्त लोगों की जान बचाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# पैरासेलिंग साहसिक गतिविधियों का समापन

## प्रशिक्षण में भाग लेकर लौटी एनसीसी छात्राओं का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शाहजहांपुर में 25 यूपी बीएन एनसीसी द्वारा आयोजित पैरासेलिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का सफल समापन हुआ। इस साहसिक प्रशिक्षण में भाग लेकर धामपुर लौटीं एसबीडी कॉलेज की एनसीसी छात्राएं कॉलेज परिसर पहुंचीं तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। शिक्षकों, सहपाठियों और कॉलेज स्टाफ ने तालियों और उत्साह के साथ छात्राओं का अभिनंदन किया। जिससे पूरे परिसर में गर्व और प्रेरणा का माहौल देखने को मिला।

गौरतलब है कि 25 यूपी एनसीसी बटालियन के तत्वावधान में आयोजित यह दस दिवसीय साहसिक प्रशिक्षण शिविर युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। इस दौरान एनसीसी के लगभग 800 कैडेट्स ने पैरासेलिंग का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया।



बरेली ग्रुप के डिप्टी कमांडर कर्नल विकास कटोच ने शिविर का निरीक्षण किया और कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और चुनौतियों से मुकाबला करने का साहस पैदा करती हैं।

शिविर में बरेली ग्रुप के अंतर्गत आने वाले शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली, मुरादाबाद और बिजनौर जनपदों के कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। धामपुर के एसबीडी कॉलेज से एएनओ प्रियंका जैन के नेतृत्व में रिंकी प्रजापति पुत्री दिनेश कुमार प्रजापति सहित दर्जनों छात्राओं ने साहसिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया।

इस अवसर पर ओडिशा से आए डायरेक्टर नेशनल एडवेंचर फाउंडेशन रविंद्र कुमार भूयन ने कैडेट्स को साहसिक गतिविधियों की बारीकियों और सुरक्षा मानकों की जानकारी दी।

वहीं सूबेदार मेजर सुनील रावत, सूबेदार गुलशन सिंह और सूबेदार दलजिंदर सिंह की सक्रिय मौजूदगी ने प्रशिक्षण को और भी प्रभावी बना दिया।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकियू टिकैत का धरना रहेगा जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का अपनी मांगों को लेकर डीएफओ आफिस पर चल रहा धरना प्रदर्शन 13वें दिन जारी रहा।

भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने वन विभाग के द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार व भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग जारी रखने, किसानों की फसलों को नष्ट करने वालों पर मुकदमें दर्ज कराने, किसानों को राजस्व विभाग की भूमि दी जाने की मांग की गई। उन्होंने मांगें पूरी न होने पर वन अधिकारियों को कार्यालय में नहीं बैठने दिए जाने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसान अब आरपार की लड़ाई लड़ेंगे।

धरने पर जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष वीरेश राणा, युवा मंडल उपाध्यक्ष मुकुल कुमार, ब्लॉक सचिव ज्ञान सिंह, पप्पू, सोमवीर, सोनू, गिरिराज, सूरज सिंह, एहसान, नीतू, शांति, नितिन आदि किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### दुआ फाउंडेशन के पदाधिकारी सम्मानित

**नजीबाबाद।** मेडिकोज माइंट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के डायरेक्टर एवं सपा नेता डॉ. महमूद अहमद उर्फ भोलू कुरैशी ने बीती रात कस्बा जलालाबाद के मौहल्ला कुरैशियान स्थित निवास पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें नगर की सामाजिक संस्था दुआ फाउंडेशन के पदाधिकारियों व क्षेत्र के पत्रकारों को अच्छा कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सपा के वरिष्ठ नेता डॉ. महमूद अहमद उर्फ भोलू, महबूब अहमद एड., डॉ. मकसूद अहमद की ओर से नगर की सामाजिक संस्था दुआ फाउंडेशन की टीम के हाजी शमीम कुरैशी, इरफान कुरैशी, अब्दुल्ला गुलजार, हाजी जब्बार, मास्टर मौहम्मद असलम, मास्टर अब्दुल सत्तार, गुलजार कुरैशी, हाजी इमरान कुरैशी, मुफ्ती मौहम्मद सलमान, अनीस अहमद आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ता हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा



**किरतपुर।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के चुनाव को लेकर मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहितास अग्रवाल के समर्थन में एक जनसंपर्क बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक मीडिया हाउस के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल एवं बिट्टू अग्रवाल के सौजन्य से नगर में स्थित एक कॉफी शॉप पर संपन्न हुई। बैठक के दौरान रोहितास अग्रवाल के प्रतिनिधियों द्वारा स्थानीय अधिवक्ताओं से संवाद कर उनके पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल चुनाव को लेकर अपने विचार और सुझाव भी साझा किए तथा अधिवक्ता हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। आयोजकों ने बताया कि रोहितास अग्रवाल का लंबा अनुभव एवं अधिवक्ता हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें एक मजबूत प्रत्याशी बनाती है। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने भी चुनाव को लेकर सकारात्मक माहौल होने की बात कही। गौरतलब है कि बिजनौर जनपद में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव हेतु मतदान 16 एवं 17 जनवरी को संपन्न कराया जाएगा।

### विशेष टीबी जांच शिविर का आयोजन



**शेरकोट।** मौहल्ला निकम्माशाह में एक विशेष टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 80 मरीजों की एक्स-रे जांच की गई, जिनमें से 30 मरीजों की रिपोर्ट में टीबी की आशंका पाई गई। आशंकित पाए गये सभी 30 मरीजों के बलगम के नमूने लेकर संबंधित टीबी लैब में जांच हेतु भेज दिए गए हैं, जबकि 50 मरीजों की एक्स-रे रिपोर्ट सामान्य पाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुधांशु सिंह ने शिविर में उपस्थित मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। जिला समन्वयक नरेंद्र कुमार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक मौहम्मद फरमान ने बताया कि नगर शेरकोट की मलिन बस्ती मौहल्ला निकम्माशाह में एक दिवसीय जांच शिविर आयोजित किया गया, ताकि टीबी रोगियों की समय रहते पहचान कर उनका उपचार शुरू किया जा सके। जिला समन्वयक नरेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान के तहत लगातार जांच शिविर लगाए जा रहे हैं तथा जिन लोगों में टीबी के लक्षण पाए जाते हैं, उनका इलाज निकटतम पीएचसी में तुरंत शुरू कराया जाता है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक मौहम्मद फरमान अपने क्षेत्र में लगातार निगरानी रखते हुए संदिग्ध मरीजों के नमूने जांच के लिए भेजने और उपचार में सहयोग कर रहे हैं, ताकि भारत को टीबी मुक्त बनाया जा सके। शिविर के दौरान जिला समन्वयक नरेंद्र कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक मौहम्मद फरमान तथा बाहर से आए लैब टेक्नीशियन मौजूद रहे।

### वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की बैठक



**धामपुर।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। पंजाबी कॉलोनी शिव मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वरिष्ठ की समस्याओं का एवं सामाजिक राजनीतिक समस्याओं पर विचार किया गया। जिसमें राकेश चमोली ने प्रस्ताव रखा की फरवरी माह में वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति द्वारा नगर में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली जाए। जिसमें लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा हो और अपना नगर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करें। बैठक में सभी वरिष्ठ नागरिकों द्वारा वेनेजुएला देश में घटित राजनीतिक घटना पर भारत में कुछ क्षुब्ध मानसिकता वाले राजनीतिज्ञों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के ऊपर की गई घृणित टिप्पणी की घोर निंदा की गई और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई। श्रीकांत सुमन द्वारा मकर संक्रांति पर चरण सिंह सुमन मंच की तरफ से खिचड़ी और लिहाफ वितरण कार्यक्रम करने पर इच्छा प्रकट की। बैठक में शिवकुमार, जगदीश चौहान, श्यामलाल, विजयपाल सिंह, राकेश चमोली, खजान सिंह, अनिल कश्यप, राजेंद्र चौहान, स्वतंत्र कुमार, राम सिंह सैनी, विक्रम दास, राकेश शर्मा, हरिकांत सुमन, रमेश कुमार आदि शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता विजयपाल सिंह द्वारा की गई और संचालन श्यामलाल आचार्य द्वारा किया गया।

### सहकारी गन्ना समिति की बैठक



**चांदपुर।** सहकारी गन्ना समिति के सभागार में प्रबंध कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने आगामी बसंत कालीन बुवाई की तैयारियों, कृषकों की मांगों और विभागीय प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रबंध कमेटी ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव रखा कि विभागीय योजनाओं के अंतर्गत कृषि निवेश पर मिलने वाला अनुदान (सब्सिडी) कृषकों को सीधे समिति स्तर पर उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त किसानों की सुविधा और फसल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा सब्सिडी पर ह्यूम पाइप और स्प्रे मशीन मंगाकर वितरित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के उपरांत ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने चीनी मिल बिंदल के क्रय केंद्र अजीमुल्ला नगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में तोल कांटे एवं बांट सही पाए गए। इसके पश्चात सहकारी गन्ना विकास समिति नूरपुर में सभापति एवं सचिव के साथ बैठक कर गोदामों पर कृषि इनपुट की उपलब्धता की समीक्षा की गई। साथ ही भविष्य में (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) पोर्टल के माध्यम से खरीद सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

# मतदाता सूची का पठन-पाठन, त्रुटि सुधार व नए नाम जोड़ने का कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एमएम इंटर कॉलेज में नये और फार्म 06 वालों ने पहुंचकर अपने अपने वोट चैक लिस्ट से मिलान किए। नए वोट बनने और स्लिप बन जाने के बाद उसमें कोई त्रुटि न हो, इसके मद्देनजर समस्त बीएलओ और सुपरवाइजर मौके पर पहुंचे।

बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट एवं गणमान्य उपस्थित रहे। मौके पर आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने नया वोट बनाने व मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने पर विस्तृत चर्चा करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में इस कार्य को एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम बताया है। इस मौके पर महिला बीएलओ सहित समस्त बीएलए उपस्थित रहे। इस कार्य में सभासद मौहल्ला काजीजादगान से शाहनवाज उर्फ सोनू एवं सभासद शारिक हाशमी व नवाज शरीफ का विशेष सहयोग रहा। बीएलओ में मास्टर शमीम, मौहम्मद शारिक आदि भी उपस्थित रहे।

# सिमराह इंटरनेशनल में कार्यशाला

## 40 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सिमराह इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई की ओर से पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक कार्यशाला आयोजनात्मक रूप से सम्पन्न हुई। जिसमें लगभग 40 अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया।

सीबीएसई की ओर से आये गौरव भटनागर प्रधानाचार्य स्कॉलर होम इंटरनेशनल स्कूल हरिद्वार व शिखा शर्मा टीजीटी स्टार इंटरनेशनल अकेडमी, जसपुर तथा प्रधानाचार्य मंसूर खान की अध्यक्षता में समस्त शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं को जागरूक करने हेतु महत्वपूर्ण टिप्स दिए। पेड़-पौधे हमारे



जीवन के लिए कितने उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं और इनके संरक्षण हेतु अध्यापकों को अपने शिक्षण कार्य में किस प्रकार के प्रयास करने चाहिए ताकि बच्चे उनके महत्व को समझ सकें। सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने शिक्षण कार्य के अन्तर्गत आने वाली अनेक गतिविधियों के विषय में विचार-विमर्श किया और अपने-अपने अनुभव एक-दूसरे से साझा किये। कार्यशाला का संचालन गौरव भटनागर व श्रीमति शिखा शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य मंसूर खान ने अतिथिगण गौरव भटनागर व शिखा शर्मा का आभार प्रकट करते हुए उपस्थित अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को पर्यावरण संरक्षण के सम्बन्ध में छात्रों को जागरूक करते हुए शिक्षण कार्य को और अधिक सुगम व सुदृढ़ बनाने का आग्रह किया।

कार्यशाला को सफलतापूर्वक सम्पन्न बनाने में रोहित गुप्ता, शाहनवाज अली, हफिज-उर-रहमान व समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

# पत्रकारों व सभासदों ने जीता मैच

## शुरू से ही दबाव में नजर आई पुलिस इलेविन की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** शेरकोट इलेवन पत्रकार एवं सभासदों की टीम और पुलिस इलेवन के बीच खेला गया मैत्री क्रिकेट मुकाबला खेल भावना, रोमांच और आपसी सौहार्द का शानदार उदाहरण बना। वही पत्रकारों व सभासदों की टीम ने पुलिस टीम को हराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के हाईवे स्थित मैदान मे आयोजित शेरकोट इलेवन व पुलिस इलेवन द्वारा मैच में शेरकोट इलेवन के कप्तान शकाफत एस. भारती ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शेरकोट इलेवन ने निर्धारित 15 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 146 रन का मजबूत स्कोर खड़ा



किया। टीम की ओर से शानू जैदी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 38 रन बनाए। वहीं धीरज ने 40 रन, कमरुद्दीन ने 30 रन तथा सुहैल इदरीसी ने 20 रनों का उपयोगी योगदान देकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

पुलिस इलेवन की गेंदबाजी में कप्तान वीरेन्द्र कुमार (एसओ) ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट झटके। इसके अलावा नितिन ने 2 विकेट और संदीप ने भी 2 विकेट लेकर शेरकोट इलेवन पर अंकुश लगाने का प्रयास किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुलिस इलेवन की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई और निर्धारित ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 90 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी में कप्तान वीरेन्द्र कुमार (एसओ) ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। वहीं अंकित राठी ने 30 रन और गौरव ने 22 रनों का योगदान दिया, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का सहयोग न मिल पाने के कारण टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। दर्शकों ने भी दोनों टीमों के प्रदर्शन की सराहना की। यह मैत्री मुकाबला पुलिस प्रशासन और आम नागरिकों के बीच आपसी सौहार्द, भाईचारे और सकारात्मक संवाद का संदेश देने में सफल रहा। इस अवसर पर डॉ. शहनवाज, अबरार मंसूरी, अदनान राइन, पूर्व सभासद बब्लू उर्फ कप्तान,डा फैजान आदि सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# मौहम्मद अर्श जिला उपाध्यक्ष मनोनीत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने मौहम्मद अर्श को युवजन सभा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत करने पर उनके समर्थकों मे खुशी की लहर दौड़ गयी।

नगर के मौहल्ला शेखान निवासी सपा नेता मौहम्मद अर्श पुत्र शरीफ अहमद को युवजन सभा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बताया गया कि अर्श को यह जिम्मेदारी समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अदनान राईन की संस्तुति पर सौंपी गई। संगठन को मजबूती देने और युवाओं को पार्टी से जोड़ने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया। नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद अर्श ने पार्टी नेतृत्व और जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से संगठन के लिए कार्य करेंगे तथा समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उनके मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाईयां दीं।

# प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका के भाजपा सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी ने सभी वार्ड वासियों एवं नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का नाम किसी कारणवश वोटर लिस्ट में छूट गया है या जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वा लें।

भाजपा सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए संबंधित वार्ड के बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) से संपर्क कर फार्म-6 भरना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह सरल और पारदर्शी है। उन्होंने बताया कि फार्म-6 के साथ पहचान प्रमाण के रूप में आधार कार्ड, मार्कशीट, पैन कार्ड पासपोर्ट या जन्म प्रमाण पत्र में से कोई एक दस्तावेज

## जागरूक नागरिक ही सशक्त लोकतंत्र की नींव : अल्वी

अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। सभी दस्तावेज सही एवं स्पष्ट होने चाहिए ताकि नाम जोड़ने में किसी प्रकार की समस्या न आए। मौहम्मद अकरम अल्वी ने विशेष रूप से युवाओं से आगे आकर इस अभियान में भाग लेने की अपील की और कहा कि मतदान का अधिकार केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक नागरिक को अपने इस संवैधानिक अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए।

मौहम्मद अकरम अल्वी ने सभी वार्ड वासियों एवं नगरवासियों से आग्रह किया कि वे समय रहते अपने दस्तावेज पूरे कर बीएलओ से संपर्क करें ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक ही सशक्त लोकतंत्र की नींव होते हैं।

# खाली नहीं गया कोई बालाजी के धाम से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

दुर्गा विहार कॉलोनी में सिपेटटर सिंह के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सामूहिक रूप रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन खाली



नहीं गया कोई बालाजी के धाम से, बालाजी सब की झोली भरते प्यार से यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में सिपेटटर सिंह, रणविजय सिंह, राजबाला देवी, मीनाक्षी, कार्तिक, अनिरुद्ध आदि शामिल रही। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से मनोज रस्तोगी, महन्त राहुल अग्रवाल, प्रीतम सैनी, संदीप शर्मा, राम प्रकाश वर्मा, संजीव भारद्वाज, विजय शर्मा, प्रवेश मिश्रा, नंदकिशोर रस्तोगी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सबने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# बाल शिक्षा अधिकारों को लेकर कार्यक्रम

## दरगोपुर में करुणा सोशल सर्विस सोसायटी ने किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम दरगोपुर में करुणा सोशल सर्विस सोसायटी के तत्वावधान में कानूनी जागरूकता एवं बाल शिक्षा अधिकारों को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगीता देवी ने किया, जबकि अध्यक्षता समिति इंचार्ज सौफिया थॉमस ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडवोकेट तलहा मकरानी ने ग्रामीणों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम, सूचना का अधिकार, एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम तथा यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनी




विषयों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानूनी जानकारी के अभाव में आमजन अपने अधिकारों से वंचित रह जाते हैं, इसलिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर होना बेहद आवश्यक है।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने विषय को गंभीरता से सुना और पहल की सराहना की। ग्रामीणों ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए मांग की कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक माह आयोजित किए जाएं, जिससे बच्चों एवं महिलाओं को उनके अधिकारों की निरंतर जानकारी मिलती रहे।

इस अवसर पर एडवोकेट मसरूर चौधरी, रवित कुमार, कु. विधेष, रवि कुमार एवं नीरू देवी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में तुलाराम, महिपाल सिंह, लाखन सिंह, गोपीचंद, पारुल भारती, पूजा देवी, सविता, कविता, जयकारा, रामकली, सरोज, शोभा, सोनम, आदेश, किरण, रेनू, हिमांशी, सोनी, नूतन, शीला, उर्मिला, रविता, बिंद्रा, शिवानी, हिमानी, अशोक, भगीरथ, सुरेश, मोहन, अंकित, चारु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में समिति इंचार्ज सौफिया थॉमस ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार सरकार की नाकामी: तोगड़िया

- अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक डा. प्रवीण सिंह तोगड़िया का हुआ जोरदार स्वागत
- डा. तोगड़िया ने बांग्लादेश के हालातों पर जताई चिंता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. प्रवीण सिंह तोगड़िया का नगर में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान नगर में एक भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। जुलूस के बाद हुए कार्यक्रम में प्रवीण सिंह तोगड़िया ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य न मिलना ही देश की सबसे बढ़ी त्रासदी है।

यहां नगर के मधुर मिलन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डा. प्रवीण सिंह तोगड़िया ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर चिंता जताई। उन्होंने किसान, शिक्षा और हिंदू सुरक्षा के मुद्दों पर सरकार को आईना दिखाया। उन्होंने दो टूक कहा कि जब खेत और फसल किसान की है, तो वह कर्जदार क्यों है। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य न मिलना ही देश की सबसे बड़ी त्रासदी है। जनसभा को संबोधित करते हुए डा. प्रवीण तोगड़िया ने नारा दिया कि किसानों को फसल के दाम, यही है हमारा राम, यही है हमारा काम। उन्होंने कहा कि जब तक किसान कर्जमुक्त और समृद्ध नहीं होगा, तब तक समृद्ध भारत का सपना एक कोरी कल्पना है। उन्होंने कहा कि सस्ती और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा कोई सुविधा नहीं बल्कि अधिकार है। तोगड़िया ने कहा कि सरकार ऐसी व्यवस्था बनाए जहां शिक्षा के तुरंत बाद युवाओं को रोजगार की गारंटी मिले। सशक्त युवा ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। डा. तोगड़िया ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का जिक्र करते हुए कहा कि आज बांग्लादेश में जो हो रहा है वह 1990 के कश्मीर की तस्वीर की याद दिलाता है। पिछले 14 वर्षों से वहां हिंदुओं की चुन-चुनकर हत्याएं की जा रही हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अब हमारा संकल्प 'सुरक्षित हिंदू, समृद्ध हिंदू और सम्मानयुक्त हिंदू' का है। उन्होंने सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा के लिए सेना भेजने की मांग की। घुसपैठियों के सवाल पर उन्होंने कहा कि 1951 की मतदाता सूची सार्वजनिक की जाये। उन्होंने कहा कि जो मुस्लिम भारतीय होने का दावा करते हैं उनके और उनके रिश्तेदारों के डीएनए का मिलान कराया जाए।

उन्होंने आयोध्या के राममंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि यह मंदिर किसी एक व्यक्ति के धन से नहीं बल्कि देश के हिंदुओं द्वारा दिए गए 'सवा रुपये' के योगदान और उनके संघर्ष का फल है। उन्होंने भारत के प्राचीन गौरव को याद दिलाते हुए कहा कि 1700 साल पहले हम विश्व गुरु थे, लेकिन अब हमें फिर से वही स्थान हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

वहीं डा. प्रवीण सिंह तोगड़िया के बहेड़ी पहुंचने पर बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्प वर्षाकर जोरदार स्वागत किया।

# मीरगंज में भाखड़ा नदी पर पुल निर्माण को मिली प्रशासनिक मंजूरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र में लंबे समय से लंबित भाखड़ा नदी के सिंधौली नरखेड़ा घाट और दोजोड़ा नदी के दिवना फतेहगंज पश्चिमी घाट पर पुल निर्माण के प्रस्तावों में से एक को बड़ी सफलता मिली है। प्रदेश सरकार ने सिंधौली नरखेड़ा घाट पर भाखड़ा नदी में पुल निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।विधायक डा. डी. सी. वर्मा ने बताया कि सिंधौली नरखेड़ा घाट पर 14.82 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित पुल निर्माण को रविवार को शासन की प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसी माह सरकार द्वारा पुल निर्माण के लिए धनराशि भी जारी कर दी जाएगी, जिससे कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सकेगा।उल्लेखनीय है कि सेतु निगम ने कुछ समय पूर्व सिंधौली नरखेड़ा घाट पर पुल, पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

इस प्रस्ताव को स्वीकृति दिलाने के लिए विधायक डा. डी. सी. वर्मा लगातार प्रयासरत थे और उन्होंने मुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री को पत्र भेजकर मामले में पैरवी की थी। पुल के निर्माण से नरखेड़ा, मिर्जापुर, रेतीपुरा, मंडवा वंशीपुर, आनंदपुर सहित करीब 25 गांवों के एक लाख से अधिक लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और आवागमन सुगम होगा।

## एक नजर

### भाजपा नगर महामंत्री राम प्रकाश गंगवार को हुआ पितृशोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** वरिष्ठ समाजसेवी भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री, सभासद राम प्रकाश गंगवार के पिता मेवाराम गंगवार का अस्वस्थता के चलते निधन हो गया।

उनके निधन की खबर सुनकर भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, विधायक डॉ. एमपी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष पति नीरेन्द्र राठौर, मंडल अध्यक्ष केशव महाजन, ब्रह्मदत्त अवस्थी, डॉ. शत्रुधन सिंह, विनोद दिवाकर, सोनू राठौर, उमाकांत जोशी सहित इत्यादि लोगों ने निजी निवास व अंतिम यात्रा में पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद बूथों पर बैठे बीएलओ, नए वोट व संशोधन का कार्य जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तहसीलदार भानु प्रताप ने एमजीएम इंटर कॉलेज पहुंचकर किया निरीक्षण**

**बहेड़ी।** वर्ष 2026 की ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद रविवार को मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने तथा नाम-पते में संशोधन के लिए बीएलओ एमजीएम इंटर कॉलेज में स्थापित बूथों पर बैठे। बड़ी संख्या में मतदाता बूथों पर पहुंचे और आवश्यक आवेदन किए। इस दौरान तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची से संबंधित सभी सरकारी पोर्टल खोल दिए गए हैं, जिससे मतदाता अब आसानी से ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं।

तहसीलदार ने बताया कि नया वोट बनवाने के लिए फार्म-6 तथा नाम, पता अथवा अन्य विवरण में सुधार के लिए फार्म-8 भरकर संबंधित बीएलओ को दिया जा सकता है। इसके अलावा इच्छुक मतदाता ऑनलाइन माध्यम से भी अपना आवेदन कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान एमजीएम इंटर कॉलेज में तैनात सभी बीएलओ के साथ-साथ सभासद ताहिर पप्पू, सभासद पति हसन जाफरी सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और मतदाताओं को प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया गया।

# मीरगंज सीमा पर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का हुआ भव्य स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का मीरगंज सीमा पर जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष विधायक फरीदपुर स्वर्गीय प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जा रहे थे। स्वागत कार्यक्रम में विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, भूपेंद्र कुर्मी, जिलाध्यक्ष सोम पाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, रविन्द्र सिंह राठौर, सुधीर शर्मा, राजू भारती, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, तेज पाल सिंह,रमेश कुर्मी, विशाल गंगवार, अजय वीर सिंह, पूरन लाल लोधी, तरुण गंगवार, तेजेश्वरी सिंह, प्रिंसी चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने स्व. प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका राजनीतिक व सामाजिक जीवन सदैव प्रेरणादायक रहेगा। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में एकजुटता और अनुशासन देखने को मिला।

# तालाबों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण को मिली करोड़ों की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में नगरीय झील, पोखर एवं तालाब संरक्षण योजना के तहत प्रदेश की 54 नगर पंचायतों में प्रस्तावित तालाबों के संरक्षण एवं सौंदर्यकरण के लिए 3081.83 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत प्रथम किश्त के रूप में 1575 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है।

इस योजना में बरेली जनपद की नगर पंचायत मीरगंज, धौराटांडा, शाही एवं सेंथल के चार तालाबों का सौंदर्यकरण कराया जाएगा। शासन ने नगर पंचायत मीरगंज को 44.25 लाख रुपये, शाही को 45.82 लाख रुपये, धौराटांडा को 45.54 लाख रुपये तथा सेंथल को 39.99 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इनमें से प्रत्येक नगर पंचायत को प्रथम किश्त के रूप में 25-25 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है।

जारी धनराशि से मीरगंज के मोहल्ला मेवात स्थित तालाब का सौंदर्यकरण नगर पंचायत द्वारा कराया जाएगा। वहीं शाही में वार्ड संख्या एक स्थित पीला तालाब, धौराटांडा में एमआरएफ सेंटर के पास स्थित तालाब तथा सेंथल में एमआरएफ सेंटर के पास गाटा संख्या 1552 के तालाब का सौंदर्यकरण किया जाएगा।

नगर पंचायत मीरगंज के चेयरमैन योगेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मोहल्ला मेवात के तालाब के संरक्षण और सौंदर्यकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

## धनेटा फाटक पर गन्ना गिरने से लग रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** धनेटा रेलवे फाटक पर गन्ना लदे ट्रकों से गन्ना गिरने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। फाटक के पास सड़क पर गन्ना फैल जाने से वाहनों की आवाजाही बाधित हो जाती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लगातार लग रहे जाम से स्कूली बच्चे, मरीज और नौकरीपेशा लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

स्टेशन मास्टर प्रेम सिंह ने बताया कि ट्रकों में क्षमता से अधिक गन्ना लोड होने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने संबंधित चीनी मिल प्रबंधन और ट्रक संचालकों से अपील की है कि ट्रकों में कम गन्ना लोड किया जाए, ताकि रास्ते में गन्ना न गिरे और फाटक पर जाम की स्थिति न बने।

# चेयरमैन नीलोफर ने परिवार के साथ अखिलेश यादव से की मुलाकात

- एस आई आर पर नजर रखने एवं जनता के बीच रहकर वोट बनवाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे की चेयरमैन नीलोफर अपने परिवार के साथ सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलने पार्टी कार्यालय लखनऊ पहुंच गई तथा अखिलेश यादव को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। चेयरमैन नीलोफर उनके पति हाजी गुड्डू को अखिलेश यादव ने आशीर्वाद दिया। दोनों बच्चियों नबीहा , नवीजा को प्यार किया उपहार भेंट किए। अखिलेश यादव के हाथों से उपहार पाकर दोनों बच्चियों के चेहरे खिल उठे। अखिलेश यादव ने हाजी गुड्डू से कहा कि वह सपा के पुराने सिपाही हैं। क्षेत्र की जनता के लिए लगे रहो पहले से अधिक मेहनत करो। एसआईआर के कार्य पर पूरी नजर रखें बेमानी न होने पाए। जनता के बीच रहकर उनके वोट बनवाएं कहा कि वर्ष 2027 में सपा सरकार आ रही है।



बताते चलें कि चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू की सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से काफी करीबियत है। वह समय समय पर अखिलेश यादव से मिलकर क्षेत्र के एवं सपा संगठन के बारे ने जानकारी भी देते रहते हैं। हाजी गुड्डू की अखलेश यादव से यह नजदीकियां स्व. मुलायम सिंह यादव के समय से हैं, जबसे अब तक हाजी गुड्डू सपा का दामन थामे हुए है। अखिलेश यादव ने हाजी गुड्डू को वर्ष 2012 में मीरगंज विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी भी बनाया था। उस समय हाजी गुड्डू को पहले ही प्रयास में करीब 37 हजार वोट मिले थे। उसके बाद वर्ष 2017 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी से गठबंधन होने पर सीट कांग्रेस के खाते में चली गई थी। हाजी गुड्डू वर्ष 2006 से वर्ष 2017 तक समाजवादी पार्टी के टिकट से लगातार दो बार जीतकर कस्बे के चेयरमैन रहे। अब वर्तमान में उनकी पत्नी नीलोफर शीशगढ़ नगर पंचायत की चेयरमैन हैं। हाजी गुड्डू की गिनती सपा के दिग्गज नेताओं में होती है।

### हाजी गुड्डू के प्रयासों से शीशगढ़ में बना सीएचसी व राजकीय इंटर कालेज

वर्ष 2015 ने जब प्रदेश ने सपा सरकार थी तो उस समय हाजी गुड्डू समाजवादी पार्टी से शीशगढ़ के चेयरमैन थे हाजी गुड्डू ने कस्बे की जनता के दर्द को समझा और अखिलेश यादव से मिलकर शीशगढ़ कस्बे के लिए सामदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं राजकीय इण्टर कालेज का निर्माण कराया। कस्बे के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चालू हो चुका है और राजकीय इण्टर कालेज में भी शिक्षण कार्य शुरू हो चुका है। इसके अलावा बाईपास निर्माण का सर्वे कराकर एवं प्रस्ताव बनाकर भी शासन को भेजा गया था, लेकिन स्वीकृति नहीं मिल पाई थी।

## कार ओवरटेक करने पर दबंगों ने शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष पर की फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कार ओवरटेक करने की बात को लेकर दबंगों ने माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष की कार पर हमला कर दिया। दबंगों ने उनके चालक से मारपीट करने के साथ ही कार में तोड़फोड़ की। जिसका विरोध करने पर दबंगों में से एक ने जिलाध्यक्ष पर तमंचे से फायर कर दिया। जिलाध्यक्ष ने जमीन पर बैठ कर अपनी जान बचाई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले में थाना नवाबगंज में तहरीर दी गई है।

कस्बे के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी टीआर गंगवार माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष हैं। रविवार को वह अपने चालक शेर सिंह के साथ कार से एक अंत्येष्टि में शामिल होने शमशान भूमि जा रहे थे। रास्ते में उनके चालक ने आगे चल रही एक कार को ओवरटेक कर लिया। इसी बात से नाराज होकर दूसरी कार सवारों ने बरखन मोड़ पर उनकी कार के सामने अपनी कार लगा दी। आरोप है कि कार से उतरते ही दबंगों ने चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी, और लोहे की रॉड से कार में जमकर तोड़फोड़ की। जब जिलाध्यक्ष टीआर गंगवार ने इसका विरोध किया तो एक आरोपी ने उनपर तमंचे से फायर कर दिया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। लोगो ने हमलावरों में से दो की पहचान कर ली है। घटना की तहरीर टीआर गंगवार की ओर से थाना नवाबगंज में दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत बूथों पर पढ़कर सुनाई गई अंतिम निर्वाचक नामावली

- डीएम अविनाश सिंह ने विभिन्न बूथों पर पहुंचकर कार्यों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत रविवार को जनपद के सभी बूथों पर बीएलओ द्वारा निर्वाचक नामावली की अंतिम सूची को आमजन को पढ़कर सुनाया गया। इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निगरानी स्वयं जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने की और उन्होंने विभिन्न मतदान बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम ने हाफिज सद्दीकी इंटर कॉलेज, रविन्द्र नाथ टैगोर इंटर कॉलेज, आर्य पुत्री इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर कॉलेज एवं साहू गोपी नाथ कन्या इंटर कॉलेज में स्थापित बूथों पर पहुंचकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची पठन कार्य, अभिलेखों की स्थिति एवं आमजन की सहभागिता को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावली की अंतिम सूची का प्रकाशन 06 जनवरी 2026 को किया जा चुका है। साथ ही मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी ड्राफ्ट सूची उपलब्ध करा दी गई है। यह सूची ऑनलाइन भी उपलब्ध है, जिसे कोई भी



मतदाता डाउनलोड कर सत्यापन कर सकता है। डीएम ने बताया कि मतदाता सूची से संबंधित दावा एवं आपत्तियां 06 फरवरी 2026 तक की जा सकती हैं। वहीं नोटिस चरण तथा दावों/आपत्तियों का निस्तारण 06 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके उपरांत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा।

उन्होंने यह भी अवगत कराया कि 01 जनवरी 2026 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नवयुवा मतदाता, अथवा ऐसे पात्र नागरिक जिनका नाम अभी मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वे बीएलओ से प्रारूप-6 प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं, जिससे उनका नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ा जा सके। इस अवसर पर संबंधित बूथों पर ईआरओ, सुपरवाइजर, बीएलओ सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे और उन्होंने मतदाता सूची पठन प्रक्रिया में सहभागिता की।

# सुरक्षित हिन्दू हमारा संकल्प , उसके सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद बजरंग दल के संस्थापक डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा सुरक्षित, समृद्धिवान व सशक्त हिन्दू समाज हमारा संकल्प है, उसके सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने चिकित्सकों से भी आह्वान किया कि वह इंडिया हेल्थ लाइन से जुड़कर गरीब हिन्दुओं की मदद करें। इससे पहले डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने प्रभु श्रीराम व हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीपप्रज्ज्वलित किया, व जिलाध्यक्ष विवेक गंगवार ने जय श्रीराम का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

डॉ. प्रवीण तोगड़िया रविवार को भोजीपुरा के विशाल हिन्दू सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहें थे। उन्होंने कहा देश में ग्यारह लाख हनुमान केंद्रों को स्थापित किया गया है, यह केन्द्र हिन्दुओं के लिए मददगार साबित होंगे। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे



हमले पर बोलते हुए कहा कि वहाँ के हिन्दुओं की रक्षा करना भारत सरकार की जिम्मेदारी है, भारत में रह रहे बंग्लादेशियों को देश से बाहर खदेड़े जाने की मांग, बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या के मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाना चाहिए, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद लगातार धरना प्रदर्शन करके बांग्लादेशी हिन्दुओं की आवाज उठा रहा है, हमारा संगठन लगातार हिन्दू हितों के कार्य में सलंग्न है सभी को सस्ती शिक्षा, छात्रवृति, रोग मुक्ति अभियान, प्रत्येक परिवार में प्रत्येक दिवस हनुमान चालीसा का पाठ हो, किसानों को उनकी फसल का भुगतान हो यहीं हमारे अन्नदाता है, महिलाओं की सुरक्षा के लिए बहन बेटियों को सुरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जनसंख्या नियंत्रण व समान नागरिक संहिता कानून बनाने का भी आग्रह किया, व हिन्दू हेल्प लाइन का नम्बर भी कार्यकर्ताओं से साझा किया। संघे शक्ति कलयुगे के मंत्र को बोलकर एकजुट रहें। संगठित रहें के उद्घोष के साथ अपनी बात को समाप्त किया। पूरे समय जयश्रीराम व जयजयश्रीराम के उद्घोष गूँजते रहें। जिलाध्यक्ष विवेक गंगवार, वीरेंद्र गंगवार, केशव गंगवार, राहुल गंगवार, पुष्पेंद्र गंगवार, दिनेश मौर्य आदि लोग रहे।

## सिरौली में सोते समय धारदार हथियार से ग्रामीण की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** सिरौली थाना क्षेत्र के गांव भूड़ा में शनिवार देर रात एक ग्रामीण की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। अज्ञात हमलावर ने सोते समय धारदार हथियार से हमला कर सुरेश पाल सिंह यादव निवासी भूड़ा की हत्या कर दी। हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

**करीबी पर शक, मृतक की पत्नी से पुलिस ने की गहन पूछताछ**

जानकारी के अनुसार मृतक सुरेश पाल सिंह यादव की शादी वर्ष 2013 में बिहार निवासी ममता से हुई थी। दंपती के तीन बच्चे हैं। मृतक के भाई चंद्रपाल ने बताया कि शनिवार रात करीब 10:30 बजे गांव के कुछ लोगों ने उन्हें सूचना दी कि सुरेश की हालत गंभीर है। सूचना मिलते ही जब वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि सुरेश चारपाई पर खून से लथपथ हालत में मृत पड़ा था, जबकि पास में उसकी पत्नी ममता बैठी रो रही थी। चंद्रपाल के अनुसार जब उन्होंने ममता से घटना के बारे में पूछताछ की तो वह कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकी। घटना की सूचना मिलते ही थाना सिरौली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को रात में ही पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी ममता से घटना को लेकर कई बिंदुओं पर पूछताछ की, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। इसी को देखते हुए एहतियातन उसे पुलिस निगरानी में रखा गया है। बताया जा रहा है कि ममता चार दिन पहले ही अपने मायके बिहार से गांव लौटी थी, जिस बिंदु को भी जांच में शामिल किया गया है। थाना अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# गोल्ड इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर छह करोड़ ठगे, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** लोगों को भरोसे में लेकर गोल्ड इन्वेस्टमेंट के नाम पर 25 लोगों से 6 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। इसके बाद आरोपी ने पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला की शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र निवासी गिरिराज किशोरी ने बताया कि शांति विहार निवासी दुर्गेश सिंह ने उनके साथ धोखाधड़ी की। महिला ने बताया कि पति के रिटायरमेंट के बाद पीएफ और उसके पुस्तैनी सोने-चांदी के जेवर गोल्ड इन्वेस्टमेंट के नाम पर ले लिए। यही नहीं आरोपी ने आसपास के 24 अन्य लोगों को भी गोल्ड इन्वेस्टमेंट में झांसा देकर ठगी की। जालसाज ने करीब 6 करोड़ रुपये की ठगी की है। जब उन्होंने अपना जेवर और पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। सुभाषनगर इंस्पेक्टर जितेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी मूल रूप से बदायूं का रहने वाला है, लेकिन पिछले चार पांच साल से वह सुभाषनगर के शांति विहार में किराये के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि जिन लोगों के साथ आरोपी ने गोल्ड इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी की।

### सूचना

मेरी बीए अंतिम वर्ष सन 2015 अनुक्रमांक 6311400090, नामांकन नंबर 12013064/44 का माइग्रेशन प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं गिर गया है।

**पूजा रानी पुत्री ओमप्रकाश निवासी ग्राम सिंधौरा बहेड़ी ( बरेली )**

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# विकसित भारत जी राम जी देश के ग्रामीण परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है: प्रभारी मंत्री

■ रोजगार की गांरटी 100दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, जो कि मेहनतकश ग्रामीण सामाज के लिए बहुत बड़ा परिवर्तन है

■ बेरोजगारी भत्ता का अधिकार, समय पर मजदूरी भुगतान, ग्राम स्तर पर योजना निर्माण की स्वतंत्रन्ता, है इसकी विशेषता

■ कार्य की चार श्रेणिया, विभागों का एकीकरण और पारदर्शिता, कृषि-मजदूरी समन्वय है प्रमुख लक्ष्य



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री जे.पी. राठौर ने संत शिरोमणी सर्किट हाउस में विकसित भारत-जी राम जी कार्यक्रम के जागरूकता हेतु प्रेसवार्ता कर विस्तृत जानकारी दी। ।इस अवसर पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, पश्चिमी उ।प्र।के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतएन्द्र सिसोदिया, जिला प्रभारी राजा वर्मा, जिला अध्यक्ष बी.जे.पी. हरिश गंगवार, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मंत्री ने बताया कि ''विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी अधिनियम'' देश के ग्रामीण परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। अब संशोधित नए स्वरूप में ग्राम पंचायतों में ग्रामीण विकास, आजीविका, समाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण और मजबूत होगा।

विकसित भारत-रोजगार एवं आजी. विका मिशन ग्रामीण के बारे में संशो. धित नवीन जानकारियों को बताया कि अब इसमें 125 दिन ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी, कृषि-मजदूरी समन्वय, राज्य सरकार के अनुसार अधिक से अधिक 60 दिन कार्य नहीं चलेगा कृषि सहयोग, बेरोजगारी भत्ते के लिए बेहतर प्रावधान, समय पर मजदूरी का भुगतान और देरी होने पर मुआवजा, तकनीक के जरिए सशक्तिकरण करना, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, मोबाइल आधारित निरगारी, स्थानिक प्रौद्योगिकी सक्षम आयोजन, रियल, टाइम डैशबोर्ड, ए आई आधारित विश्लेषण, नागरिक सहभागिता प्लेटफार्म, इस अधि. नियम के तहत गांव के सभी कार्य विकसित भारत राष्ट्रीय अवसंरचना स्टैक पर आधरित, ग्राम सभा द्वारा विकसित ग्राम पंचायत योजना, विक. सित भारत पंचायत योजना में सभी योजनाओं का तालमेल किया जाएगा। कार्य की चार प्रमुख श्रेणियां है, जल सुरक्षा और संरक्षण कार्य फोकस के कार्य, जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण, सिंचाई, वाटरशेड विकास, जल-सोतों को पुनर्जीवन, वनीकरण, ग्रामीण अवसंरचना से जुडे कार्य-पुशपालन, मत्स्य पालन, सर्कुलर इकोनामी मॉडल से जुड़ी उत्पादक परिसम्पतियों, कौशल विकास, बाजार भण्डारण, आजी. विका संवर्धन के कार्य, जलवायु परिवर्तन व प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्य, ए चारो क्षेत्र मिलकर विकस, सशक्तिकरण कन्वर्जेन्स और स्थाई आजीविका का आधार बनेंगे।

विभागों का एकीकरण और पारदर्शिता: इस अधिनियम के तहत गांव के सभी कार्य विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक पर एकत्रित होंगे। इससे दोहराव बंद होगा, विभागों के बीच तालमेल बढ़ेगा और भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

कृषि-मजदूरी समन्वय: इस अधिनियम में, राज्य सरकार द्वारा बुवाई एवं कटाई संबंधी मुख्य कृषि संबंधी गतिविधियों हेतु कुल मिलाकर 60 दिनों की अवधि निर्धारित करने का प्रावधान है। इस दौरान इस अधिनियम के तहत कार्यों का क्रियान्वयन नहीं होगा, जिससे कृषि कार्य निर्बाध रूप से संचालित हो सके। इस नए अधिनियम के बारे में जानकारी केवल सरकारी स्रोतों से प्राप्त की जाए तथा इस संबंध में आवश्यकतानुसार सूचना पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। मनरेगा के तहत जो काम अभी चल रहे हैं, वो बिल्कुल सुरक्षित हैं। कोई भी काम रुकेगा नहीं, सब पहले की तरह पूरे होंगे। आगे वीबी-जी राम जी लागू होने के बाद, इसके हिसाब से नए काम शुरू हो जाएंगे। मतलब, काम में रुकावट नहीं-बल्कि ज्यादा मौके मिलेंगे। गांव का विकास और तेजी से आगे बढ़ेगा।।

विकसित भारत-जी राम जी कानून पूरी तरह लागू होने पर आपको न केवल 125 दिनों का रोजगार मिलेगा, बल्कि अधिनियम के लागू होने पर नई बढ़ी हुई मजदूरी दरों का भी लाभ प्राप्त होगा।

# प्रभारी मंत्री ने जनपद के विकास कार्यो की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार सहकारिता विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री जे.पी.राठौर ने संत शिरोमणी सर्किट हाउस में जिला. धिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए आवंटित बजट की गहन समीक्षा कर योजनाओं को समय से पूर्ण करने पर विशेष बल दिया।

रामपुर विकास प्राधिकरण की व्योमकेश परियोजना की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि परियोजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए उन्हें शीघ्र विकसित कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने सद्भावना मण्डप के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर उसे जनसामान्य के उपयोग हेतु विकसित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद में संचालित सभी बड़े विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समय से पूर्ण कराया जाए, जिससे जनसामान्य को शीघ्र लाभ मिल सके।

# महिला से मारपीट में एक पर मुकदमा पंजीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला नालापार में एक महिला से घर में घुसकर मारपीट करने पर मुकदमा पंजीकृत हुआ। शनिवार को मोहल्ला नालापार निवासी सारीना वेगम ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मोहल्ला फर्राशान निवासी उसके दमाद जावेद नें घर मे घुसकर मारपीट व गाली गलौच की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जावेद के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# पालतू कुत्ते से मासूम पर कराया हमला, शिकायत करने पर महिला पर भी कुत्ता दौड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कूप में दबंगई की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां गांव के ही युवक ने अपने पालतू कुत्ते से जानबूझकर एक मासूम बच्चे को कटवा दिया। बच्चे की मां द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने महिला पर भी कुत्ता दौड़ा दिया। घटना से गांव में दहशत का माहौल है।

पीड़िता गीता पत्नी सुखपाल निवासी ग्राम कूप के अनुसार, 8 जनवरी 2026 को उनका पुत्र केशव अपने घर के घेर में खेल रहा था। इसी दौरान गांव का शनि पुत्र सुगरपाल अपने पालतू कुत्ते के साथ चाचा श्यामवीर के साथ टहल रहा था।

आरोप है कि शनि ने जानबूझकर कुत्ते को केशव पर दौड़ा दिया, जिससे कुत्ते ने बच्चे को कई स्थानों पर बुरी तरह काट लिया।

बच्चे की चीख-पुकार सुनकर जब मां गीता मौके पर पहुंची तो कुत्ता बच्चे पर लिपटा हुआ था और आरा. ेपी व उसका चाचा खड़े होकर हंसते हुए तमाशा देख रहे थे। किसी तरह बच्चे को बचाने के बाद आरोपी ने महिला पर भी कुत्ता दौड़ा दिया, जिससे वह और उसका बेटा बाल-बाल बचे।

पीड़िता का आरोप है कि जब वह शिकायत लेकर आरोपियों के घर पहुंची तो दोनों फरार हो गए। घर पर मौजूद महिलाओं ने गाली-गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गईं। 9 जनवरी को पीड़िता अपने बेटे को लेकर शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां डॉक्टरों ने बताया कि कुत्ते के कई गहरे घाव हैं और बच्चे की हालत गंभीर है। बच्चा खाना-पीना भी छोड़ चुका है।

पीड़िता ने आरोपियों को दबंग और झगड़ालू प्रवृत्ति का बताते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी मिलक को जन सुनवाई पोर्टल आईजीआरएस के मध्यम से मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# महाराष्ट्र में भी सपा का दमखम, रामपुर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने मुंबई.नासिक में किया जोरदार प्रचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुंबईध्नासिक महाराष्ट्र प्रदेश में चल रहे महानगर पालिका चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी सभी वार्डों के साथ-साथ महापौरध्मेयर पद पर भी अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार रही है। इसी क्रम में रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने महाराष्ट्र के मुंबई और नासिक जिलों में समा. जवादी पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में जोरदार जनसंपर्क और चुनाव प्रचार किया।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने समा. जवादी पार्टी की प्रत्याशी नसरीन इमरान चौधरी के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करते हुए लोगों से भारी मतों से विजई बनाने की अपील की।




उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव देश में बीजेपी की नीतियों को हर स्तर पर चुनौती दे रहे हैं और छात्रों, महिलाओं, गरीबों तथा दबे-कुचले वर्गों के हक की सामाजिक और न्यायिक लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ रहे हैं।

सांसद ने कहा कि पीडीए द्धपिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यकत्र के सभी वर्गों को साथ लेकर समाजवादी पार्टी देश में एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में 2024 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सीटें जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं देश स्तर पर पार्टी तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि महानगर पालिका चुनाव में समाजवादी पार्टी के सभी प्रत्याशियों को भारी मतों से विजई बनाएं, ताकि पार्टी का विस्तार पूरे भारतवर्ष में हो और समाजवादी पार्टी देश की सबसे मजबूत राजनी. तिक ताकत बनकर उभरे।

उक्त जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब पाशा ने दी।

# बेटी को भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने चार पर की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** ग्राम हिम्मतपुर निवासी छोटे सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर उसकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले शिवम व उसके सहयोग करने वाले तीन अन्य युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। छोटे सिंह का कहना है कि उसकी पुत्री कक्षा 9 पास है और बालिग है।उसने अपनी पुत्री का रिश्ता ग्राम कोका वास नवादा जिला संभल क्षेत्र में किया था। पांच फरवरी 2026 को उसकी बारात आनी थी और विवाह की सभी तैयारियां भी चल रही थीं परंतु गांव का ही एक युवक शिवम उसे वहला फुसला कर भगा ले गया। आरोप है कि जाते समय उसकी पुत्री पचास हजार नगद, गहनें व अन्य सामान भी लेकर चली गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ग्राम हिम्मतपुर निवासी शिवम उसके तीन अन्य साथी सुमित,विशाल, बल्लू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर अपनी आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

# जिला निर्वाचन कार्यालय की दीवार में लगा कुमल

■ चुनावी दस्तावेजों की सुरक्षा पर सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर के हृदय स्थल किले के गेट के सामने स्थित पुरानी तहसील परिसर में जिला निर्वाचन कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

कार्यालय की पीछे की दीवार में अज्ञात चोरों द्वारा कुमल लगाए जाने का मामला सामने आया है, जिसकी जानकारी समाचार लिखे जाने तक जिला प्रशासन को नहीं थी।

स्थानीय लोगों के अनुसार उन्होंने कुछ समय पहले ही निर्वाचन कार्यालय की पिछली दीवार में संदिग्ध कुमल लगा हुआ देखा। लोगों का कहना है कि पुरानी तहसील परिसर में लंबे समय से असामा. जिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। शाम ढलते ही यहां नशाखोरी और जुए जैसी गतिविधियां खुलेआम चलती हैं, जिससे इलाके के लोग पहले से ही परेशान हैं।



स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इन्हीं नशेड़ी और असामाजिक तत्वों ने अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए दीवार में कुमल लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि चोर अपने साथ क्या-क्या सामान ले गए हैं।

चिंता की बात यह है कि जिस स्थान पर कुमल लगाया गया है, वहीं पंचायत और नगर पालिका चुनावों से संबंधित मतपेटियां और महत्वपूर्ण चुनावी सामग्री रखी जाती है। ऐसे में चोरी की इस घटना ने चुनावी दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

अब सवाल यह उठता है कि कहीं चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण सामग्री से छेड़छाड़ तो नहीं हुई। इसका खुलासा जिला प्रशासन द्वारा मतपेटियों और रिकॉर्ड की गिनती व जांच के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल प्रशासन की अनभिज्ञता और सुरक्षा में सेंध ने व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है।

# ज्ञानमाला समिति ने लगाया चाय वितरण सेवा कैम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** तापमान अपनी अधिकतम निगेटिव डिग्री लेकर चल रहा है अत्यधिक ठंड का प्रकोप हर ओर ही हो रहा है। आजकल की इस भीषण ठंड में तो गर्मा-गर्म तरल पदार्थ से जीवनरक्षा के लिए राधा सिनेमा रोड स्थित ज्ञान भवन, भारतीय स्टेट बैंक शाखा के आगे जैन सेवा समिति के सदस्यों ने जनमानस में सहयोग की भावना देखते हुए गर्म पेय पदार्थ का स्टॉल लगाने का विचार किया। आमजन को राहत देने के लिए इस सेवा की व्यवस्था के आयोजक जैन सेवा समिति मुरादाबाद द्वारा नीलम जैन की अध्यक्षता में वितरण सेवा शुभारंभ करने से पूर्व सुबह 10:00 बजे मुख्य अतिथि मुरादाबाद जैन समाज अध्यक्ष अनिल जैन तथा सेवा प्रायोजक ज्ञान माला सेवा समिति के अध्यक्ष डा. ज्ञानेन्द्र कुमार जैन व उपाध्यक्ष डा. ऊषा जैन द्वारा भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। शीतलहर के समय में जीविका पालन करने के कार्य में घर से बाहर निकलने वाले लोगों को इस चाय- रस्क, बिस्कुट, समोसे की सेवा से बहुत राहत मिल रही थी। अत्यंत आवश्यक निजी कार्य से घर से निकले जन सामान्य व्यक्ति वर्ग भी इससे लाभान्वित हुए।



जैन सेवा समिति शाखा रामपुर से वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट प्रमोद जैन के निर्देशन में वितरण शिविर पर सभी रामपुर शाखा के सदस्यों ने दोपहर में भोजन पैकेट का वितरण भी किया।

जनमानस ने इतनी भीषण ठंड में इस प्रकार के सेवा कार्य को अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक बताया। लाभान्वित सभी लोगों ने सेवा कार्य करने वाले सदस्यों की दिल खोलकर खूब सराहना की।


इस योजना से जुड़े हुए सभी लोगों का ज्ञानमाला समिति की सचिव डा। शीनू जैन ने सहृदयतापूर्वक धन्यवाद दिया। वितरण सेवा की व्यवस्था में समीर जोशी, अनुराग जैन, हंसिका जैन, राहुल जैन, या जैन आदि लोगों ने महत्वपूर्ण सहयोग किया।

दोनों जैन सेवा और ज्ञान-माला समिति भविष्य में निरन्तर मानव सेवा से सम्बंधित कार्य सभी के सहयोग से करती रहेगी। इस सेवा कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए रामपुर से अंजू जैन, सर्वेश जैन खंडेलवाल, दिशा जैन, अविरल जैन, भारत भूषण जैन, ज्ञानचंद जैन, निर्भय जैन तथा मुरादाबाद से आए जैन सेवा समिति के सदस्य अजीत जैन, अजय जैन एवं आशु जैन उपस्थित रहे।

# कुरआन और मुसलमान : एक गैरजानिबदार नजर.....



लेखक
**कमर अब्बास सिरसिवी**



**दुनिया** में सबसे ज्यादा छपने वाली किताब बाईबल है लेकिन दुनिया में सबसे ज्यादा चर्चित किताब कुरआन है जिसकी चर्चा में पॉजिटिव यानी सकारात्मक पहलुओं के साथ साथ नेगेटिव यानी नकारात्मक पहलू भी शामिल हैं। जहां एक तरफ इस किताब को सबसे ज्यादा हिफ्ज यानी जुबानी तौर पर याद किया जाता है तो दूसरी तरफ दुनिया में इसे जलाने की भी बहुत मिसालें मिलती हैं लेकिन एक गैरजानिबदार यानी निष्पक्ष सोच हमेशा किसी किताब को उसके कंटेंट यानी मूल सार से तोलती है और अगर उसमें कोई पॉजिटिव पहलू मिलता है तो उसको जिन्दगी में उतारने की को. शिश करती है और जब कोई निगेटिव पहलू मिलता है तो उस पर बहस करती है क्योंकि सवाल करने वालों को मिटाने से सवाल नहीं मिटते हैं बल्कि माकूल जवाब देने से सवाल खत्म होते हैं। इसी तरह किताब को जलाने से किताब खत्म नहीं होती है बल्कि उसकी दलील को रद्द करने वाले तर्क से उसकी अहमियत खत्म की जा सकती है।

अगर आप आज की तकनीक को आगे रखकर कुरआन में मौजूद सबसे ज्यादा दोहराये जाने वाली बातों को तलाशते हैं तो तौहीद यानी एकेश्व. रवाद की चर्चा पढ़ने को मिलती है और उसके बाद जिन बातों को बार बार दोहराया गया है वो हैं - इंसाफ पसंद बनना, रहमदिली जाहिर करना, परिवार खासतौर पर मां बाप के साथ रिश्तों को मजबूत रखना, लेन-देन और वायदों में ईमानदार रहना, खुदा यानी ईश्वर को लगातार याद करना, उसकी तारीफ यानी स्तुति करना और उसका शुक्रगुजार रहना। इसके अलावा भी बहुत कुछ मिसालों के जरिए समझाया गया है लेकिन सार के तौर पर ये ही बातें बार बार सामने आती हैं। सबसे पहले तौहीद यानी एकेश्वरवाद पर बात करें तो पाते हैं कि जहां एक तरफ लगातार अल्लाह यानी ईश्वर को सबसे आला यानी सर्वोच्च मानने पर जोर देते हुए किसी और की परस्तिश यानी उपासना से मना किया गया है तो वहीं दूसरी तरफ दूसरे मजहब के मानने वालों की अकीदत को बुरा कहने से भी मना किया गया और यहां तक सीधा लिखा मिलता है कि दीन यानी धर्म में कोई जबरदस्ती नहीं है। ऐसी नसीहतों के बाद भी आज के मुसलमानों का दूसरे मजहब ही नहीं बल्कि अपने मजहब के दूसरे फिरकों के बारे में कड़वा नजरिया रखना उसके कुरआन से दूर होने की निशानी है। इंसाफ पसंद बनने के हुक्म के बारे में इस हद ताकीद की गई है कि अगर मामला आपके या आपके रिश्तेदारों के खिलाफ भी जा रहा हो तो भी इंसाफ की बात कहने को इंसान की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बताया गया है और झूठी गवाही को सबसे बड़े गुनाहों में से एक शुमार किया गया है। इसके बरअक्स अमल करते हुए आज का मुसलमान दुनियावी फायदों के लिए लाखों फर्जी मुकदमे, झूठी दलीलों और गवाहों के साथ अदालतों में लिये खड़ा है जो उसके कुरआन से दूर होने का एक और सुबूत है।



रहमदिली के बारे में ताकीद करते हुए इंसान को सिर्फ अपने मां-बाप, रिश्तेदारों, पड़ोसियों के साथ ही नहीं बल्कि समाज के यतीमों, बेवाओं यानी विधवाओं, फकीरों और मुसाफिरों के साथ बिना किसी मजहबी भेदभाव के रहमदिली और मुहब्बत से पेश आने को मजहबी जिम्मेदारी बताया गया है। लोगों के साथ नर्म लहजे में बातचीत करने और गुस्से पर काबू रखने को इसी जिम्मेदारी का हिस्सा बताया गया है। परिवार और पड़ोस के साथ साथ ऊपर बताए गए इंसानों पर अपनी मेहनत की कमाई का एक हिस्सा खर्च्च करने का हुक्म भी बार बार दो. हराया गया है ताकि समाज में बराबरी और सबके लिए सुकून का माहौल तैयार कर इंसानियत की तरक्की का रास्ता साफ किया जाता रहे लेकिन जब हम अपने आसपास देखते हैं तो इस मामले में अक्सर मुसलमानों को कुरआन से दूर पाते हैं।

कुरआन में दोहराव के इस सिलसिले को फिलहाल आखिरी बात को रखते हुए समेटते हैं जिसमें ईमानदार और सच्चा बनने के साथ साथ झूठ से दूर रहते हुए सच ओ झूठ को आपस में नहीं मिलाने की ताकीद की जाती है ताकि घर और समाज में एक दूसरे पर यकीन का माहौल तैयार हो लेकिन इस ताकीद पर भी मौजूदा दौर का मुसलमान अमल करने के लिए जल्दी तैयार नहीं मिलता है क्योंकि उसकी नजर दुनियावी ताकतों की चाल में अपने जाती फायदों को तलाश रही होती हैं।

बहरहाल किताब को ताकीद और जिन्दगी में अमल करने के नजरिए से पढ़ा जाए तो यकीनन दुनिया को सबके लिए एक अच्छी जगह में तब्दील करने में अपनी जिम्मेदारी निभाई जा सकती है वरना रट्टू तोते बोलते तो अच्छा है लेकिन अपनी जिन्दगी पिंजरों में गुलामों की तरह बसर करके चले जाते हैं।

# विधायक शफीक अहमद अंसारी ने किया क्षेत्रीय भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधायक ने क्षेत्रीय भ्रमण पर निकले कई गांवों में विधायक जी ने दौरे किए सबसे पहले ग्राम मुंशीगंज में आरिफ प्रधान के सौजन्य से एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने विधायक जी का फूल मालाओं से स्वागत किया और एवं एक सड़क बनवाने के लिए विधायक जी का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा यह मेरा फर्ज है और मेरा वादा है की हर ग्राम में मेरे द्वारा विकास कार्य करवाए जाएंगे। इसके बाद उनका काफिला टांडा के लिए रवाना हो गया। टांडा में सबसे पहले फैसल मियां के डेरे पर चाय पार्टी का आयोजन हुआ काफी संख्या में लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। उसके बाद टांडा के ग्राम करखेड़ी में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने स्वागत किया विधायक ने कहा आज में जो कुछ भी हूं आप लोगो की वजह से हूं।



उन्होंने कहा मेरे द्वारा हर ग्राम पंचायत का कोई भी धर्म का धार्मिक स्थल हो वहां हाई मास्क लाइट लगवा दी गई है और जहां रह गई हैं वहां भी जल्द ही लाइट लगवा दी जाएगी। हर पंचायत में सी.सी. रोड व नाला का कार्य जल्द ही शुरू करवाए जाएंगे। सभा समाप्ति के बाद टांडा की कई जगहों पर नुक्कड़ सभाएं की गई। लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान डॉ जितेंद्र, करखेड़ी फैसल मियां, अय्यूब मियां, इकराम मेंबर, शरीफ ठेकेदार, शरीफ जमील प्रतिनिधि टांडा, अकबर अली, अहमद सैफी, अजीम, लियाकत, फैजान बल्ली, जावेद मेवाती, इस्लाम मुल्ला, नाहिद खां, हामिद अल्वी, ठाकुर नूर हसन प्रधान, आरिफ प्रधान, समीर खान गाजियाबाद, कासम अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला न्यायालय के पेशकार की पीट-पीटकर हत्या

## हाइवे पर बाइक से कार टकराने के बाद हुआ विवाद, बाइक पर सवार होकर जा रहे थे रिश्तेदारी में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ओवरटेक के दौरान हुए मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बाइक सवार युवकों ने कार सवार जिला न्यायालय के पेशकार को परिवार के सामने घेरकर बेरहमी से पीट दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।



शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नल निवासी राशिद हुसैन अमरोहा जिला न्यायालय में सिविल जज जूनियर डिविजन की कोर्ट में पेशकार थे। रविवार दोपहर लगभग दो बजे वह पत्नी रुखसार, भतीजे सलमान व तीन बच्चों के साथ कार में सवार होकर मुरादाबाद जिले के गांव पट्टी स्थित अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक जब उनकी कार बंबूगढ़-जोया बाईपास पर नहर की पुलिया के पास पहुंची तो पीछे से आ रही बाइक पर सवार दो युवकों ने गलत दिशा से कार को ओवरटेक किया। इस दौरान कार की बाइक से टक्कर हो गई। इसके बाद राशिद हुसैन की बाइक सवार युवकों से झड़प हो गई। विवाद बढ़ता हुआ देख

**■ कार से पीछा कर घेरा, परिवार के सामने सरेआम बेरहमी से पिटाई, हुई मौत, पांच पर मुकदमा दर्ज**

पहुंचे स्थानीय लोगों ने उस समय दोनों पक्षों के बीच मामला शांत करा दिया। लिहाजा, राशिद हुसैन और उनका भतीजा कार लेकर वहां से चले गए। लेकिन, इसके बाद बाइक सवार युवकों ने फोन कर परिजनों और दोस्तों को बुला लिया तथा कार का पीछा करते हुए डिडौली कोतवाली क्षेत्र में संभल चौराहा पर पहुंच गए। इन लोगों ने राशिद हुसैन की कार को घेरकर रोक लिया। राशिद अली को कार से नीचे उतारते हुए उनकी बेरहमी से पिटाई की। पत्नी और बच्चों के सामने ही आरो. पियों ने राशिद अली को पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। मौके पर भीड़ जुटती देख आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने राशिद हुसैन को स्थानीय एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन राशिद हुसैन को लेकर मुरादाबाद जा रहे थे लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। मामले में मृतक के भतीजे सलमान ने कलीम पुत्र रहीस निवासी गांव हुसैनपुर थाना डिडौली, शान पुत्र नफीस, कसीम पुत्र मुशाहिद, नसीम पुत्र मुजाहिद व तीन अज्ञात हमलवारों के खिलाफ तहरीर दी है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



■ अमरोहा। हजरत शाह विलायत दरगाह पर चादरपोशी कर दुआ मांगते सदर विधायक महबूब अली।

# मनरेगा बहाली की मांग को सत्याग्रह उपवास

## मनरेगा बचाने के लिए सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस की विचारधारा लंबे समय से गांधी जी के मूल्यों के विरुद्ध रही है और मनरेगा को कमजोर करना उसी सोच को दर्शाता है। पार्टी द्वारा गांधी प्रतिमा पर एक दिवसीय सत्याग्रह उपवास किया गया।

रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता गांधी मूर्ति चौराहे पर एकत्र हुए तथा यहां सत्याग्रह उपवास किया। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को समाप्त/निरस्त करने का कदम अत्यंत चिंताजनक और सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण परिवारों को 100 दिन के रोजगार की गारंटी, काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं और भूमिहीन मजदूरों को सशक्त करने का प्रावधान था। भाजपा-आरएसएस की विचारधारा लंबे समय से गांधी जी के मूल्यों के विरुद्ध रही है और मनरेगा को कमजोर करना उसी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इस कानून के माध्यम से ग्रामीण मजदूरों के वैधानिक अधिकार छीनकर उन्हें केंद्र नियंत्रित दयादान व्यवस्था पर निर्भर बनाना चाहती है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर चौधरी सुखराज सिंह , फैज आलम राईनी, शाहिद खेड़ी, हाजी खुर्शीद अनवर, अली इमाम रिजवी, यासिर अंसारी, मयंक गुर्जर, शमशाद अली, हरिओम पुष्कर, मनोज कटारिया, हरस्वरूप प्रधान, जीशान अली आदि मौजूद रहे।




■ अमरोहा। गांधी मूर्ति पर सत्यग्रह उपवास करते कांग्रेसी।

# खेत से चारा लेने गई विवाहिता से दुष्कर्म

## पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढवारसी।** खेत में चारा लेने गई विवाहिता के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज घटना सामने आई है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

पीड़िता द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने उससे दरांती छीन ली और कंधे पर वार कर उसे खेत के अंदर खींच ले गया, जहां उसने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। घर पहुंचने पर विवाहिता ने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रोहित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिला मुख्यालय से पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**हजरत शाह विलायत के 683वें उर्स में उमड़े जायरीन**

# कुल शरीफ की रस्म के साथ उर्स सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर में बिजनौर रोड स्थित दरगाह शाह विलायत रहमतुल्लाह अलैह में चल रहे चार दिवसीय 683वें उर्स का रविवार को कुल शरीफ की रस्म के बाद समापन हो गया। आखिरी दिन सदर विधायक एवं उत्तर प्रदेश लोक-लेखा समिति के सभापति महबूब अली, पूर्व विधान परिषद सदस्य परवेज अली, समेत कई दरगाहों के सज्जादनशीन और अफसरों ने दरगाह पर हाजिरी देकर चादर पेश की। अकीदतमंदों ने मुल्क में अमन-चौन और कौम की सलामती के लिए अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर दुआएं मांगी। दरगाह कमेटी की ओर से मेहमानों की दरस्ताबंदी कराई गई। सुबह से शुरू हुआ लंगर देर रात तक चलता रहा। दरगाह में कुल शरीफ को लेकर अकीदतमंदों में सुबह से ही जोश और

**■ पूर्व मंत्री महबूब अली व पूर्व एमएलसी परवेज अली ने भी की चादरपोशी**

जज्बा देखा गया। दिन निकलते ही दरगाह परिसर लोगों से खचाखच भर गया। दोपहर में सदर विधायक महबूब अली, पूर्व एमएलसी परवेज अली, बसपा नेता नवेद अयाज, दरगाह मियां मौज के सज्जादानशीन हादी अजीम मियां जाफरी, दरगाह बाबा फरीदी रजबपुर के सज्जादानशीन अनवर फरीदी समेत अन्य लोगों ने दरगाह में हाजिरी देकर अकीदत का इजहार किया। कुल शरीफ में मौलाना तौहीद रजा ने मुल्क व कौम की तरक्की व सलामती की दुआ कराई। इस दौरान मुतावल्ली हसन शुजा नकवी, महबूब हुसैन जैदी, शहनाज हैदर एडवोकेट, अख्तर अब्बास अप्पू, मुख्तार नकवी, हसन इमाम, हाजी खुर्शीद अनुवर, शाने हैदर, मिक्की नकवी, फैसल जफर, कामिल सिद्दीकी, हकीम सुहैल, तबारक अली, सूफी निशात सिद्दीकी, नईम रजा, मोईनउददीन साबरी, सूफी जीशान, सैय्यद फरजंद अली, डा.नाशिर नकवी, गुफरान मेंहदी आदि मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या के लिए मोदी जिम्मेदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आम आदमी पार्टी ने धरना दे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कोसा।

रविवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता गांधी मूर्ति पहुंचे जहां उन्होंने धरना दिया। इस दौरान धरने को संबोधित करते इंजीनियर मौहम्मद हैदर ने कहा कि हिन्दुओं के खून पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी का कारण अडानी का बांग्लादेश से व्यापार है। उन्होंने मोदी सरकार पर हमलावर होते कहा कि पीएम की चुप्पी बहुत ही शर्मनाक है। भाजपा राज में विदेश नीति पूरी तरह विफल हो चुकी है। हिन्दुओं के खून पर खामोशी से पूरे देश के लोग सरकार के रवैये से खफा हैं। जिलाध्यक्ष कुशल कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दु अल्पसंख्याकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। इसके बावजूद भारत सरकार कूटनीतिक दबाव भी नहीं बना पा रही है तथा अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर कोई ठोस पहल नहीं हो रही। केन्द्र सरकार की यह चुप्पी अत्याचारियों के हौंसले बढ़ा रही है। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सोंपा गया। धरना देने वालों में मोहम्मद आमिर, रियाज अहमद, विजयपाल सिंह, नफीस अहमद, हारिस मंसूरी, मोहम्मद वसीम, मुरारीलाल मौर्य, शाहवेज खान, कविता, सुरेन्द्र सिंह, सचिन धारीवाल व मोहम्मद वसीम आदि मौजूद रहे।

**आम आदमी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**



# लैब टैक्नीशियन पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

## महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ढवारसी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवाई लेने गई महिला ने यहां तैनात लैब टेक्नीशियन पर वेडटच व छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए आदमपुर पुलिस को तहरीर दी।

क्षेत्र के दरियापुर तुगन गांव निवासी महिला कुसुम पत्नी झम्मन सिंह की तबियत खराब थी वह शनिवार को दवाई लेने के लिए ढबारसी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवाई लेने गई थी। महिला का आरोप है अस्पताल में लैब टेक्नीशियन ने खून की जांच करने के बहाने छेड़खानी शुरू कर दी तथा अश्लील हरकतें करते हुए वेड टच करने लगा। महिला ने जब इसका विरोध किया तो वह मारपीट करने पर उतारू हो गया तथा किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला का आरोप है कि उक्त लैब टेक्नीशियन पूर्व में भी अश्लील हरकतें कर चुका है लेकिन सामाजिक मान मर्यादा के चलते उसने किसी से उस घटना के बारे में नहीं बताया था। महिला ने चौकी पर रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है।

# सिगमा इमेजिंग सैंटर का उद्घाटन

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगीः डा. आदिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सिगमा इमेजिंग सैंटर का उद्घाटन पूर्व राज्यमंत्री हाजी अकबर हुसैन ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस सैंटर पर अल्ट्रासाउंड एवं डिजिटल एक्सरे की सुविधा प्रदान की जायेगी।

बिजनौर रोड स्थित सिगमा इमेजिंग सैंटर का रविवार को पूर्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभारी हाजी अकबर हुसैन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शहर में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने का यह सार्थक प्रयास है। यहां मुना. सिब रेट पर अल्ट्रासाउंड व डिजिटल एक्ससे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। डा. मुनिस आदिल ने बताया कि रोगियों को मुनासिब दामों पर यह दोनों सुविधाएं मिलेंगी। उनके सैंटर पर थ्री डी, फोर डी, फाइव डी अल्ट्रासाउंड के अलावा कलर डापलर, लीवर फाइब्रोस्केन, सोनोइलास्टोग्राफी व डिजिटल एक्सरे की सुविधा मिलेगी। उन्होंने जनता से आह्न कि किया कि वह एक बार उनके सैंटर पर आकर सुविधाओं का



लाभ उठायें। इस अवसर पर विधायक समरपाल सिंह, अबुल कलाम, डा. शकील अहमद, अतुल चौधरी, डा. खुशनाज अकबर, कामिल पाशा, मोहम्मद अली आदि मौजूद रहे।

# अवैध होर्डिग लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

## ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने चेताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बिना विज्ञापन शुल्क जमा किये नगर में विज्ञापन लगाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा। अधिशासी अधिकारी डा. ब्रज. ेश कुमार ने बताया कि नगरीय सीमा क्षेत्र में विज्ञापन शुल्क जमा कराये बिना विज्ञापन करने वालों के खिलाफ नगर पालिका अभियान चलायेगी। अवैध रूप से लगाये गये यूनिपोल, होडिंग, बैनर, पोल, बोर्ड आदि को हटवाकर जब्त किया जायेगा तथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क जमा कराये बिना विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई की



जायेगी। उन्होंने चेतावनी देते कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 जनवरी तक पालिका में उपस्थित होकर शुल्क जमा कर दें वरना अवैध बैनर होडिंग को जेसीबी की मद्द से हटाया जायेगा।

# चर्च में धर्म परिवर्तन की सूचना पर हंगामा

**मामले की जांच में जुटी पुलिस**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला चामुंडा स्थित एक चर्च में सभा के दौरान धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना पर रविवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए मामले की जानकारी ली। बजरंग दल के प्रांत गौ रक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत ने आरोप लगाया कि संगठन को सूचना मिली थी कि चर्च में हिंदू समाज के साधारण और मध्यम वर्गीय परिवारों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र थीं और सभा चल रही थी। संगठन ने स्पष्ट किया कि इस तरह की सभाओं की आड़ में धर्म परिवर्तन नहीं होने दिया जाएगा। वहीं, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह कर उनका धर्म बदलवाने का प्रयास किया जा रहा है, जो कानूनन अपराध है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस तरह की सभाओं पर कड़ी निगरानी रखी जाए और यदि कहीं भी अवैध धर्म परिवर्तन की को. शिश सामने आए तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि धर्म परिवर्तन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जांच के दौरान चर्च में कुछ महिलाएं एकत्र होकर सभा करती पाई गईं, लेकिन धर्म परिवर्तन कराए जाने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। मामले की जांच जारी है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष पराग अग्रवाल, नगर मंत्री दीपक, नगर संयोजक पीयूष शर्मा, विकास यादव, नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# कम्बल न मिलने पर ग्रामीणों ने काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** रविवार को ब्लाक गंगेश्व. री में कंबल वितरण का आयोजन किया गया । जिसमें कुछ लोगों को कंबल मिले और कुछ लोगों को कंबल नहीं मिले कुछ लोग मैं मायूश होकर वापस लौटे।

ग्रामीण ने कंबल नहीं मिलने पर नारे बाजी हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना है कि जो कमजोर लोग हैं जैसे 80 वर्ष से अधिक आयु, विधवा महिला, दिव्यांग आदि लोगों को कंबल नहीं मिल पाए जो दबंग लोग हैं।उन्होंने आगे बढ़कर कंबल लिए। इस बात को लेकर समस्त ब्लॉक के गांवों के लोगों ने मिलकर जोरदार हाथ उठाकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों की संख्या लगभग जिन लोगों को नहीं मिले हैं 500 से 600 तक ग्रामीण कंबलों से वंचित रह गए। नेत्रहीन रंजन सिंह ने बताया कि मैं दोनों

**ब्लॉक में हुआ कम्बलों का वितरण**




आंखों से देख नहीं सकता मुझे कंबल नहीं मिल पाया है। दिव्यांग शारदा ने बताया कि यह दोनों पति-पत्नी दिव्यांग है । कंबल नहीं मिल पाया है। इस मौके पर भूप सिंह, सत्यवती, रामेश्वरी, सावित्री, राजवती, शीला देवी,जसोदा, चंद्रावती ,कमलावती, मुन्नी देवी, लज्जावती, शारदा देवी, प्रेम सिंह, चरनसिंह, सत्यप्रकाश, कृपाल सिंह,प्रकाश, रंजन सिंह ,मनो. हर लाल, अमित सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# आर्याना सबालेंका ने करियर का 22वां खिताब जीता




● **सबालेंका ने 1:18 मिनट में दुनिया की नंबर-26 खिलाड़ी मार्टा कोस्तयुक को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरे साल ब्रिस्बेन इंटरनेशनल खिताब जीता**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रविवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल फाइनल में मार्टा कोस्तयुक को हराकर अपने करियर का 22वां सिगल्स खिताब और 2026 का पहला खिताब जीता। सबालेंका ने रविवार शाम को एक घंटे और 18 मिनट में दुनिया की नंबर 26 खिलाड़ी कोस्तयुक को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरे साल ब्रिस्बेन इंटरनेशनल खिताब जीता। कोस्तयुक पर जीत के साथ सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म-अप इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन पूरा किया, जहां उन्होंने अपने पांच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा।

इससे सबालेंका टूर्नामेंट के 17 साल के इतिहास में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में लगातार खिताब जीतने वाली तीसरी महिला खिलाड़ी बन गई और 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में मैचों में उनका रिकॉर्ड 38 जीत और दो हार हो गया। सबालेंका ने कोस्तयुक की सर्विस तोड़ी, जिन्होंने फाइनल में पहुंचने के लिए तीन टॉप-10 विरोधियों को हराया था, पहले और दूसरे सेट में दोनों में 3-0 की बढ़त बनाई।

यूक्रेनी खिलाड़ी पहले सेट में वापसी करने में कामयाब रही, लेकिन दूसरे सेट में ऐसा नहीं कर पाई, क्योंकि सबालेंका ने बीच में एक ऐस के साथ दो चैंपियनशिप पॉइंट बनाए और पहले ही पॉइंट को एक शक्तिशाली वाइड सर्व के साथ बदल दिया जिसे कोस्तयुक वापस नहीं कर पाई। सबालेंका आगामी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में चार साल में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने का लक्ष्य बना रही हैं, जब 18 जनवरी को मेलबर्न में मुख्य ड्रॉ शुरू होगा।

# भारत ने कीवियों को हराया



● **विराट कोहली ने 93 बनाए कप्तान गिल ने फिफ्टी, श्रेयस अय्यर ने 49 रनों की पारी खेली**

**वडोदरा, वार्ता।** टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 4 विकेट से बाजी मारी। इस मैच में विराट कोहली ने एक मैच विनिंग पारी खेली। वहीं, श्रेयस अय्यर ने भी चोट के बाद दमदार वापसी की। टीम इंडिया ने साल 2026 की शुरुआत जीत के साथ की। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 4 विकेट से बाजी मारी। ये मुकाबला वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेला गया। ये कोटांबी स्टेडियम पर खेला जाने वाला पहला मेंस इंटरनेशनल मैच था। न्यूजीलैंड ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 300 रन बनाए। टीम इंडिया ने इसके जवाब में 49 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। टीम इंडिया ने 49 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 306 रन बनाकर टारगेट हासिल कर लिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। इस मैच में विराट कोहली के बल्ले से एक मैच विनिंग पारी देखने को मिली, उन्होंने 93 रन बनाए। वहीं, श्रेयस अय्यर ने भी 49 रनों का योगदान दिया।

इससे पहले सलामी बल्लेबाजों डेवन कॉन्वे (56) और हेनरी निकल्स (62) के अर्द्धशतकों के बीच 117 रनों की ओपनिंग के तूफानी 84 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ रविवार को पहले एकदिवसीय 50 ओवरों में आठ विकेट पर 300 रन का मजबूत स्कोर बना लिया था। मिचेल ने 71 गेंदों में अपनी तूफानी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाये। कॉन्वे ने 67 गेंदों में छह चौके और एक छक्का मारा, जबकि निकल्स ने 69 गेंदों में आठ चौके लगाये। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिये। कुलदीप यादव ने 52 रन देकर एक बल्लेबाज को आउट किया। न्यूजीलैंड ने आज तक भारत में कोई भी वनडे सीरीज नहीं जीती है। इस बार भी उनके लिए भारत को भारत में हराना टेढ़ी खीर की तरह है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मजबूत लीडरशिप स्वस्थ शरीर से ही संभव: मांडविया

**नई दिल्ली/भोपाल, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया की अगुवाई में आज यहां सुबह छह डिग्री सेल्सियस ठंड में युवा लीडर्स सहित एक हजार से अधिक लोगों ने फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल रैली में भाग लिया। इसमें दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद और उभरती हुई अंतर्राष्ट्रीय पहलवान शिवानी पवार भी मौजूद थीं। तीन दिवसीय विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में देश भर से आए युवा लीडर्स ने भी फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 56वें संस्करण में हिस्सा लिया। देश भर में 15 हजार स्थानों पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल में आयोजित एक मेगा कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के खेल मंत्री सहित कई जाने-माने एथलीटों के साथ साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई।

### टाटा मुंबई मैराथन में शीर्ष इंटरनेशनल धावक हिस्सा लेंगे

**मुंबई, वार्ता।** टाटा मुंबई मैराथन 18 जनवरी को अपने 21वें एडिशन में प्रवेश करेगा, जिसमें कई इंटरनेशनल एथलीट शामिल होंगे जो पुरुषों और महिलाओं दोनों की रेस में इवेंट रिकॉर्ड को चुनौती देने में सक्षम हैं। वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस, मुंबई मैराथन की स्टार्ट लिस्ट में आठ पुरुष और छह महिलाएं हैं, जिनकी पर्सनल बेस्ट टाइमिंग मौजूदा कोर्स रिकॉर्ड से तेज है। मौजूदा इवेंट रिकॉर्ड 2023 से हैं और पुरुषों की कैटेगरी में इथियोपिया के हेले (2:07:32) और महिलाओं की रेस में एंचियालेम (2:24:15) के नाम हैं। 2026 एडिशन के लिए कुल प्राइज मनी 390,238 डॉलर है। पुरुषों और महिलाओं दोनों की रेस में टॉप तीन फिनिशर्स को क्रमश: 50,000, 25,000 और 15,000 डॉलर मिलेंगे, साथ ही इवेंट रिकॉर्ड तोड़ने वाले एथलीटों को अतिरिक्त 15,000 डॉलर का इंसेंटिव मिलेगा।



# स्वितोलिना ने जीता ऑकलैंड खिताब

वेलिंगटन, वार्ता। टॉप-सीड एलिना स्वितोलिना ने रविवार को अपना 19वां डब्ल्यूटीए खिताब जीता, उन्होंने न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एसीबी क्लासिक फाइनल में चीन की वांग शिन्यू को 6-3, 7-6(8) से हराया। 31 साल की यूक्रेनी खिलाड़ी ने सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए, पहले सर्व के 74 प्रतिशत पॉइंट जीते, और मैच का एकमात्र ब्रेक 4-2 पर वांग की सर्विस तोड़कर हासिल किया, जिसके बाद उन्होंने दूसरे सेट का टाईब्रेक जीता। स्वितोलिना ने 2025 के आखिर में चोट के कारण चार मैचों की हार का सिलसिला खत्म करते हुए डब्ल्यूटीए 250 इवेंट में लगातार पांच मैच जीते। एक घंटे और 42 मिनट तक चले मैच के बाद कोर्ट पर स्वितोलिना ने कहा कि एक और खिताब जीतना वाकई बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर मेरे लिए साल के बहुत अच्छे अंत के बाद।

# मेदवेदेव-नाकाशिमा ब्रिस्बेन फाइनल में पहुंचे

● **दानिल मेदवेदेव ने अमेरिकी खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसेन को हराया**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव ने फाइनल में पहुंचकर यह सुनिश्चित किया कि ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में उन्हें गौरव हासिल करने का एक और मौका मिलेगा। टॉप सीड और 2019 के रनर-अप ने शनिवार को अमेरिकी एलेक्स मिशेलसेन पर 6-4, 6-2 से कड़े सेमीफाइनल में जीत हासिल करके अपने 41वें टूर-लेवल फाइनल में जगह बनाई।

हालांकि मेदवेदेव ने 27 अनफोर्स्ड एरर किए, लेकिन उन्होंने दूसरे सेट में सामना किए गए सभी चार ब्रेक पॉइंट्स को कुशलता से बचाया, जिससे उन्होंने सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे ज़्यादा फाइनल के लिए अलेक्जेंडर ज़्वेरेव के साथ अपनी बराबरी तोड़ी, जो केवल नोवाक जो. कोविच (144) से पीछे हैं। एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी मेदवेदेव ने कहा कि यह बिल्कुल भी आसान नहीं था। स्कोर मैच को पूरी तरह से नहीं दिखाता है।लेकिन मैं खुश हूं कि सबसे महत्वपूर्ण पलों में, मैं एलेक्स से बेहतर प्रदर्शन करने में कामयाब रहा। मैच जीतने के लिए आपको यही करना होता है।

2025 सीजन के अंत में मेदवेदेव का उत्साहजनक प्रदर्शन, जिसमें अल्माटी में 15 महीने के खिताब के सूखे को खत्म करने से पहले बीजिंग और शंघाई में लगातार सेमीफाइनल शामिल थे, ने 2026 की सकारात्मक शुरुआत के लिए आधार तैयार किया है। वह एक और अमेरिकी ब्रैंडन नाकाशिमा के खिलाफ फाइनल में 2-0 लेक्सस एटीपी हेड2हेड बढ़त के साथ उतरेंगे। इससे पहले, नाका. शिमा ने अपने अच्छे दोस्त अलेक्जेंडर कोवासेविच को 7-6(4), 6-4 से हराकर अपने चौथे एटीपी टूर फाइनल में जगह बनाई, और 2022 में सैन डिएगो में अपने घर पर पहला खिताब जीतने के बाद यह उनका पहला फाइनल है। इस हफ्ते ब्रिस्बेन में अपने चार मैचों में इस अमेरिकी खिलाड़ी ने एक भी सेट नहीं हारा है। नाकाशिमा ने अपने देशवासी के बारे में कहा कि एलेक्स और मैं असल में बहुत अच्छे दोस्त हैं, हमने पिछले महीने काफी प्रैक्टिस की, इसलिए उसे इन टूर्नामेंट में अच्छा खेलते हुए देखकर बहुत अच्छा लग रहा है।

### वर्ल्ड नंबर-1 शी चोट के कारण बाहर थाईलैंड के विटिडसर्न बने चैंपियन

**कुआलालंपुर, वार्ता।** चीन के वर्ल्ड नंबर 1 शी यूकी रविवार को थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न के खिलाफ मलेशिया ओपन फाइनल के दौरान पीठ की चोट के कारण रिटायर हो गए। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन शी दर्द में खेल रहे थे, लेकिन पहला गेम 21-23 से हारने के बाद उन्होंने मैच छोड़ दिया। मैच के बाद उन्होंने कुनलावुत की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कुनलावुत हमेशा से बहुत मजबूत खिलाड़ी रहे हैं और अभी दुनिया के टॉप खिलाड़ियों में से एक हैं। उनके खिलाफ खेलना हमेशा एक सीखने वाला अनुभव होता है, खासकर इस तरह के फाइनल स्टेज पर। महिला सिगल्स फाइनल में, दक्षिण कोरिया की ओलंपिक चैंपियन एन से-यंग ने चीन की वांग झेई को 21-15, 24-22 से हराया। वांग ने कहा कि दूसरे गेम में उनके पास मैच पलटने के मौके थे, लेकिन अहम पलों में वह चूक गईं। उन्होंने कहा कि जब मैं पिछड़ रही थी, तो मुझे बेहतर टैक्टिकल जवाब देने चाहिए थे। मुझे उम्मीद है कि अगली बार मैं बेहतर प्रदर्शन करूंगी। चीन ने लियू शेंगशु और टैन निग, और फेंग यानझे और हुआंग डोंगपिग के जरिए महिला डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के खिताब जीते। लियू और टैन ने महिला डबल्स फाइनल में दक्षिण कोरिया की बाएक हा-ना और ली सो-ही को 21-18, 21-12 से हराया।

# वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में गुलवीर सिंह 40वें स्थान पर रहे

**अमेरिका, वार्ता।** भारत के लंबी दूसरी के धावक गुलवीर सिंह वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026 में सीनियर पुरुषों की दौड़ में 40वें स्थान पर रहे। अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के टलहासी शहर में शनिवार को हुई इस चैंपियनशिप में 30:39 सेकंड समय के साथ 40वें स्थान पर रहे।

यह गुलवीर सिंह के करियर में क्रॉस कंट्री रेस में उनका दूसरा सबसे अच्छा समय था, इससे पहले उन्होंने दो साल पहले बेलग्रेड में हुई पिछली वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में 30:07 का समय निकाला था। गुलवीर के साथी भारतीय एथलीट सावन बरवाल 31:37 का समय निक. ालकर टलहासी 2026 में 60वें स्थान पर रहे। टोक्यो 2020 ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता युगांडा के जैकब किप्लिमो ने 28:18 का समय निकालकर लगातार तीसरा वर्ल्ड क्रॉस कंट्री खिताब जीता।

इथियोपिया के बेरिहू अरेगावी 18 सेकंड पीछे रहे और लगातार तीसरी बार किप्लिमो के बाद दूसरे स्थान पर रहे। केन्या के डेनियल एबेन्यो 28:45 का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रहे। वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की सीनियर रेस की एंट्री लिस्ट में 123 एथलीट शामिल थे, जिनमें से 114 ने फिनिश लाइन पार की। इस बीच, मिश्रित रिले स्पर्धा में, भारत के अजय कुमार सरोज, पूजा, यूनुस शाह और अंकिता 24:13 का समय लेकर 12वें स्थान पर रहे। इससे पहले वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में किसी भी भारतीय टीम ने मिक्स्ड रिले स्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया था।

# पयास-सिड्रेला ने मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता



● **मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में जैन और दास ने हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को हराया**

**वडोदरा, वार्ता।** पयास जैन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज 2026 में यहां सामा इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ट्रिपल क्राउन जीतने की कोशिश करेंगे, क्योंकि उन्होंने सिड्रेला दास के साथ मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता और रविवार सुबह पुरुष सिगल्स के फाइनल में भी पहुंच गए। वडोदरा में डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज़ का पहला एडिशन, जिसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात ने पेश किया है, टेबल टेनिस एसोसिएशन ऑफ बड़ौदा द्वारा होस्ट किया जा रहा है और यूटीटी द्वारा लागू किया जा रहा है। मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में, जैन और दास ने पहला गेम हारने के बाद वापसी करते हुए दूसरी वरीयता प्राप्त हरमीत देसाई और यशस्विनी घोरपड़े को 8-11, 11-9, 11-3, 11-6 से हराया। इससे पहले, दिल्ली में जन्मे खिलाड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त आकाश पाल को 11-5, 12-10, 11-9 से हराकर पुरुष सिगल्स के फाइनल में जगह बनाई। पयास जैन, जो अंकुर भट्टाचार्य के साथ पुरुष डबल्स के फाइनल में भी पहुंच गए हैं, अब शीर्ष वरीयता प्राप्त मानुष शाह का सामना करेंगे, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त स्नेहित सुरावज्जुला को 6-11, 11-9, 14-12, 11-5 से हराया। महिला सिगल्स सेमीफाइनल में, अनुषा कुतुंबले ने सातवीं वरीयता प्राप्त सुतीर्था मुखर्जी को 12-10, 11-5, 16-14 से हराया। तीसरे गेम में, अनुषा ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट को बदलने से पहले दो गेम प्वाइंट बचाए और कोरिया की रियू हाना के खिलाफ फाइनल मुकाबला तय किया। बिना वरीयता प्राप्त कोरियाई खिलाड़ी, रियू हाना ने दूसरे सेमीफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त सिड्रेला दास को 11-4, 8-11, 7-11, 11-4, 11-9 से हराया।

# रिकलटन के शतक से एमआई केप टाउन ने जेएसके को हराया

● **रिकलटन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी की बराबरी करते हुए 60 गेंदों में 113 रन बनाए**

**सैंडटन, वार्ता।** रयान रिकलटन बेटवे एसए20 में एक से अधिक शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। डिफेंडिग चैंपियन एमआई केप टाउन ने वांडरर्स में खेले गए 'एल क्लासिको' मुकाबले में जोबर्ग सुपर किंग्स को 36 रन से हराकर अपने बेटवे एसए20 अभियान को नई जान दी।

रिकलटन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी की बराबरी करते हुए 60 गेंदों में नाबाद 113 रन (8 चौके, 9 छक्के) बनाए, जिसकी बदौलत एमआई केप टाउन ने 20 ओवर में 3 विकेट पर विशाल 234 रन बनाए। इसके बाद जॉर्ज लिडे (2/30) और कगिसो रबाडा (2/34) की सटीक गेंदबाज़ी ने सुपर किंग्स को 5 विकेट पर 198 रन तक सीमित कर दिया। सलामी बल्लेबाज़ रासी वान डर डुसेन ने भी अहम योगदान दिया और 32 गेंदों में 65 रन (4 चौके, 6 छक्के) जड़े। उन्होंने और रिकलटन ने दो सत्र पहले इसी मैदान पर हुई 200 रन की रिकॉर्ड ओपनिग साझेदारी की यादें ताज़ा करते हुए इस बार भी सिर्फ 10-2 ओवर में 129 रन की तेजतर्रार साझेदारी की। एमआई केप टाउन के पावर-हिटर्स निक. ोलस पूरन और जेसन स्मिथ अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके, लेकिन रिकलटन ने मेहनत को ज़ाया नहीं जाने दिया। उन्होंने नांद्रे बर्गर के ओवर में लगातार बाउंड्री और एक गगनचुंबी छक्का लगाकर महज 55 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया। डेथ ओवरों में उन्हें अफग़ानिस्तान के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी करीम जनत का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 11 गेंदों में नाबाद 20 रन बनाए। जेएसके की रन-चेज़ उस समय झटका खा गई जब कप्तान डु प्लेसिस बल्लेबाज़ी के लिए उपलब्ध नहीं हो सके।

# पंत एकदिवसीय सीरीज से बाहर हुए



● **ऋषभ पंत अभ्यास के दौरान लगी साइड स्ट्रेन के कारण हुए बाहर ध्रुव जुरेल को टीम शामिल किया गया**

**वडोदरा, वार्ता।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रविवार को अभ्यास के दौरान लगी साइड स्ट्रेन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं। ध्रुव जुरेल को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है और वह वडोदरा में टीम से जुड़ भी चुके हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जारी एक बयान में कहा कि पंत को शनिवार अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स में बल्लेबाजी करते समय दाईं तरफ पसलियों के पास अचानक दर्द महसूस हुआ। उन्हें तुरंत एमआरआई स्कैन के लिए ले जाया गया। इसके बाद बीसीसीआई का चिकित्सा दल ने विशेषज्ञ के साथ उनकी क्लिनिकल और रेडियोलॉजिकल रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की। पंत को साइड स्ट्रेन की पुष्टि हुई है और उन्हें एकदिवसीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है। हालांकि पंत की चोट भारतीय टीम के संयोजन को अधिक प्रभावित नहीं करती क्योंकि के एल राहुल एकदिवसीय में पहले से ही नियमित विकेटकीपर हैं। हालांकि पंत अच्छे फॉर्म में थे और दिल्ली की कप्तानी करते हुए उन्होंने टीम को विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाया था। उन्होंने इस दौरान छह पारियों में दो अर्द्धशतक लगाए। वहीं जुरेल भी विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने पिछली सात पारियों में छह 50 से अधिक के स्कोर बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। उनकी इस बल्लेबाजी से उत्तर प्रदेश की टीम भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है। पहले एकदिवसीय के बाद वडोदरा से टीमें राजकोट (14 जनवरी) और इंदौर (18 जनवरी) में खेलेंगी, उसके बाद उनका ध्यान पांच मैचों की टी-20 पर रहेगा, जो नागपुर (21 जनवरी), रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में खेली जाएगी। यह सीरीज टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम मानी जा रही । टी-20 विश्व कप फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल भारत की टी-20 टीम में नहीं हैं।

एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:- शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, के एल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वाशिगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर)।

# यास्तिका भाटिया वूमेंस प्रीमियर लीग 2026 से हुई बाहर



**नवी मुम्बई, वार्ता।** गुजरात जायंट्स (जीजी) की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 से बाहर हो गई हैं। भाटिया की उपलब्धता को पहले से ही संशय बना हुआ था क्योंकि अक्तूबर में उनकी एसीएल सर्जरी हुई थी। डब्ल्यूपीएल ने नीलामी से पहले ही तमाम फैंचाइजी को सूचित कर दिया था कि अगर कोई टीम उन्हें खरीदती है तो उनके लिए रिप्लेसमेंट विकल्प नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद जीजी और यूपी वॉरियर्ज ने उनके लिए बोली लगाई और जीजी ने 50 लाख में उन्हें खरीद लिया। जीजी के कोच माइकल क्लिगर ने सोशल मीडिया पर फैंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि आप अच्छी होंगी और अच्छी तरह से रिकवर कर रही होंगी। हमें आपके दोबारा फिट होने और डब्ल्यूपीएल के पांचवें सीजन में बेसब्री से आपकी वापसी का इंतजार है।

### खेलो इंडिया विटर गेम्स के लिए आइस हॉकी ट्रायल आज

**शिमला, वार्ता।** हिमाचल प्रदेश के युवा सेवा और खेल विभाग ने आगामी खेलो इंडिया विटर गेम्स 2026 के लिए राज्य की आइस हॉकी टीमों (पुरुष और महिला) के चयन के लिए ट्रायल की घोषणा की है। विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक जानकारी के अनुसार ट्रायल सोमवार को होगा। चुनी गई टीमें खेलो इंडिया विटर गेम्स-2026 में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिसका पहला चरण 20 जनवरी से शुरू होने वाला है, जबकि दूसरा चरण कश्मीर में खेला जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए आइस हॉकी ट्रायल सुबह 11 बजे शुरू होंगे। इच्छुक खिलाड़ियों से अपने हिमाचली बोनाफाइड सर्टिफिकेट और दो पासपोर्ट आकार की तस्वीरों के साथ शेड्यूल के अनुसार ट्रायल सेंटर पर रिपोर्ट करने को कहा गया है।

## सम्पादकीय

सोमवार, 12 जनवरी 2026

# अश्लील तस्वीरों पर रोक

सरकार के दखल देने से ग्रोक पर अब एआई से अश्लील तस्वीरें नहीं बनेंगी। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने 2 जनवरी को एआई चैटबॉट ग्रोक के गलत इस्तेमाल को लेकर आईटी मंत्री को एक लेटर लिखा। सरकार ने इस लेटर की गंभीरता को देखते हुए उसी दिन कहा था कि वह एआई एप ग्रोक से बनाई जा रही अश्लील फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एक्स इस पर कार्रवाई करने के लिए तुरंत सहमत हो गया, उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कंटेंट मॉडरेशन में अपनी गलती स्वीकार कर ली है। कंपनी का कहना है कि अश्लील इमेज जनरेशन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाएगी और भारतीय कानूनों का पालन करेगी। प्लेटफॉर्म ने यह भी बताया कि उसने 3500 से ज्यादा कंटेंट ब्लॉक कर दिए हैं, साथ ही 600 से अधिक अकाउंट डिलीट करने की बात कही है। हालांकि राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी अभी एक्स के फैसले से पूरी तरह संतुष्ट होती दिखाई नहीं दे रही हैं। चतुर्वेदी ने कहा है कि ग्रोक के माध्यम से आपत्तिजनक और यौन रूप से इमेज जनरेशन को पूरी तरह से रोकने के बजाए केवल पेड यूजर तक सीमित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाकर कहा है कि यह कदम प्रभावी रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्वीरों के अनाधिकृत दुरुपयोग की अनुमति देता है, जिन्हें जोखिम में डाला जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि प्लेटफॉर्म निंदनीय व्यवहार को मॉनिटाइज कर रहा है, यह शर्मनाक है। हालांकि इस पर एक्स के मालिक ने तीन जनवरी को सफाई देते हुए कहा भी कि कुछ लोग कह रहे हैं कि ग्रोक आपत्तिजनक तस्वीरें बना रहा है, लेकिन यह ऐसा है जैसे किसी बुरी बात को लिखने के लिए पैन को दोष देना। वह तर्क देते हैं कि कलम यह तय नहीं करता कि क्या लिखा जाएगा, यह काम उसे पकड़ने वाला करता है। वह आगे यह भी कहते हैं कि आपको क्या मिलेगा यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि उसमें क्या इनपुट दिया जाता है। उनके अनुसार जिम्मेदारी टूल की नहीं उसे इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति की होती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि अश्लील कंटेंट के माध्यम से सबसे ज्यादा प्रभावी महिलाएं व बच्चे हो रहे हैं। जैसाकि प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा भी कि कुछ पुरुष फर्जी अकाउंट बनाकर महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं और एआई से कपड़े छोटे दिखाने या तस्वीरों को गलत तरीके से पेश करने को कह रहे हैं। इसमें उन महिलाओं को भी निशाना बनाया जा रहा है जो खुद अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं, उनके अनुसार यह बहुत गलत है और एआई का गंभीर दुरुपयोग है। सबसे बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह है कि ग्रोक इस तरह की गलत डिमांड को मान रहा है। यह सिर्फ गलत ही नहीं बल्कि क्राइम है। एआई तकनीक को लेकर जहां उसके विस्तार की बात चल रही है, वहीं उसके दुरुपयोग होने की बातों पर भी बहस हो रही है।

## ...तो फिर कौन सा एसआईआर सही



उप्र में विधानसभा चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर केंद्रीय चुनाव आयोग ने कराया, जबकि पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का एसआईआर राज्य चुनाव आयोग द्वारा कराया गया, जब दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते, तो फिर कौन सा एसआईआर सही है, दोनों ही एसआईआर प्रक्रिया में हर जगह एक ही बीएलओ लगाए गए, इसके बावजूद दोनों के आंकड़ों में बड़ा विरोधाभास सामने आया है, विधानसभा एसआईआर के बाद पूरे प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 2.89 करोड़ कम होकर 12.56 करोड़ रह गई, जबकि पंचायत एसआईआर के बाद ग्रामीण मतदाताओं की संख्या 40 लाख बढ़कर 12.69 करोड़ हो गई, ये दोनों आंकड़े एक साथ सही नहीं हो सकते, दोनों में कौन सा एसआईआर सही है और अगर एक ही प्रदेश में एक ही बीएलओ के जरिये किए गए एसआईआर में इतने विरोधाभासी आंकड़े सामने आ रहे हैं तो यह गंभीर चिंता का विषय है। **–अखिलेश यादव, अध्यक्ष सपा**

# क्या ईरान के लिए अब परमाणु परीक्षण जरूरी है



**तनवीर जाफरी**



पिछले दिनों सनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के निर्देश पर जिसतरह वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई करते हुए अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला की राजधानी कराकस से वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी का बलात अपहरण कर उन्हें न्यूयार्क ले जाया गया उसने पूरी दुनिया को न केवल अचंभे में डाल दिया है बल्कि इस घटना ने एक नई विश्व व्यवस्था व नए वैश्विक शक्ति संतुलन के गठन की संभावना को भी प्रबल कर दिया है। कितना आश्चर्य है कि नोबल शांति पुरस्कार की चाहत रखने वाले राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी शक्तियों का दुरुपयोग कर इस दुनिया को जंगल राज की तरह चलाना चाह रहे हैं? वेनेजुएला पर की गई गैर कानूनी अमेरिकी कार्रवाई कई संकेतों की ओर इशारा कर रही है।

एक तो यह कि क्या यह विश्व की उदारवादी सोच रखने वाली ताकतों को विश्व की पूंजीवादी व अतिवादी व्यवस्था की ओर से दी जाने वाली यह एक सीधी चुनौती है? गौरतलब है कि ट्रंप परिवार की गिनती भी अमेरिका के बड़े पूंजीवादी घरानों में की जाती है। या फिर यह चीन व रूस जैसे देशों एक साथ ललकारने की ट्रंप की नीति का हिस्सा है और अब कोलंबिया, क्यूबा, मैक्सिको और ईरान जैसे देशों पर अमेरिकी सैन्य या आर्थिक दबाव की आशंका व्यक्त की जा रही है। साथ ही अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर भी अधिग्रहण की धमकी दी जा चुकी है।

ऐसे में दुनिया के सामने दो ही विकल्प बचे हैं एक तो यह कि दूसरे देशों की स्वतंत्रता व संप्रभुता का सम्मान करने वाले सभी देश वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई का विरोध करते हुए हर स्तर पर एकजुट होकर अमेरिका का मुकाबला करें। दूसरा यह कि जिसकी लाठी उसी की भैंस वाली अमेरिकी नीति का ही अनुसरण करते हुए पूरी दुनिया ही जंगल राज में बदल जाए। हर ताकतवर देश अपनी पड़ोसी कमजोर देश को निगलने की मानवता व न्याय विरोधी रक्तरंजित योजना पर काम करे। उदाहरण के तौर पर चीन ताइवान को हड़प ले और रूस यूक्रेन पर अपना आधिपत्य स्थापित कर ले? इस्राईल, फिलिस्तीन लेबनान सीरिया पर नियंत्रण कर अपने वृहत्तर इस्राईल के नापाक मंसूबे पर आगे बढ़े और इन्हीं खतरनाक संभावनाओं के बीच एक उपाय यह भी है कि ईरान परमाणु परीक्षण के द्वारा उत्तर कोरिया की तरह एक ऐसी आत्म रक्षक व षनिवारकष रणनीति पर काम करे जो अमेरिका को भी युद्ध से पीछे हटने पर मजबूर कर दे? तो क्या लंबे समय से चले आ रहे तमाम ईरान विरोधी प्रतिबंधों के बावजूद उस के सामने इस समय वैसी ही स्थिति पैदा हो चुकी है कि आत्मरक्षा के लिए अब उसे परमाणु संपन्न देशों के क्लब में शामिल होना जरूरी हो गया है?

गौरतलब है कि गत 13 जून–24 जून 2025 के मध्य चला बारह दिवसीय ईरान–इजराइल युद्ध उस समय शुरू हुआ था जब इजराइल ने ईरान के कई सैन्य और परमाणु ठिकानों पर बमबारी की थी और ईरान के कई प्रमुख सैन्य अधिकारियों, परमाणु वैज्ञानिकों व प्रमुख राजनेताओं की हत्या कर दी थी साथ ही अनेक नागरिकों को भी मार दिया था। इजराइल ने उस समय ईरान की वायु सुरक्षा को भी नुकसान पहुंचाया था और कई जगह तो इसे पूरी तरह नष्ट भी कर दिया था। इतना ही नहीं बल्कि अमेरिका ने भी इस्राईल के समर्थन में 22 जून को तीन ईरानी परमाणु स्थलों पर बमबारी की परन्तु बाद में मुंहतोड़ जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने 550 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों और 1,000 से अधिक आत्मघाती ड्रोनों के साथ बड़े पैमाने पर इस्राईल में राजधानी तेल अवीव सहित कई शहरों पर भीषण हमले किए। कम से कम बारह सैन्य, ऊर्जा और सरकारी स्थलों को निशाना बनाया। यहां तक कि कई अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों को भी निशाना बनाया। उस दौरान भी पश्चिमी मीडिया ईरानी सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामनेई को लेकर बार बार तरह तरह की अफवाह उड़ा रहा था। कभी उन्हें भूमिगत बता देता था तो कभी उनके ईरान छोड़कर भाग जाने की खबर फैला देता था। उस समय भी आयतुल्लाह खामनेई जनता को संबोधित करने के लिए सार्वजनिक रूप से दिखाई देते थे और पिछले दिनों भी बिल्कुल वैसा ही दृश्य देखने को मिला। इस बार भी भूमिगत होने व मास्को भागने की तैयारी जैसी अफवाहों के बीच गत शुक्रवार को पुनः आयतुल्लाह खामनेई जनता के सामने आए तथा बेखौफ होकर खुद अमेरिका को ही हिदायत व नसीहत करते सुने गए परन्तु ट्रंप के नेतृत्व वाला वर्तमान अमेरिका वेनेजुएला की घटना के बाद तो पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। दुनिया में सबसे अधिक तेल भण्डार रखने वाले अमेरिका को विश्व के अन्य तेल उत्पादक देशों से अपनी शर्तों पर तेल चाहिए। चाहे इसके लिए कोई भी बहाना बनाकर किसी राष्ट्रपति का अपहरण तक क्यों न करना पड़े। जाहिर है ईरान भी वेनेजुएला की ही तरह दुनिया के उन गिने चुने तेल उत्पादक देशों में एक है जो अमेरिका को सर्वशक्तिमान भी नहीं मानता और न ही उसकी श्वैश्विक थानेदारी श को स्वीकार करता है। जबकि 1979 की ईरानी इस्लामिक क्रांति से पहले का रजा शाह पहलवी का ईरानी शासन अमेरिका का पिठू शासन था। उसी समय से ईरान न केवल अमेरिकी बल्कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा लगाए गई अनेक प्रतिबंध भी झेलता आ रहा है जोकि निश्चित रूप से ईरान की अर्थव्यवस्था को बेहद कमजोर कर रहा है। इन प्रतिबंधों के बावजूद अपने अत्यंत सीमित संसाधनों के बल पर ईरान ने शिक्षा,विज्ञान यहां तक कि अंतरिक्ष विज्ञान तक के क्षेत्र में जो तरक्की की है उसी की झलक गत वर्ष के बारह दिवसीय ईरान–इजराइल युद्ध में भी देखने को मिली परन्तु अब बात इस्राईल की नहीं बल्कि ईरान को सीधे अमेरिका चुनौती दे रहा है। ईरान में चल रहे सरकार विरोधी व अमेरिका–इस्राईल समर्थित प्रदर्शनों को लेकर अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो अमेरिका ईरान पर बड़े हमले करेगा। ऐसे में ईरान,अमेरिकी हमलों से बचने के लिए आखिर कौन सी रणनीति अपना सकता है? क्या ईरान द्वारा परमाणु परीक्षण किया जाना भी इन्हीं संभावनाओं में एक सबसे प्रमुख है? क्या निकट भविष्य में ईरान भी परमाणु परीक्षण कर परमाणु क्लब में शामिल हो जाएगा ताकि अमेरिका व इजराइल जैसे देशों को सैन्य हमले से रोका जा सके? यदि ईरान में उपजे सत्ता विरोधी प्रदर्शनों के बीच ईरान रूस और चीन जैसे सहयोगी देशों की मदद से परमाणु परीक्षण करता है तो इससे ईरान की जनता में सुरक्षा, स्वाभिमान तथा राष्ट्रवाद बढ़ेगा तो बढ़ेगा ही साथ ही वहां आंतरिक राष्ट्रीय एकता भी बढ़ेगी। इसके अलावा ईरान का क्षेत्रीय प्रभाव भी बढ़ेगा साथ ही अमेरिकी एक ध्रुवीयता का विरोध करने वाले देशों को भी मजबूती मिलेगी। इसके अलावा दशकों से अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण दबाव का सामना करती आ रही ईरान की अर्थव्यवस्था में इस परीक्षण से श्रब्ब्व्। के रूप में कई नई संभावनाएं भी खुल सकती हैं। वैसे भी उत्तर कोरिया द्वारा किए गए परमाणु परीक्षण के बाद ही ट्रंप–की उत्तर कोरिया राष्ट्रपति किम जोंग के साथ 27–28 फरवरी 2019 को वेतनाम के हनोई में मुलाकात हुई थी। गोया आज की दुनिया में खासकर अमेरिकी वर्चस्व वाली दुनिया में यदि किसी देश को अपना अस्तित्व बचाकर रखना है तो उसका परमाणु संपन्न देश होना जरूरी हो चुका है। अन्यथा कभी भी इराक–वेनेजुएला–गजा–सीरिया–लेबनान यानी कहीं भी कुछ भी हो सकता है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कैसे हल हो भारत में दूषित जल की समस्या

**आंकड़े बताते है कि पश्चिमी देशों के अनुभव काफी उपयोगी साबित हुए हैं। स्विट्जरलैंड में शहरी जल उपचार की गुणवत्ता सर्वोच्च है और विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वहां का नल का पानी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। वे अपशिष्ट जल को पुनर्चक्रित करते हैं, जो कई देशों में अपनाया जाता है। यूरोप में 'ब्लू रिवोल्यूशन' रणनीति कुशल उपयोग, अपशिष्ट कमी और पारिस्थितिक संतुलन पर जोर देती है। प्रबंधित एक्विफर रिचार्ज ( एमएआर ) जैसी विधियां अपनाई जाती हैं, जिसमें नदी तलों को समायोजित करना, बैंक फिल्ट्रेशन, सतही पानी का वितरण और रिचार्ज कुओं का उपयोग शामिल है।**



**विनीत नारायण**

भारत, जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, आज दूषित जल के एक गंभीर संकट से जूझ रहा है। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से 2025–2026 में, दूषित नल के पानी से 5,500 से अधिक लोग बीमार हुए और 34 मौतें हुईं, जो 26 शहरों में फैली हुई हैं। यह आंकड़े न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि वे एक बड़ी राष्ट्रीय समस्या की ओर इशारा करते हैं। भारत की प्रमुख नदियां, जैसे गंगा और यमुना, औद्योगिक अपशिष्ट, अनुपचारित सीवेज और कृषि अपवाह से बुरी तरह प्रदूषित हैं। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में से 120वें स्थान पर है और लगभग 70 प्रतिशत भूजल स्रोत दूषित हैं। दूषित जल की समस्या भारत में बहुआयामी है। मुख्य कारणों में अनुपचारित सीवेज सबसे बड़ा है, जो नदियों और भूजल को प्रदूषित करता है। इसके अलावा, कृषि से निकलने वाले कीटनाशक और उर्वरक, तथा उद्योगों से निकलने वाले रसायन जैसे भारी धातु और विषाक्त पदार्थ जल स्रोतों को नष्ट कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, कपड़ा और चमड़ा उद्योगों से निकलने वाला अपशिष्ट कई नदियों को प्रभावित कर रहा है। 163 मिलियन भारतीयों के पास सुरक्षित पेयजल की पहुंच नहीं है और 21 प्रतिशत संक्रामक रोग जल से संबंधित हैं। हाल ही में इंदौर और अन्य शहरों के घटनाक्रमों ने इस समस्या को और उजागर किया है। इंदौर में दूषित पानी से कम से कम 8 मौतें हुईं, लेकिन रिकॉर्ड दिखाते हैं कि 18 परिवारों को मुआवजा दिया गया। यह असंगति सरकार की पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। पूरे देश में टाइफाइड जैसे रोग फैल रहे हैं, जो दूषित पानी से जुड़े हैं। आर्थिक रूप से, यह संकट उत्पादकता को प्रभावित करता है, क्योंकि बीमारियां कार्यबल को कमजोर करती हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से, यह जैव विविधता को भी नुकसान पहुंचाता है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बढ़ाता है। 2025–2027 में जल की कमी भारत के लिए सबसे बड़ा पर्यावरणीय जोखिम साबित हो सकती है। यदि इसे नजरअंदाज किया गया, तो 'डे जीरो' की स्थिति कई राज्यों में आ सकती है।

सरकार की उदासीनता इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। केंद्र सरकार पर आरोप है कि वह स्वच्छ जल और स्वच्छ हवा प्रदान करने में विफल रही है। विपक्षी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। विपक्ष के अनुसार मुख्य कारणों में कमी नियमों की है, अत्यधिक निजीकरण, सरकारी भ्रष्टाचार और सामान्य उपेक्षा शामिल हैं। मध्य प्रदेश में इंदौर घटना के बाद नगर आयुक्त को हटाया गया और दो अधिकारियों को निलंबित किया गया, लेकिन विपक्ष इसे केवल प्रतिक्रियात्मक कदम मानता है। राजनैतिक विश्लेषकों के अनुसार चुनावी वादे जैसे 'हर घर जल' योजना लागू तो हुई, लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। दिल्ली जल बोर्ड को सख्त जांच के निर्देश दिए गए, लेकिन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की कमी पाई गई है। भ्रष्टाचार के कारण फंड का दुरुपयोग होता है और स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचा अभी भी पुराना है। सीवेज और पेयजल लाइनों की मिश्रण जैसी समस्याएं आम हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, जल गुणवत्ता 2025–26 में एक प्रमुख चुनौती है, लेकिन इस गंभीर चुनौती को कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) को स्थानांतरित करने के बजाय सरकार को अधिक सक्रिय होना चाहिए। यह उदासीनता न केवल स्वास्थ्य संकट पैदा करती है, बल्कि सामाजिक असमानता को भी बढ़ाती है, क्योंकि इससे गरीब तबके के लोग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। दूषित जल की समस्या का समाधान संभव है, यदि बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाया जाए। सबसे पहले, स्रोत पर प्रदूषण को रोकना जरूरी है। उद्योगों को अपशिष्ट उपचार संयंत्र स्थापित करने के लिए बाध्य किया जाए। कृषि में जैविक खेती को प्रोत्साहित करें ताकि रसायनों का अपवाह कम हो। सीवेज उपचार को 100 प्रतिशत बनाना चाहिए, जो वर्तमान में अपर्याप्त है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सदैव प्रासंगिक रहेंगे स्वामी विवेकानंद के मूलमंत्र



**योगेश कुमार गोयल**



वर्तमान परिवेश में समाज के चारों ओर अपराध और भ्रष्टाचार का जो मकड़जाल फैलता जा रहा है, वह घुन की तरह देश की जड़ों को भीतर ही भीतर खोखला कर रहा है। इस दूषित वातावरण का सबसे गहरा असर युवा वर्ग पर पड़ रहा है, जो बेरोजगारी, अनिश्चित भविष्य और नैतिक विचलन के कारण हताशा व निराशा से जूझ रहा है। ऐसे समय में यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि युवा सही मार्ग से न भटके। इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उनमें राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्यों का बोध कराना, उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना और समुचित मार्गदर्शन देना समय की मांग है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है, जो प्रतिवर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत की आजादी की लड़ाई में जिन युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर क्रांति का बीजारोपण किया, वे ही आज की स्वतंत्रता की नींव बने।

भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरू जैसे असंख्य युवाओं ने देश की आन–बान और शान के लिए अपने निजी सुखों का त्याग कर सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया। दुर्भाग्यवश, आधुनिक युग में हम स्वार्थपरता के कारण इन क्रांतिकारी जीवन गाथाओं को विस्मृत करते जा रहे हैं और अनजाने में ही भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इसीलिए ऐसे महान और क्रांतिकारी युवाओं के जीवन आदर्शों से नई पीढ़ी को परिचित कराना आवश्यक है ताकि वह समाज में व्याप्त गंदगी से स्वयं को बचाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा का सदुपयोग कर सके। आधुनिक भारत के महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक और युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद की जयंती को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाने का उद्देश्य भी यही है। अल्पायु में ही अपने विचारों और ओजस्वी चिंतन से विश्वभर में विशिष्ट पहचान बनाने वाले विवेकानंद आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा के शाश्वत स्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद के वक्तव्यों का आम जनमानस और खासकर युवाओं के मनोमस्तिष्क पर कितना प्रभाव पड़ता था, इसका उनके शिकागो भाषण से बेहतर उदाहरण नहीं मिल सकता। 11 सितम्बर 1893 को जब शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की थी तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही थी। अपने उस भाषण के जरिए उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया था। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए। स्वामी विवेकानंद सही मायनों में युवाओं के महान प्रेरणास्रोत और आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। उन्हें उनके ओजस्वी विचारों, तेजस्वी व्यक्तित्व और राष्ट्रोत्थान के प्रति अटूट विश्वास के कारण जाना जाता है। उनका स्पष्ट मत था कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा शक्ति के चरित्र, साहस और संकल्प पर निर्भर करता है। वे बार–बार कहा करते थे कि उनकी सारी आशाएं देश के युवा वर्ग पर टिकी हुई हैं क्योंकि वही समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। विवेकानंद आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। उनके विचार न केवल आध्यात्मिक चेतना से ओतप्रोत थे बल्कि पूर्णतः व्यावहारिक और युगानुकूल भी थे। भारतीय नवजागरण के अग्रदूत के रूप में उन्होंने युवाओं को आत्महीनता, भय और हीनभावना से बाहर निकालकर आत्मगौरव और आत्मविश्वास से भरने का कार्य किया। उनका विश्वास था कि जब तक युवा अपने भीतर छिपी शक्ति को नहीं पहचानेंगे, तब तक राष्ट्र का वास्तविक उत्थान संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं को यह बोध कराया कि वे कमजोर नहीं हैं बल्कि उनमें असीम सामर्थ्य विद्यमान है।

केवल 39 वर्ष के अल्प जीवनकाल में स्वामी विवेकानंद मानवता को विचारों की ऐसी अमूल्य धरोहर सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समाज और राष्ट्र का मार्गदर्शन करती रहेगी। उनका कहना था कि भविष्य उन्हीं युवाओं का है, जिनका चरित्र .ढ़ हो, बुद्धि प्रखर हो और जिनके मन में दूसरों की सेवा के लिए त्याग और समर्पण की भावना हो। वे मानते थे कि आज्ञाकारिता, अनुशासन और कर्त्तव्यबोध से ही युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगा सकते हैं। विवेकानंद ने सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया और देश को सुदृढ़ बनाने का दायित्व उसी के कंधों पर रखा। उनके अनुसार, राष्ट्र निर्माण केवल शासन या संस्थाओं का काम नहीं बल्कि प्रत्एक जागरूक युवा का नैतिक कर्तव्य है। वे युवाओं से अपेक्षा करते थे कि वे केवल अपने लिए नहीं बल्कि समाज और देश के व्यापक हित में सोचें और कार्य करें। उनका जीवन स्वयं इस बात का उदाहरण था कि संकल्प, साधना और सेवा के माध्यम से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं को निर्भीक बनने, कठिनाईयों से न घबराने और निरंतर कर्मरत रहने का संदेश दिया। उनका मानना था कि कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान युवक–युवतियां मिलकर समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते हैं। वास्तव में, विवेकानंद का संपूर्ण दर्शन युवाओं को आत्मबोध, राष्ट्रबोध और मानवबोध से जोड़ने का अनुपम प्रयास है, जो उन्हें एक श्रेष्ठ व्यक्ति और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ग्रीनलैंड पर हमले का प्लान बना रहे ट्रम्प

## स्पेशल कमांडो को जिम्मेदारी सौंपी, जनरल बोलेः राष्ट्रपति की जिद 5 साल के बच्चे जैसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए प्लान बनाने का निर्देश दिया है। डेली मेल के मुताबिक ट्रम्प ने जाइंट स्पेशल आप. रेशंस कमांड (जेएसओसी) को यह जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि सैन्य अधिक. ारी इस विचार से सहमत नहीं दिख रहे हैं। वे इसे कानूनी रूप से गलत मानते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प की यह रुचि घरेलू राजनीति से भी जुड़ी हो सकती है। इस साल के अंत में मिड-टर्म चुनाव होने वाले हैं और रिपब्लिकन ससंद पर नियंत्रण खोने से डर रहे हैं। इसलिए ट्रम्प कोई बड़ा कदम उठाकर लोगों का अर्थव्यवस्था की समस्याओं से ध्यान हटाना चाहते हैं। डेली मेल को एक राजनयिक सूत्र ने बताया कि, ‘जनरलों को लगता है कि ट्रम्प की ग्रीनलैंड योजना बेतुकी और गैरकानूनी है। उनका कहना है कि राष्ट्रपति की जिद एक पांच साल के बच्चे से निपटने जैसा है। अमेरिका

**अमेरिका ने अगर ग्रीनलैंड पर हमला किया तो इससे नाटो के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है**

ने अगर ग्रीनलैंड पर हमला किया तो इससे नाटो के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। साथ ही यूरोपीय नेताओं के साथ सीधा टकराव हो सकता है, जिससे नाटो गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच सकता है।

कुछ यूरोपीय अधिकारियों का मानना है कि ट्रम्प के आसपास के कट्टरपंथी एमएजीए गुट का असली मकसद नाटो को अंदर से खत्म करना है, क्योंकि संसद उन्हें नाटो से बाहर निकलने की इजाजत नहीं देगी। इसलिए ग्रीनलैंड पर कब्जा करके यूरोपीय देशों को नाटो छोड़ने के लिए मजबूर किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ट्रम्प नाटो को खत्म करना चाहते हैं, तो यह शायद सबसे आसान तरीका हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुता. बिक, ट्रम्प लंबे समय से नाटो को अनुचित मानते हैं। उनका मानना है कि अमेरिका इसमें सबसे ज्यादा पैसा और संसाधन खर्च करता है, जबकि यूरोपीय देश अपने जीडीपी का 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य को पूरा नहीं करते। पहले कार्यकाल में, उन्होंने नाटो सहयोगियों से भुगतान बढ़ाने की मांग की और कहा कि अगर वे नहीं मानेंगे तो अमेरिका उनकी रक्षा नहीं करेगा। 2024 चुनाव अभियान में, ट्रम्प ने कहा कि वे रूस को उन नाटो सदस्यों पर जो चाहे करने की अनुमति देंगे जो पर्याप्त खर्च नहीं करते। ट्रम्प का मकसद ‘अमेरिका फर्स्ट’ नीति को बढ़ावा देना है। जिसमें वे अमेरिकी करदाताओं के पैसे को विदेशी सुरक्षा पर कम खर्च करना चाहते हैं। साथ ही यूरोप को अपनी रक्षा खुद करने के लिए मजबूर करना चाहते हैं। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि ट्रम्प नाटो को कमजोर करके रूस के साथ बेहतर संबंध बनाना चाहते हैं।

## ट्रम्प को झटकाः कोर्ट ने वॉशिंगटन व ओरेगन में मतदान संबंधी आदेश रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका में चुनावी प्रक्रिया को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को एक बड़ा कानूनी झटका लगा है। एक संघीय अदालत ने वाशिंगटन और ओरेगन में डाक द्वारा मतदान से जुड़े ट्रम्प प्रशासन के कार्यकारी आदेश के अधिकांश प्रावधानों पर रोक लगा दी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब ट्रम्प प्रशासन मतदान नियमों को सख्त करने की को. शिशों में जुटा हुआ था। सिएटल स्थित अमेरिकी जिला न्यायाधीश जान एच. चुन ने साफ कहा कि राष्ट्रपति को चुनावों को नियंत्रित करने का अधिकार नहीं है। ट्रम्प प्रशासन नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करना चाहता था। सभी मतपत्रों को चुनाव दिवस तक प्राप्त करने की शर्त रखी गई थी। अदालत ने माना कि ये प्रावधान राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। जज ने अपने आदेश में कहा कि चुनावों को विनियमित करने का अधिकार केवल राज्यों और कांग्रेस के पास है।




**मुंबई।** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव से पहले मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुकूल ऑफ आर्ट की एक छात्र ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर आधारित कागज से बनी पोशाक पहने हुए

## ताइवान ने द्वीप के पास चीन के सैन्य विमान और नौसैनिक जहाज देखे

**ताइपे।** ताइवान ने रविवार को द्वीप के पास परिचालन कर रहे चीन के चार सैन्य विमान और छह नौसैनिक जहाज़ देखे है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह करीब छह बजे द्वीप के आसपास चार चीनी सैन्य विमान, छह नौसैनिक जहाज़ और एक आधिकारिक जहाज़ की गतिविधियां देखी। मंत्रालय ने कहा कि एक विमान ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के उत्तरी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुस गया। ताइवान ने विमान और नौसैनिक जहाज़ भेजकर इसका जवाब दिया और चीनी गतिविधि पर नज़र रखी।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया से ड्रोन घटना पर मांगा स्पष्टीकरण

**सोल।** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया से उसके हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने वाले ड्रोन के बारे में विस्तृत स्पष्टीकरण देने का आग्रह किया है। यह जानक. ारी आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने रविवार को दी। कोरिया वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति की उप निदेशक किम यो जोंग ने शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में ये टिप्पणियां कीं। रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया की अधिकारी ने दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय की इस सार्वजनिक घोषणा की सराहना की।

### उत्तरी अफ्रीका के देशों में बर्बर नववर्ष एनयार का उत्साह

**नई दिल्ली।** दुनिया के अधिकांश देशों में जहां नए साल का जश्न अब थम चुका है, वहीं बर्बर समुदाय (अमाज़ीग) के लोग अपने पारंपरिक नववर्ष (एनयार) की तैयारियां धूमधाम से कर रहे हैं। गौरतलब है कि उत्तरी अफ्रीका के अल्जीरिया, मोरक्को, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र, माली, नाइजर आदि देशों में रहने वाले अमाज़ीग (बर्बर) समुदाय के लोगों का पारंपरिक नववर्ष वर्ष 12 जनवरी को शुरू होता है। यह नववर्ष प्राचीन बर्बर कैलेंडर से संबंधित है, जो जूलियन कैलेंडर पर आधारित है। बर्बर कैलेंडर की शुरुआत लगभग 950 ईसा पूर्व मानी जाती है, जब बर्बर मूल के राजा शेशनक प्रथम ने मिस्र पर विजय प्राप्त कर शासन संभाला।

### फ्रांस में हिमस्खलन में दो स्कीयरों की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के सावोई विभाग (क्षेत्र) के वैल-डी'इसेरे में ऑफ-पिस्ट स्कीइंग करते समय हिमस्खलन में फंसने से शनिवार को दो फ्रांसीसी स्कीयरों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। फ्रांस के दैनिक अखबार ले फिगारो ने वैल-डी'इसेरे पर्यटन के बयान का हवाला देते हुए कहा कि दोनों पीड़ित 2.5 मीटर बर्फ के नीचे दबे हुए थे और बचाव दल उन्हें ढूंढने और उन तक पहुंचने में कामयाब होने के बाद भी उन्हें बचा नहीं पाए।

# ट्रम्प को बताया ईरान पर हमले का प्लान

## अधिकारियों ने ईरान पर संभावित सैन्य हमलों के विकल्पों की ब्रीफिंग दी, अमेरिकी राष्ट्रपति का फैसला लेना बाकी

**वाशिंगटन/तेहरान।** ईरान में बीते दो हफ्तों से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान पर संभावित सैन्य हमलों के विकल्पों की ब्रीफिंग दी है। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ईरान सरकार प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई करती है तो ट्रम्प सैन्य कदम उठाने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति ने अभी अंतिम फैसला नहीं लिया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान आजादी की ओर देख रहा है, जो पहले कभी नहीं हुआ। अमेरिका मदद के लिए तैयार है। वहीं, ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर कालिबाफ ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिका या इजरायल ने ईरान पर हमला किया, तो दोनों को सख्ती से जवाब देंगे। दूसरी तरफ टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डाक्टर के हवाले से बताया कि कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अब तक 2600 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने रविवार को कहा कि अमे. रिका और इजरायल ईरान में दंगे भड़काकर अराजकता और अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानियों से दंगाइयों और आतंकवादियों से दूर रहने को कहा।

पजशकियान का कहना है कि अधिक. ारी प्रदर्शनकारियों की बात सुनेंगे, लेकिन देश में फैलते जा रहे हैं और दंगाई पूरे समाज को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। पजशकियान ने कहा कि हम लोगों की समस्या का समाधान करेंगे, लेकिन दंगाइयों के एक समूह को पूरे समाज को खत्म करने की इजाजत नहीं दे सकते। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने रविवार को राष्ट्रपति का एक साक्षात्कार प्रसारित किया, जिसमें पजशकियान ने यह बातें कहीं। ईरान पर अमे. रिकी हमले की आशंका को लेकर इजरायल हाई अलर्ट पर है। रायटर्स ने इजरायली सूत्रों के हवाले से बताया है कि हालात को देखते हुए इजरायली सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बढ़ाए हुए हैं। इजरायल और ईरान जून में 12 दिन की जंग लड़ चुके हैं, जिसमें अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर हवाई हमले किए थे। शनिवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच फोन पर बातचीत हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बातचीत में ईरान में अमेरिकी दखल की संभावना पर चर्चा हुई। अमेरिकी अधिकारी ने काल की पुष्टि की, लेकिन बातचीत के मुद्दों का खुलासा नहीं किया। ईरान ने अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई पर तीखी चेतावनी जारी की है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा है कि अगर प्रदर्शनकारियों को लेकर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो अमेरिकी सेना और इजरायल दोनों ईरान के निशाने पर होंगे। यह पहला मौका है जब ईरानी नेतृत्व की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई में इजरायल को भी सीधे तौर पर निशाना बनाए जाने की बात कही गई है। ईरान में बीते दो हफ्ते से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। इस बीच सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। ईरान के अटार्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शन में शामिल लोगों को ‘खुदा का दुश्मन’ माना जाएगा, जिसके तहत मौत की सजा दी जा सकती है। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भी ईरानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन हुए। इस दौरान एक प्रदर्शनकारी ने ईरानी दूतावास का इस्लामी गणराज्य का झंडा हटाकर 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले इस्तेमाल होने वाला झंडा फहरा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी ने शेर और सूरज के निशान वाला तिरंगा झंडा लगाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह झंडा कई मिनट तक दूतावास पर लगा रहा, जिसके बाद उसे हटा दिया गया। यह झंडा ईरान में शाह के शासनकाल के दौरान इस्तेमाल किया जाता था। प्रदर्शन के दौरान ‘डेमोक्रेसी फार ईरान’ और ‘फ्री ईरान’ जैसे नारे लगे। लंदन पुलिस ने कहा कि झंडा हटाने की घटना के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था रोकी जा सके और ईरानी दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



**ईरानी राष्ट्रपति बोलेः अमेरिका व इजरायल दंगे भड़का रहे, ईरान पर हमले की आशंका को लेकर इजरायल हाई अलर्ट पर**

### अमेरिका ने हमला किया, तो हम इजरायल, अमेरिका दोनों पर हमला करेंगेः ईरान संसद अध्यक्ष ग़ालिबाफ

**तेहरान।** ईरान की मजलिस (संसद) के अध्यक्ष मोहम्मद बघेर ग़ालिबाफ ने कहा है कि अगर अमेरिका उनके देश पर हमला करता है तो वे भी इजरायल और अमेरिका दोनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हैं। कैस्पियन पोस्ट की ओर से प्रकाशित एक खबर के अनुसार, ग़ालिबफ ने एक आपातकालीन बैठक के दौरान कहा कि इजरायल और अमे. रिका का सामना करने के अलावा ईरान आर्थिक, संज्ञानात्मक-मनोवैज्ञानिक और ‘सैन्य-आतंकवाद’ के मोर्चे पर भी जंग लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ईरान पर हमला करता है, तो वह इजरायल और पूर्वी एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमला करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि अगर अमेरिका हमारे ऊपर सैन्य हमला करता है तो उनके कब्जे के दोनों क्षेत्रों यानी इजरायल और अमेरिकी सैन्य-नौसेना ठिकाने हमारे निशाने पर आ जाएंगे। ग़ालिबाफ ने कहा कि हम खुद को कार्रवाई के बाद प्रतिक्रिया देने तक सीमित नहीं मानते हैं। हम खतरे के किसी भी ठोस संकेत के आधार पर कार्रवाई करेंगे।

# मादुरो ने अमेरिकी हिरासत से बेटे को भेजा संदेश

## ‘योद्धा हूं’, मजबूत बना हुआ हूं

**काराकस।** वेनेजुएला के सांसद निकोलस मादुरो ग्वेरा ने कहा कि उनके पिता राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अपने वकीलों के जरिए संदेश भेजा है। इसमें कहा गया है कि वह ठीक हैं और अमेरिकी हिरासत में होने के बावजूद मजबूत बने हुए हैं।

ग्वेरा ने वेनेजुएला की सत्ताधारी यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के नेताओं को संबोधित किया कि वकीलों ने हमें बताया कि वे मजबूत हैं और हमें उदास नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया पिता ने संदेश में कहा है कि हमलोग ठीक हैं। मैं योद्धा हूं। राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस, फिलहाल अमे. रिका में हैं। अमेरिकी सेना ने गत तीन जनवरी को राजधानी काराकस और अन्य शहरों में सैन्य अभियान चलाकर उन्हें अगवा कर लिया था। इन हमलों की दुनिया भर में निंदा की गई और चिंता जताई गई है। ग्वेरा ने कहा कि उनके पिता टूटे नहीं हैं, साथ में यह भी जोड़ा कि सरकार और उसके समर्थक ‘एकजुट हैं और मजबूती से खड़े हैं’। उन्होंने कहा कि शाविज्मो (पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो शावेज की विचारधारा) की ताकत एकता में है। चाहे कुछ भी हो जाए, हमें एकजुट रहना होगा। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने शनिवार को मादुरो और उनकी पत्नी की वापसी सुनिश्चित करने का वादा किया। मिरांडा राज्य में एक सामुदायिक कार्यक्रम में बोलते हुए सुरोड्रिग्ज ने कहा कि वेनेजुएला के नेतृत्व या शासन कार्यक्रम के बारे में कोई अनिश्चितता नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां कोई अनिश्चितता नहीं है। वेनेजुएला के लोग ही सब कुछ संभाल रहे हैं। यहां एक सरकार है, जो राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की है। कार्यवाहक राष्ट्रपति ने शांति, स्थिरता और देश के भविष्य की गारंटी के लिए एकता बनाए रखने की अपील की।



**अमेरिकी सेना ने गत तीन जनवरी को राजधानी काराकस और अन्य शहरों में सैन्य अभियान चलाकर उन्हें अगवा कर लिया था**

# बांग्लादेश में 10 पार्टियां कर सकती है गठबंधन

**ढाका।** बांग्लादेश में पूर्व पीएम खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी 10 अन्य दलों के साथ मिलकर गठबंधन करने की तैयारी कर रही है। इनमें जमात-ए-इस्लामी, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश और नेशनल सिटिजन पार्टी शामिल हैं।

इन दलों का कहना है कि वे सीट बंटवारे के समझौते के काफी करीब पहुंच गए हैं। जल्द ही सभी 11 दलों की एक साथ बैठक भी हो सकती है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव है। नेताओं का कहना है कि नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तारीख 20 जनवरी से पहले सीट बंटवारे को लेकर समझौते की घोषणा हो सकती है। एनसीपी पार्टी के नेता नाहिद इस्लाम ने बुधवार को कहा कि एक-दो दिनों के भीतर इसकी घोषणा कर दी जाएगी। जमात, इस्लामी आंदोलन और एनसीपी के अलावा इस गठबंधन में बांग्लादेश खिलाफत मजलिस, खिलाफत मजलिस, बांग्लादेश खिलाफत आंदोलन, आमार बांग्लादेश पार्टी, बांग्लादेश नेजाम-ए-इस्लाम पार्टी, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी, जातीय गणतांत्रिक पार्टी और बांग्लादेश डेवलपमेंट पार्टी भी शामिल हैं। शुरुआत में गठबंधन में आठ दल थे, लेकिन बाद में एनसीपी, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और आमार बांग्लादेश पार्टी इसमें शामिल हो गईं।

**इनमें पूर्व पीएम खालिया जिया की भी पार्टी**

## इस्लामाबाद में गैस सिलेंडर विस्फोट में आठ की मौत, 11 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक रिहायशी इमारत में गैस सिलेंडर फटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है, जिसमें एक नवविवाहित जोड़ा भी शामिल है। इस घटना में 11 अन्य घायल हुए हैं। इस्लामाबाद के उपायुक्त इरफान नवाज मेमन ने रविवार को बताया कि विस्फोट स्थानीय समय के अनुसार आज तड़के करीब दो बजे एक रिहायशी इमारत में हुआ, जहां शादी की रस्म चल रही थी। विस्फोट के कारण इलाके में दहशत फैल गई। इसके कारण आसपास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारी ने बताया कि अब तक मलबे के नीचे फंसे 19 लोगों को बचाया गया है और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मिसिसिपी में बच्चे और पादरी समेत छह लोगों की हत्या

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, जिसकी पहचान 24 वर्षीय डारिका एम. नूर के रूप में हुई

**मिसिसिपी।** अमेरिका के मिसिसिपी राज्य के क्ले काउंटी में एक सनकी हमलावर ने कहर बरपाते हुए अपने परिवार के कुछ सदस्यों और एक पादरी सहित छह लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। शुक्रवार रात हुई इस जघन्य घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान 24 वर्षीय डारिका एम. मूर के रूप में हुई है। शेरिफ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हमले की शुरुआत डेविड हिल रोड स्थित एक घर से हुई, जहां डारिका मूर ने अपने पिता ग्लैन मूर (67), भाई क्विटन मूर (33) और चाचा विली एड गाइन्स (55) को गोलियों से भून दिया। इसके बाद आरोपी अपने भाई का ट्रक लेकर कुछ दूरी पर स्थित एक अन्य रिश्तेदार के घर पहुंचा, जहां उसने अपनी सात वर्षीय चचेरी बहन की बेरहमी से हत्या कर दी। चश्मदीदों के मुता. बिक, वहां मौजूद एक अन्य छोटा बच्चा उसका शिकार होने से बच गया। हत्या का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका। आरोपी इसके बाद पास के एक चर्च पहुंचा और वहां मौजूद पादरी बैरी ब्रैडली और उनके भाई सैमुअल ब्रैडली की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह पादरी की कार छीनकर फरार हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी की और आधी रात के करीब एक रोडब्लॉक के दौरान आरोपी को हथियार सहित धर दबोचा। क्ले काउंटी के शेरिफ एडी स्कॉट ने इस घटना को एक भयानक पारिवारिक त्रासदी बताया है। हालांकि अभी तक सामूहिक हत्याकांड के पीछे के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। जिला अटॉर्नी कार्यालय ने कहा है कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए वे आरोपी के खिलाफ मृत्युदंड की मांग करेंगे। इस घटना के बाद स्थानीय समुदाय में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों का मानना है कि मूर ने अकेले ही यह काम किया। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया



**चश्मदीदों के मुताबिक वहां मौजूद एक अन्य छोटा बच्चा उसका शिकार होने से बच गया, हत्या का यह सिलसिला यहीं नहीं रुका**

# वेनेजुएला में अमेरिकी एक्शन से कनाडा में बढ़ी चिंता

## एक्सपर्ट बोलेः ट्रम्प की धमकी बेवजह नहीं, वे मिलिट्री हमला कर सकते हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की वेनेजुएला में हालिया कार्रवाइयों के बाद कनाडा में भी डर और चिंता का माहौल है। अमेरिकी सेना हाल ही में वेनेजुएला में घुसकर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर न्यूयार्क ले आई थी। इस बीच ट्रम्प के पुराने बयान और धमकियां फिर चर्चा आ गई जो उन्होंने कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के लिए दी थीं।

कनाडा के अखबार द ग्लोब एंड मेल में छपे एक लेख में कहा गया है कि कनाडाई लोगों को इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए कि ट्रम्प उनके देश के खिलाफ भी मिलिट्री प्रेशर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस लेख के लेखक और कनाडाई प्रोफेसर थामस होमर-डिक्सन ने कहा कि अगर कनाडा के खिलाफ किसी तरह का सैन्य दबाव डाला जाता है, तो यह साफ होना चाहिए कि इसकी कीमत बहुत भारी होगी। कनाडा की तरह ही ट्रम्प ग्रीनलैंड को भी अमेरिका में मिलाना चाहते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ग्रीनलैंड और कनाडा में कई समानताएं हैं।

दोनों लोकतांत्रिक हैं, आर्कटिक इलाके में स्थित हैं और नाटो जैसे सुरक्षा संगठन का हिस्सा हैं, जिस पर ट्रम्प अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। इसी वजह से कनाडा खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। कनाडा सरकार को सुरक्षा मामलों में सलाह दे चुके वेस्ली वार्क ने कहा कि ओटावा के कई अधिकारी अब भी यह मानने को तैयार नहीं हैं कि हालात इतने बदल चुके हैं। वेस्ली के मुताबिक, वेनेजुएला और ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प के कदम कनाडा के लिए आखिरी चेता. वनी हैं। ये दिखाते हैं कि अमेरिका अब वैसा देश नहीं रहा जैसा पहले हुआ करता था। इस बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सत्ता में आने के बाद से ही अमेरिका पर निर्भरता कम करने की कोशिशें शुरू कर दी थी। वे अब चीन के साथ व्यापार बढ़ाने पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। हाल ही में कार्नी ने कहा कि ग्रीनलैंड और डेनमार्क की संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने ट्रम्प की कनाडा से जुड़ी पुरानी धमकियों पर कोई टिप्पणी नहीं की। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका की तरफ से कनाडा पर सीधा सैन्य हमला होना मुश्किल है, लेकिन आर्थिक दबाव डाला जा सकता है। कार्लेटन यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर स्टेफनी कार्विन ने कहा कि अमे. रिका अब पहले से ज्यादा आसानी से कनाडा की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है, अगर ऐसा करना राष्ट्रपति की इच्छा के मुताबिक हो। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के तेल संसाधनों पर ट्रम्प के दबदबे के बाद यह साफ है कि अमेरिका पश्चिमी गोलार्ध में अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए ज्यादा आक्रामक हो सकता है। कार्लेटन यूनिवर्सिटी के ही प्रोफेसर फिलिप लागासे ने एक और आशंका जताई। उनके मुताबिक, अगर कनाडा किसी बड़ी आपदा



**इस बीच ट्रम्प के पुराने बयान और धमकियां फिर चर्चा में आ गई, जो उन्होंने कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के लिए दी थीं**



